सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-293 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025
19 शव्वाल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# वक्फ कानून पर सुप्रीम सुनवाई

## अगले आदेश तक वक्फ में कोई नई नियुक्ति नहीं, केंद्र से सात दिन में मांगा जवाब

**अंतरिम आदेश**

- कानून के खिलाफ पांच याचिकाएं ही दायर हो
- अगली सुनवाई पांच मई को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ से केंद्र की मांग पर सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया।

सरकार ने यह भी आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ या दस्तावेजों की ओर से वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि किसी वक्फ संपत्ति का पंजीकरण 1995 के अधिनियम के तहत हुआ है, तो उन संपत्तियों को 5 मई को अगली सुनवाई तक गैर-अधिसूचित नहीं किया जा सकता। इसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली तारीख 5 मई तय की। सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह है। सरकार को लाखों-लाखों प्रतिनिधि मिले, गांव-गांव वक्फ में शामिल किए गए। इतनी सारी जमीनों पर वक्फ का दावा किया जाता है। इसे कानून का हिस्सा माना जाता है। अंतरिम रोक की राय पर मेहता ने कहा कि कानून पर रोक लगाना एक कठोर कदम होगा। उन्होंने अदालत के सामने कुछ दस्तावेजों के साथ प्रारंभिक जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया कि इस दौरान बोर्ड या काउंसिल की कोई नियुक्ति नहीं होगी।



### सरकार की दलील....

सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह है। सरकार को लाखों-लाखों प्रतिनिधि मिले, गांव-गांव वक्फ में शामिल किए गए। इतनी सारी जमीनों पर वक्फ का दावा किया जाता है। इसे कानून का हिस्सा माना जाता है। अंतरिम रोक की राय पर मेहता ने कहा कि कानून पर रोक लगाना एक कठोर कदम होगा। उन्होंने अदालत के सामने कुछ दस्तावेजों के साथ प्रारंभिक जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया कि इस दौरान बोर्ड या काउंसिल की कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जिस पर इस तरह से विचार किया जा सके।

### याचिका में तीन बड़ी बातें

कानून संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 25 (धार्मिक स्वतंत्रता), 26 (धार्मिक मामलों के प्रबंधन की स्वतंत्रता), 29 (अल्पसंख्यक अधिकार), और 300 (संपत्ति का अधिकार) का उल्लंघन करता है। वक्फ बोर्ड में गैर-मुसलमानों को शामिल करना और डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को वक्फ संपत्ति का फैसला करने का अधिकार देना सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाता है। यह कानून मुस्लिम समुदाय के साथ भेदभाव करता है, क्योंकि अन्य धार्मिक ट्रस्टों पर समान प्रतिबंध नहीं हैं।

# भारत के राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकती अदालतें : धनखड़

**उपराष्ट्रपति धनखड़ ने न्यायपालिका की भूमिका पर उठाए सवाल**



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया आदेश पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि भारत में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे और कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे। उपराष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का जिक्र किया, जिसमें राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर विधेयक पर फैसला लेने की समयसीमा तय की गई है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है। धनखड़ ने हालात पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अपने जीवन में मैंने ऐसे दिन की कल्पना नहीं की थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति देश का सबसे सर्वोच्च पद है। राष्ट्रपति संविधान की सुरक्षा की शपथ लेते हैं। जबकि सांसद, मंत्री, उपराष्ट्रपति और जजों को संविधान का पालन करना होता है। हम ऐसी स्थिति नहीं चाहते, जहां राष्ट्रपति को निर्देश दिए जाएं। आपको सिर्फ संविधान के अनुच्छेद 145 (3) के तहत संविधान की व्याख्या का अधिकार है और वह भी पांच या उससे ज्यादा जजों की संविधान पीठ ही कर सकती है। राज्यसभा के प्रशिक्षुओं के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक हालिया फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है। हम कहां जा रहे हैं? देश में क्या हो रहा है? हमें इसे लेकर बेहद संवेदनशील होने की जरूरत है। हमने इस दिन की कल्पना नहीं की थी, जहां राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने के लिए कहा जाएगा और अगर वे फैसला नहीं लेंगे तो कानून बन जाएगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अब जज विधायी चीजों पर फैसला करेंगे। वे ही कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही भी नहीं होगी क्योंकि इस देश का कानून उन पर लागू ही नहीं होता।

## भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष से पहले चुने जाएंगे राज्य इकाईयों के प्रमुख

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले पार्टी की कई प्रदेश इकाइयों के प्रमुखों का चयन कर सकती है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक हाल ही में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई है।जिससे इस बात के संकेत मिलते हैं कि ज्यादातर राज्यों में संगठनात्मक बदलाव के लिए जारी कवायद जल्द ही पूरी हो जाएगी। नड्डा फरवरी 2020 में तीन साल के कार्यकाल के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए थे। हालांकि, लोकसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों को देखते हुए उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह तथा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने पिछले कुछ दिनों में विचार-विमर्श किया है। भाजपा के संविधान के मुताबिक, राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने से पहले पार्टी को अपनी 37 प्रदेश इकाइयों में से 19 में संगठनात्मक चुनाव पूरे करने होंगे।

## दाऊदी बोहरा समुदाय ने पीएम मोदी से की मुलाकात



**नए वक्फ कानून को बताया ऐतिहासिक कदम**

**नई दिल्ली।** दाऊदी बोहरा समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नए वक्फ कानून को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। साथ ही इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया। समुदाय के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब पूरा किया गया है। दाऊदी बोहरा समुदाय ने आगे प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के विजन पर भी विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि वे इस सोच के साथ खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। बता दें कि दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधिमंडल की पीएम मोदी के साथ मुलाकात के दौरान केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है संवाद : योगी

**संवाद कार्यक्रम**

- पूरे यूपी के लिए जो भी नीतियां बनती हैं, उसका केंद्रबिंदु है लखनऊ
- आज मुर्शिदाबाद जल रहा है 2017 से पहले उप्र में भी ऐसे ही होता था



> अगर हमें कही स्वतंत्रता मिली है अधिकार मिले हैं, तो उस अधिकार के संरक्षण के लिए अवश्यक है कि हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन उसी इमानदारी के साथ करें।

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा लोकतंत्र की सशक्त आवाज है संवाद, लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है संवाद। कठिन से कठिन समस्या का समाधान का सशक्त माध्यम है संवाद। जहां संवाद बाधित होता है वहीं से संघर्ष के रास्ते प्रारंभ होते हैं।

भारत का लोकतंत्र इतना सश्क्त है इसने अपने सभी स्तंभों के लिए लक्ष्मण रेखाएं भी तय की हैं, विधायकों को क्या करना है, कार्यपालिका की सीमाएं क्या हैं और न्याय पालिका की रचनात्मक भूमिका कैसे आगे बढ़ सकती है। वहीं, मीडिया भी किस रूप में अपनी जीवंत उपस्थिति के माध्यम से एक आम नागरिक को अपने साथ जोड़ सकती है। ये चारों स्तंभ अपनी लक्ष्मण रेखाओं का पालन करते हुए जब भी कार्य करेंगे तो ये मानकर चलिए वो लोकतंत्र को और भी पुष्ट करेगी। लोकतंत्र उतना ही आगे फलेगा-फूलेगा और अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की आवाज को उतना ही मजबूती के साथ हर स्तर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। सीएम ने कहा, शासन की सभी प्रणालियों में लोकतंत्र को सबसे अच्छा इसलिए भी माना गया है। क्योंकि हर व्यक्ति को बिना भेदभाव के एक समान अधिकार के साथ, समान मूल्यों के साथ जीने की पूरी स्वतंत्रता होती है। अगर हमें कही स्वतंत्रता मिली है अधिकार मिले हैं, तो उस अधिकार के संरक्षण के लिए अवश्यक है कि हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन उसी इमानदारी के साथ करें। सदैव से चला है कर्तव्य और अधिकारों के बीच में सदैव से एक द्वंद रहा है। कौन भारी है। कौन ज्यादा सश्क्त है। याद रखना कोई भी अधिकार तभी सुरक्षित है, जब तक वो अपने कर्तव्यों का इमानदारी से निर्वहन कर रहा है। अगर वो अपने कर्तव्यों से तनिक भी भटका तो उसके सामने स्वंय एक संकट उसके अस्तित्व का आ खड़ा होता है। लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी एक पौराणिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से ही है। अपने साथ एक विरासत लेकर चला है। एक लंबी परंपरा है। आज के लखनऊ को, जो उत्तर प्रदेश का केंद्र बिंदु है।

पूरे उत्तर प्रदेश के लिए जो भी नीतियां बनती हैं, उसका केंद्रबिंदु है, स्वभाविक रूप से इस संवाद का यह कार्यक्रम लखनऊ के माध्यम से 25 करोड़ जनमानस तक न केवल पहुंचेगा, बल्कि उन 25 करोड़ लोगों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व भी संवाद के माध्यम से इस मंच पर प्रभावी ढंग से इन दो दिनों के अंदर होता दिखाई देगा। आज के स्वभाविक रूप से आपने भी प्रधानमंत्री जी के संकल्प के साथ अपने आप को जोड़ा हुआ है।

# कश्मीर पर पाकिस्तान का कोई अधिकार नहीं

- पाक आर्मी चीफ के बयान पर भारत का करारा जवाब
- बेल्जियम के संपर्क में है भारत



**नई दिल्ली।** आतंकवादियों को पोषित और संरक्षित करने वाली पाकिस्तान की आर्मी ने एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगला है। पाकिस्तान आर्मी के प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भारत और हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की।

वहीं, मुनीर ने कश्मीर राग भी अलापा है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने दावा किया है कि कश्मीर को कोई भी ताकत अलग नहीं कर सकती है। मुनीर की इस टिप्पणी पर भारत ने करारा जवाब दिया है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख द्वारा कश्मीर को गले की नस बताने वाली टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, कोई विदेशी चीज किसी के गले की नस में कैसे फंस सकती है? यह भारत का केंद्र शासित प्रदेश है। इसका पाकिस्तान के साथ एकमात्र संबंध उस देश द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए क्षेत्रों को खाली करना है। पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने कार्यक्रम में आगे कहा कि हमारे पूर्वजों ने सोचा था कि हम हर एंगल में हिंदुओं से अलग है, हमारा रिवाज, हमारा धर्म, हमारी सोच सब इनसे अलग है। हम दो राष्ट हैं, एक नहीं। हमने इस देश के लिए बहुत बलिदान दिए है, हमें पता है कि इस देश को बनाने में कितने संघर्षों का सामना करना पड़ा है। मुनीर ने भारत का नाम न लेते हुए कहा, क्या पाकिस्तान के दुश्मन ये सोचते हैं कि सिर्फ 1500 आतंकवादी देश की किस्मत बदल देंगे, हम जल्द ही आतंकवादियों की कमर तोड़ देंगे।

1.3 मिलियन की मजबूत भारतीय सेना, अपनी सारी ताकत के साथ,अगर वे हमें डरा नहीं सकते, तो क्या आपको लगता है कि ये आतंकवादी पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं को दबा सकते हैं? भगोड़े मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमारे प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। हम उसके प्रत्यर्पण पर बेल्जियम पक्ष के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। बता दें कि, 13,500 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में भारतीय जांच एजेंसियों को मेहुल चोकसी की तलाश है। इस दौरान 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर पूछे गए सवाल पर विदेश मंत्रालय ने कहा, पाकिस्तान लाख कोशिश कर ले, लेकिन वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में उसकी प्रतिष्ठा कम नहीं होगी। राणा का प्रत्यर्पण पाकिस्तान को याद दिलाता है कि उसे मुंबई हमलों के अन्य अपराधियों को भी न्याय के कटघरे में लाना होगा, जिन्हें वह अभी भी बचा रहा है। वहीं अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा पर रणधीर जायसवाल ने कहा, अपनी यात्रा के दौरान वे प्रधानमंत्री से मिलेंगे और भारत और अमेरिका के बीच सभी द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## फडणवीस सरकार का फैसला : कक्षा 1-5 के लिए हिंदी अनिवार्य तीसरी भाषा




**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने फैसला किया है कि राज्य भर के मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ना अनिवार्य होगा। यह दो भाषाओं के अध्ययन की प्रथा से अलग है। वहीं राज्य की राजनीतिक दल महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने सरकार के इस फैसले की निंदा की है। मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी इस फैसले का कड़ा विरोध करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि इसे लागू न किया जाए। कक्षा 1 से 5 के लिए तीन-भाषा फॉर्मूला राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत नए पाठ्यक्रम कार्यान्वयन का एक हिस्सा है। राज्य स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूली शिक्षा के लिए एनईपी 2020 की सिफारिशों के अनुसार तैयार किए गए नए पाठ्यक्रम ढांचे के चरणबद्ध कार्यान्वयन की योजना घोषित की है।

## मैं खुद जाकर मुर्शिदाबाद की हकीकत देखूंगा: सीवी



**कोलकाता।** वक्फ अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा, मैं खुद मैदान में जाकर वहां की हकीकत देखूंगा। मैं मामले को निष्पक्ष तरीके से देखूंगा। स्थिति पर काबू पा लिया गया है। हमें भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए और कदम उठाने चाहिए। मैं निश्चित रूप से मुर्शिदाबाद का दौरा करूंगा।

राज्यपाल ने आगे कहा कि- क्षेत्र के लोगों ने वहां बीएसएफ कैंप बनाने का अनुरोध किया है। इस दौरान राज्यपाल घोषणा की कि, राजभवन राज्य और केंद्र सरकार के साथ मिलकर पीड़ितों के लिए हर संभव प्रयास करेगा। पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार गुरुवार को मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुए दंगों के कारण बेघर हुए लोगों के एक समूह को राजभवन ले गए, जहां उन्होंने राज्यपाल सीवी आनंद बोस को अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने राज्यपाल से उनकी सुरक्षा, नौकरी और वित्तीय मुआवजे के लिए स्थायी केंद्रीय बल सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया। इस दौरान पीड़ितों, जो कथित तौर पर हमला किए जाने और अपने घरों से निकाले जाने के बाद राहत शिविर में रह रहे हैं, ने राज्यपाल को बताया कि कैसे उनके सामान लूट लिए गए।

# मुर्शिदाबाद हिंसा की जांच के लिए एसआईटी का गठन

**कोलकाता।** मुर्शिदाबाद में हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मैं मुर्शिदाबाद जाऊंगी। मुर्शिदाबाद में अशांति की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया है। राज्य सरकार पीड़ितों के लिए घर बनाएगी। प्रशासन मुर्शिदाबाद के लोगों का विश्वास बहाल करने की कोशिश कर रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि राज्यपाल कल मुर्शिदाबाद जाएंगे।



उन्होंने यह भी कहा कि राज्यपाल से अनुरोध करूंगी कि अभी मुर्शिदाबाद के दंगा प्रभावित इलाके का दौरा नहीं करें। दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने मुर्शिदाबाद हिंसा के पीड़ितों के साथ पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस से मुलाकात की। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि मैं दिल्ली गया था और अब मैं यह जानने के लिए मैदान में जा रहा हूं कि वास्तव में क्या हुआ। मैं कुछ पीड़ितों से भी मिलूंगा। यह बहुत भावनात्मक मुद्दा है और मैं परिवारों की भावनाओं से सहमत हूं। बंगाल सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिपोर्ट पेश की और दावा किया कि हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में है।

### विदेशों से बंगाल में प्रवेश करने वाले लोगों का नहीं साझा किया जा रहा ब्यौरा : मुख्यमंत्री

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को दावा किया कि गृह मंत्रालय ने विदेशों से राज्य में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों का विवरण साझा नहीं किया है। उन्होंने सीमा से 50 किलोमीटर तक अपने अधिकार क्षेत्र का विस्तार करने के बाद बीएसएफ से अधिक जवाबदेही की भी मांग की। मुर्शिदाबाद हिंसा पर बोलते हुए बनर्जी ने स्थिति पर चिंता जताते हुए राज्यपाल से दंगा प्रभावित जिले का दौरा न करने का आग्रह किया। सुती, जंगीपुर और समसेरगंज जिलों में पिछले कुछ हफ्तों में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए हैं जो हिंसक हो गए हैं। आंदोलनकारियों ने वाहनों को जला दिया, पुलिस वैन को आग लगा दी और झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप पुलिसकर्मी घायल भी हुए।

**सुरक्षा** — कावेरी इंजन परियोजना में हो रही है देरी

# एयरो इंजन का निर्माण अभी भी एक चुनौती: राजनाथ

- देश की बढ़ती रक्षा क्षमताएं संघर्ष भड़काने के लिए नहीं : रक्षामंत्री

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि भारत की बढ़ती रक्षा क्षमताएं किसी संघर्ष को भड़काने के लिए नहीं हैं। बल्कि यह देश की सुरक्षा के लिए विश्वसनीय प्रतिरोधक क्षमता बनाती हैं। ताकि शांति और समरसता बनी रहे। शांति तभी स्थापित रह सकती है, जब हम बेहद ताकतवर हों।


उन्होंने कहा कि अब विकसित देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने की दिशा में एयरो इंजन का निर्माण अभी भी एक चुनौती बना हुआ है। घातक युद्धक विमानों में लगने वाले जेट इंजनों के निर्माण के लिए कावेरी इंजन परियोजना में देरी हो रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को डिफेंस कानक्लेव-2025 को संबोधित करते हुए कहा कि कावेरी इंजन परियोजना के लिए वैश्विक कंपनियों जैसे-साफरान, जीई व रॉल्स रॉयस से इसके घरेलू निर्माण ईकाई के लिए बातचीत चल रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रक्षा उत्पादन 1.60 लाख करोड़ रुपये के पार हो जाने वाली है जबकि वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों के निर्माण का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भारतीय रक्षा निर्माण क्षमताएं बढ़ाने का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता को बढ़ावा देना है। हमारे रक्षा निर्यात इस साल 30 हजार करोड़ रुपये होने की उम्मीद है जबकि 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात होने का लक्ष्य है। राजनाथ सिंह शुक्रवार को महाराष्ट्र छत्रपति संभाजीनगर में राजपूत योद्धा महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

### विदेशी उपकरणों से निर्भरता से परेशानी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि व्यापारिक रोकटोक और टैरिफ-वार के चलते विदेशी उपकरणों के पुर्जों के लिए विदेश पर निर्भरता की परेशानियां सामने ला दी हैं। रसद के लिए नेटवर्क भी मुश्किलें खड़ी करता है खासकर जब ऐन समय पर सैन्य उपकरणों का पहुंचाने का रवैया नई मुसीबतें लाता है। एक अन्य कार्यक्रम में वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि यह प्रक्रिया तभी तक ठीक थी जब वैश्विक माहौल में स्थिरता थी। लेकिन हाल के वर्षों में वैश्विक परिवेश तेजी से बदला है।

### स्वदेशी जेट इंजन बनाने की योजना पर हो रहा काम

कावेरी परियोजना के जरिये भारत के युद्धक विमानों के लिए स्वदेशी जेट इंजन बनाने की योजना है। लेकिन सरकार अभी तक इसे मूर्तरूप नहीं दे पाई है। उन्होंने भारत की बढ़ती रक्षा क्षमताओं पर कहा कि मिसाइल तकनीक (अग्नि, ब्राह्मोस मिसाइलें), पनडुब्बी (आइएनएस अरिहंत), विमानवाहक युद्धपोत (आइएनएस विक्रांत), ड्रोन, साइबर डिफेंस और हाइपरसोनिक प्रणालियों के क्षेत्र में भारत विकसित देशों से मुकाबला कर रहा है। वह दिन अब दूर नहीं जब भारत नासिर्फ एक विकसित देश के रूप में उभरेगा बल्कि हमारी सैन्य शक्ति भी दुनिया में नंबर एक पर होगी।



# घटना में प्रयुक्त लाइसेन्सी बन्दूक व 02 अदद खोखा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली पुलिस द्वारा दिनाँक 17.04.2025 को मु0अ0सं0-324/25 धारा 109(1)/352/351(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त संजय गुप्ता पुत्र वीरेन्द्र गुप्ता को घटना में प्रयुक्त 01 अदद लाइसेन्सी बन्दूक व 02 खोखा कारतूस बरामद कर ग्राम बुढनापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त बरामदगी के सम्बन्ध में कोतवाली सदर पर धारा-30 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही प्रचलित है दिनाँक 15.04.2025 को थाना कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सफीपुर के मजरा कटईपुरवा स्थित जमीन गाटा संख्या-371 करीब 19 मीटर चौडा चकमार्ग (रास्ता) है, जिसमें मौके पर वर्तमान में करीब 14 मीटर जमीन पर ग्रामवासी झोपडी, कच्चा मकान, पक्की सरकारी कॉलोनी बनाकर अवासित हैं तथा शेष करीब 05 मीटर चौडा कच्चा रास्ता है। उक्त विवादित चकमार्ग के पीछे गाटा संख्या-327 स्थित है। उपरोक्त गाटा संख्या-371 चकमार्ग (रास्ता) पर कब्जेदारी को लेकर लाइसेन्सी बन्दूक से जान से मारने की नीयत से फायर किया गया था, जिसमें तरन्नुम, अहद, मंजू घायल हो गए थे। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर वादी बब्लू उर्फ बग्गल पुत्र मुबारक नि0 कटुईपुरवा मजरा सफीपुर थाना कोतवाली सदर द्वारा दी गई तहरीरी सूचना बावत विपक्षीगण द्वारा गालिया देकर एवं जान से मारने की नीयत से मंजू पत्नी हजारी के ऊपर अपनी बन्दूक से फायर कर देने, जिससे वादी की पत्नी तरन्नुम एवं पुत्री जोया व पुत्र अहद के घायल हो जाने एवं जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध मे दिया गया वादी की तहरीरी सूचना के आधार पर दिनांक 15.04.2025 को थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 324/2025 धारा 109(1)/352/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया। जिससे सम्बन्धित मुख्य अभियुक्त संजय गुप्ता पुत्र वीरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी मो0 शास्त्रीनगर थाना कोतवाली सदर लखीमपुर को आज थाना पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त एक अदद बन्दूक लाइसेन्सी व 02 अदद खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।



## कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना शारदानगर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने देवर के साथ मायके से बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रही थी। रास्ते में सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसे में महिला की मौत हो गई। जबकि देवर को हल्की फुल्की चोटे आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना शारदानगर क्षेत्र के गांव कंचनुपर निवासी जिउल्ला की 35 वर्षीय पत्नी शहनाज दोपहर करीब 3 बजे ओयल चौकी क्षेत्र के सरैया गांव स्थित अपने मायके से देवर आरिफ के साथ बाइक से घर वापस लौट रही थी। बताते हैं कि जैसे ही महिला बड़ागांव के पास पहुंची थी। पहले एक कार ने टक्कर मारी इससे देवर आरिफ सड़क के किनारे दूर गिरा। वहीं शहनाज सड़क पर ही गिर गई। बताते हैं कि आगे से आ रहे एक ट्रक ने शहनाज को कुचल दिया। हादसे में महिला की शहनाज की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बिजली विभाग ने सात दिन सात घंटे बिजली कटौती का रोस्टर किया जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** शहर में रीवैंप योजना के तहत चल रहे कार्यों के कारण एक बार फिर से बिजली विभाग ने सात दिन सात घंटे बिजली कटौती का रोस्टर जारी कर दिया है। भीषण गर्मी के बीच सात घंटे की कटौती से उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। यह कटौती सुबह 10 से शाम पांच बजे तक की जाएगी रोस्टर के अनुसार डेली डोज़, हाथीपुर उत्तरी, दुर्बल आश्रम, डीके टिंबर, चॉदबेबी से गुरू द्रोणाचार्य स्कूल तक, विकास भवन, जिंद बाबा से मथना मजार तक, वसंत बिहार कॉलोनी से गोकुलधाम तक, कोतवाली सदर, महेवागंज से ज्ञानपुर, पंजाबी कालोनी रामनगर, 18 अप्रैल को कृष्णा टॉकीज, हाथीपुर कोठार, सेठ घाट रोड, बहादुर नगर, आरआर स्टील से शुक्ला चक्की तक मूसाराम शोरूम से अंदेशनगर तक, वात्सल्य अस्पताल, राजगढ़, बुद्ध विहार मंदिर, 19 अप्रैल को शिवपुरी, डेलीडोज, मिश्राना, पंचपरीर, जिंदबाबा से मथना मजार तक, कोतवाली सदर, चंद्रानी हॉस्पिटल से रामापुर तक, बसंत विहार कालोनी से गोकुलधाम, महेवागंज से ज्ञानपुर, सुंदरपुरम, 20 अप्रैल को रामनगर, पंजाबी कालोनी, विकास भवन, चॉदवेबी से गुरू द्रोणाचार्य स्कूल तक,मूसाराम शोरूम से अंदेशनगर तक, हाथीपुर उत्तरी, दुर्बल आश्रम, 21 को राजगढ़, बक्सा मार्केट, कृष्णा टाकीज, बहादुरनगर, कोतवाली सदर, चद्ररानी हॉस्पिटल से रामापुर तक, बसंतबिहार कालोनी से गोकुलधाम, महेवागंज से ज्ञानपुर, सेठ घाट रोड, 22 को शिव कालोनी, बुद्धबिहार मंदिर हाथीपुर कोठार, पंचपीर, चॉदबेबी से गुरू द्रोणाचार्य स्कूल तक, मूसाराम शोरूम से अन्देशनगर तक, मिश्राना और 23 अप्रैल को पंजाबी कालोनी, खपरैल बाजार, रानीगंज, बहादुरनगर, कोतवाली सदर, आरआर स्टील से शुक्ला चक्की, महेवागंज से ज्ञानपुर बिजली कटौती की जाएगी।

## आधी और बारिश से किसानो की बढी परेशानी

**लखीमपुर खीरी।** बृहस्पतिवार को सुबह करीब 7:00 बजे आंधी चलने के साथ बारिश भी हुई। जिससे जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया, वहीं किसानों की परेशानी एक बार फिर बढ़ गई। तराई इलाके में अभी सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल खेतों में खड़ी हुई है। एक हफ्ते से मौसम खराब होने के चलते किसान अपनी फसल काटकर घर नहीं ले जा पा रहे हैं। बृहस्पतिवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बिगड़ गया। आंधी-बारिश से खड़ी फसल खेतों में गिर गई। जो खेतों में कटी पड़ी है, वह भीग गई। मझगईं के गांव गंगा पुरवा निवासी पंकज कुमार की करीब एक एकड़ गेहूं की फसल गिरकर भीग कर गई। कोठिया निवासी रविंद्र कुमार की करीब दो एकड़ गेहूं की फसल खेत में कटी पड़ी है। इसी तरह तमाम किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि अगर ऐसा ही मौसम रहा कि गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी निघासन क्षेत्र में आंधी और बारिश से गांव बम्हनपुर के मजरा कन्हईलाल पुरवा निवासी संतोष पुत्र गुरई की झोपड़ी गिर गई। संतोष और उनका परिवार झोपड़ी के नीचे ही दब गया। कड़ी मशक्कत के बाद पड़ोसियों की सहायता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि घर में रखी चारपाई, साइकिल, मिट्टी के डेहरिया में रखा अनाज समेत घर गृहस्थी का सामान छप्पर के नीचे दबकर नष्ट हो गया पीड़ित संतोष ने बताया कि वह लंबे समय से आवास योजना के लिए आवेदन कर रहे थे, लेकिन अब तक कोई मदद नहीं मिली।

## महिला चिकित्सक से 50 लाख रुपये मांगी गई रंगदारी

**लखीमपुर खीरी।** धमकी भरा पत्र भेजकर महिला चिकित्सक से 50 लाख रुपये रंगदारी मांगी गई। चिकित्सक ने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस रंगदारी मांगने वाले की तलाश में जुट गई। मामले में पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने धमकाने की बात स्वीकारी है डॉ. इंद्रा चोपड़ा ने बताया कि उनका चोपड़ा नर्सिंग होम है बीते साल छह दिसंबर और सात दिसंबर को उनके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आई थी। कॉलर ने उनसे कहा कि मैंने तुम्हें एक पत्र भेजा था, जो तुमको मिल गया, लेकिन तुमने मेरा काम नहीं किया है। अगर तुमने 50 लाख रुपये नहीं दिए तो तुम्हारे साथ कोई बड़ी घटना होगी, जिसकी जिम्मेदार आप स्वयं होंगी महिला चिकित्सक ने इसकी शिकायत सदर कोतवाली पुलिस से की। सदर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा तो दिलाया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। तब से अलग-अलग नंबरों से चिकित्सक को धमकियां मिल रही थीं। चार महीने बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी प्रवीण गौतम ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**लखीमपुर खीरी।** थाना धौरहरा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक देर शाम लखीमपुर से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आने वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल हालात में युवक को जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा। अस्पताल में युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक पेशे से प्राइवेट बस ड्राइवर था। थाना धौरहरा क्षेत्र के गांव पचघरा निवासी कढिले का 31 वर्षीय बेटा सद्दाम लखीमपुर में एक प्राइवेट बस का ड्राइवर था। रोज की तरह वह बुधवार की शाम करीब 7 बजे अपने घर जाने के लिए बाइक से निकला था। बताते हैं कि जैसे ही वह खनियापुर के पास पहुंचा। अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में सद्दाम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सद्दाम को घायल हालात में जिला अस्पताल भेजा। यहां पर सद्दाम की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## मूकबधिर युवती से पड़ोसी युवक ने किया दुष्कर्म

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती के साथ पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़ित युवती मूकबधिर है। उसने इशारों से इस घटना के बारे में अपने परिजनों को बताया। परिजनों ने शाम कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बृहस्पतिवार को उसे जेल भेज दिया गया।

## संविधान की रक्षा करके ही भारत को बनाया जा सकता है महानः गुम्बर

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित जयंती समारोह में वक्ताओं ने बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलकर नये भारत का निर्माण करने का आह्वान किया। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता संघ भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अधिशासी अभियंता अतुल कुमार मौर्य ने डॉ.अम्बेडकर व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतुल कुमार मौर्य ने कहा कि डा.अम्बेडकर सविधान निर्माता और हमारे पूजनीय है हमे उनका अनुकरण करना चाहिए। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि हम सभी को मिलकर बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलकर नये भारत का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा करके ही भारत को महान बनाया जा सकता है। पश्चिम क्षेत्र उत्तर प्रदेश प्रभारी धर्मेन्द्र धवलहार व मण्डल तरुण भोला ने कहा कि सभी सहयोग करके पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रयास करें। शिक्षक नेता राजकुमार चौधरी ने कहा कि कर्मचारी एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण मांग पुरानी पेंशन बहाली के साथ-साथ केंद्र के समान वेतन और भत्ते, सेवानिवृत्ति आयु एवं संविदा और कॉन्ट्रैक्ट बेस की भर्ती को बंद करते हुए पूर्व की भांति नियमित कर्मचारियों की भर्ती की जाए। जिला मंत्री आनंद त्यागी व कर्मचारी नेता सौरभ गौतम ने सभी से डॉ.अम्बेडकर के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान एसोसिएशन की निर्वाचित कार्यकारिणी में रूपेश कुमार को अध्यक्ष, मनोज सैनी को मंत्री, राजेन्द्र कुमार को ऑडिटर, भूपेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, प्रदीप सैनी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लक्ष्य गौड को उपाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान भारी संख्या में राज्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## चोरी की बाईक के साथ पुलिस ने किया एक आरोपी को गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना गागलहेड़ी पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की बाईक बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना गागलहेड़ी पुलिस ने थाना प्रभारी सुरेश कुमार, उपनिरीक्षक उपेन्द्र व प्रमोद कुमार के नेतृत्व में गांव माजरी से कैलाशपुर जाने वाले कच्चे रास्ते पर चैकिंग के दौरान एक आरोपी शाकिब पुत्र रफीक निवासी नयी बस्ती कैलाशपुर थाना गागलहेड़ी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## आगरा में कमरे में मिली पति-पत्नी की लाश, दोनों के शव के पास मिला लड्डू

**आगरा।** आज के दौर में रिश्तों में न जाने क्या हो रहा है यह हैरान करने वाली बात है। कही रिश्तों का कत्ल हो रहा है तो कही आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं जो कि समाज के लिए चिंता का विषय है। इसी क्रम में आगरा के थाना शाहगंज में दर्दनाक घटना सामने आई है जिससे हर कोई हैरान है। जानकारी अनुसार शाहगंज थाना क्षेत्र के आजमपाड़ा इलाके में एक पति-पत्नी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। दोनों के शव कमरे में पड़े मिले हैं और पास में एक लड्डू व एक माह की बच्ची थी। लोगों ने देखा तो कलेजा निकल आया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई तो वही आशंका जताई जा रही है दोनों ने खुदकुशी की है। हालांकि घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ। मृतक युवक का नाम वीरू और उसकी पत्नी का नाम डोली बताया गया है। गुरुवार दोपहर तीन बजे दोनों कमरे के अंदर मृत हालत में मिले। वीरू चांदी कारीगर था और घर में ही पायल बनाने का काम करता था। परिजन मौके पर पहुंच गए।

### सरसावा से अयोध्या, सूरत के लिए विमान सेवाएं शुरु करने की मांग

# सरसावा एयरपोर्ट का नाम सरदार पटेल के नाम पर रखने का भी सुझाव

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर डॉ.अजय कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात कर सरसावा एयरपोर्ट का नाम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर रखने तथा सरसावा एयरपोर्ट से मुंबई, दिल्ली, सूरत, लखनऊ, अयोध्या व प्रयागराज के लिए विमान सेवाएं शुरु करने की अपनी मांग दोहरायी है। महापौर ने दिल्ली रोड स्थित सरोवर का नाम ''राष्ट्रीय एकता सरोवर'' रखने का भी अनुरोध किया है। महापौर अजय कुमार ने इसके लिए मुख्यमंत्री को अलग-अलग पत्र भी सौंपे हैं।



महापौर डॉ. अजय कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गत दिवस लखनऊ में भेंट की। उन्होंने भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती पर नगर निगम की ओर से एक कार्य योजना देते हुए कहा कि दिल्ली रोड स्थित बड़े सरोवर पर लौह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित करते हुए उसके सौंदर्यीकरण करने की योजना बनायी गयी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से उक्त सरोवर का नाम ''राष्ट्रीय एकता सरोवर'' रखने की स्वीकृति देने तथा सरोवर के चारो ओर देश के महापुरुषों के जीवन दर्शन को दर्शाते हुए शिलालेख स्थापित कर ''राष्ट्रीय एकता वीथिका'' का निर्माण करने की मांग की है ताकि उक्त स्थल आम जनमानस के लिए प्रेरणा एवं गौरव का केंद्र बन सके।

महापौर डॉ.अजय कुमार ने सरसावा एयरपोर्ट से सम्बंधित दो अलग-अलग पत्र देते हुए सरसावा एयरपोर्ट का नाम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर रखने तथा सरसावा एयरपोर्ट से मुंबई, दिल्ली, सूरत, लखनऊ, अयोध्या व प्रयागराज के लिए विमान सेवाएं शुरु कराने का अनुरोध किया है। महापौर ने मुख्यमंत्री को बताया कि सहारनपुर विश्वविख्यात वुड कार्विंग उद्योग के अलावा हौजरी एवं टैक्सटाइल का बड़ा व्यवसायिक केंद्र है तथा सहारनपुर की सीमाएं उत्तराखण्ड, हरियाणा एवं हिमाचल से लगती है। अतः सरसावा एयरपोर्ट से मुंबई, दिल्ली, सूरत, लखनऊ, अयोध्या व प्रयागराज के लिए विमान सेवाएं शुरु होने से पड़ौसी प्रदेश के लोगों को भी लाभ मिल सकेगा।

## वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता की विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मुन्नालाल एंड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों के साथ ही अर्न्तमहाविद्यालय प्रतियोगिता में पदक हासिल करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुन्नालाल एंड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज में तीसरे दिन लंबी कूद में 3.71 मीटर के साथ बी.कॉम. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कु. आरजू ने प्रथम, बी.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु. रितिका ने 3.45 मीटर की दूरी कूदकर दूसरा स्थान तथा 3.35 मीटर के साथ एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कुमारी निपुर पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद की स्पर्धा में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु. मिस्बाह ने 1.11 मीटर के साथ प्रथम स्थान, बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु. कशफ ने दूसरा स्थान तथा बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कुमारी खुशनुमा ने तीसरा स्थान कब्ज़ा किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि जूडो के अंतरराष्ट्रीय रेफरी दीपक गुप्ता ने प्रथम, द्वितीय व



तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। साथ ही साथ मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं की पदक विजेता छात्राओं तथा अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली छात्रा कु. निपुर पाल, कु. शैली धीमान तथा कु. रितिका को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जबकि कु.नूपुर पाल को सत्र 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। समापन समारोह में संगीत विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री तान्या ने अपनी मधुर आवाज में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कु.चीनू तथा कु.साक्षी ने तेरा जलवा गाने पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। क्रीड़ा परिषद की सचिव डॉ.रीता बोरा ने छात्राओं की क्रीड़ा सम्बन्धी तथा शारीरिक शिक्षा विभाग सम्बन्धी उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या प्रोफेसर जया, असिस्टेंट प्रोफेसर दीक्षा सिंह, श्रीमती निधि सैनी और सुश्री शिखा रानी, एसोसिएट प्रोफेसर अनुपम गुप्ता, सुश्री आकांक्षा, सुश्री दीपाली सिंह, डॉ.सीमा, डॉ.गुंजन त्रिपाठी, डॉ.नीतू, सुश्री तान्या सिंह तथा अन्य शिक्षिकाएँ और छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

## आशु मलिक को याचिका समिति का सदस्य बनाने पर जतायी खुशी

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सहारनपुर देहात के विधायक आशु मलिक को उत्तर प्रदेश विधान सभा की याचिका समिति का सदस्य बनाए जाने पर मिठाई बांटकर अपनी खुशी जतायी। स्थानीय अंबाला रोड स्थित कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष चौ.अब्दुल वाहिद के नेतृत्व मे सपाईयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर आशु मलिक को याचिका सीमित सदस्य बनाये जाने पर बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि विधायक आशु मलिक की कार्यशैली को देखते हुए उन्हें याचिका समिति सदस्य बनाया गया है, जो हम सबके लिए गौरव की बात है। सपा महानगर विधानसभा प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि विधायक आशु मलिक को याचिका समिति सदस्य बनाए जाने पर विधानसभा में याचिका डालने वालों को न्याय मिलेगा।

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने की महिला जनसुनवाई, किसी को लगी फटकार तो किसी पे जताई नाराजगी



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उ.प्र. बबीता सिंह चौहान ने गुरूवार को नवीन सर्किट हाउस में महिला जन सुनवाई की तथा महिला उत्पीड़न तथा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंचाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सर्व प्रथम जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा विगत समीक्षा बैठक तथा जनसुनवाई में आए प्रकरणों पर की गई कार्यवाही व अनुपालन आख्या को तलब किया, यथा आईसीडीएस,श्रम विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग,समाज कल्याण,पंचायतराज आदि विभागों से विभागीय प्रगति रिपोर्ट न प्राप्त होने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए फटकार लगाई तथा शीघ्र मांगी गई विभागीय प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करने के कड़े निर्देश दिए। जिला स्तरीय अधिकारियों के स्थान पर अधीनस्थ अधिकारियों की बैठक में उपस्थिति पर अध्यक्ष द्वारा कड़ी आपत्ति व्यक्त की तथा अनुपस्थिति सभी अधिकारियों को नोटिस देने तथा आगामी समीक्षा बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद में 2982 आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित हैं तथा 08 से 22 अप्रैल तक ब्लॉक व पंचायत स्तर व आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा हैं । अध्यक्ष द्वारा पोषण पखवाड़ा संबंधी संचालित कार्यक्रम तथा गतिविधियों संबंधी रिपोर्ट व फोटो तलब करने पर वह कोई जानकारी नहीं दे सके,विगत बैठक में चाही गई जानकारी की रिपोर्ट भी प्रेषित न किए जाने पर कड़ी फटकार लगाई तथा ससमय रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायतराज विभाग की समीक्षा की गई जिसमें बताया गया कि जनपद में 276 ग्राम प्रधान महिलाएं हैं। अध्यक्ष द्वारा संबंधित को सख्त निर्देश दिए कि बैठकों में किसी भी महिला प्रधान की जगह उनके पति या अन्य निकट संबंधी को बैठने की अनुमति ना देने को निर्देशित किया गया था लेकिन अभी भी विभिन्न बैठकों में करीबी संबंधियों की उपस्थित की शिकायतें मिली हैं उन्होंने इस पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए।

## आगरा किले में रंग-ए-आगरा

*अवधनामा संवाददाता*



**आगरा।** उत्तर प्रदेश पर्यटन 18 अप्रैल 2025 यानी आज शाम 7:30 बजे आगरा किले में पुनर्कल्पित और शानदार साउंड एंड लाइट शो रंग-ए-आगरा- युगों का सफर कलर्स ऑफ आगरा आगरा थ्रू द एजेस का उद्घाटन करने जा रहा है। इस शो का आधिकारिक उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह द्वारा किया जाएगा। अत्याधुनिक प्रोजेक्शन मैपिंग तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत, इस प्रोडक्शन को विश्व बैंक की वित्तीय सहायता के तहत प्रो-पुअर टूरिज्म डेवलपमेंट स्कीम के अंतर्गत लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। यह शो आगरा के नाइट टूरिज्म परिदृश्य को समृद्ध करने वाली विश्व स्तरीय आकर्षण के रूप में डिज़ाइन किया गया है। मात्र 45 मिनट में आगरा के 5,000 साल के इतिहास को दर्शाते हुए, यह शो दर्शकों को समय के माध्यम से एक यात्रा पर ले जाता है अग्रवन के पौराणिक जंगलों से लेकर यमुना के तट तक, बादलगढ़ किले के आगरा किले में परिवर्तन को दर्शाता है। प्रत्येक दृश्य एक नए युग में एक सिनेमाई छलांग है, जो दिल्ली सल्तनत, मुगल साम्राज्य के चरम, औपनिवेशिक ब्रिटिश काल और स्वतंत्र भारत की भावना को समेटता है। इस शानदार कथानक को एक प्रतिष्ठित रचनात्मक टीम द्वारा जीवंत किया गया है। हिंदी नैरेशन महाभारत में समय की आवाज के रूप में प्रसिद्ध हरिश भीमानी द्वारा दिया गया है, जबकि अंग्रेजी संस्करण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध अभिनेता कबीर बेदी की आवाज में है। प्रोजेक्शन डिज़ाइन विश्व के अग्रणी प्रोजेक्शन कलाकारों में से एक रॉस एश्टन द्वारा तैयार किया गया है, जो वैश्विक धरोहर स्थलों पर अपने विशाल कार्यों के लिए जाने जाते हैं। संगीत देबोज्योति मिश्रा द्वारा रचित है, जो रेनकोट और हजार चौरासी की माँ में अपने भावपूर्ण संगीत के लिए प्रसिद्ध हैं।

## दलित युवक की बारात में हंगामा, दबंगों ने बारातियों समेत दूल्हे को पीटा

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** एत्मादपुर थाना क्षेत्र स्थित रामी गढ़ी में बुधवार रात बारात में तेज डीजे बजाने को लेकर बाराती और ग्रामीणों में मारपीट हो गई। इस मारपीट में चार लोग घायल हुए हैं। दुल्हन की मां का आरोप है कि दूसरे समाज के लोगों ने बारात पर हमला किया। दूल्हे को घोड़ी से उतारकर पीटा पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

एत्मादपुर थाना की रामी गढ़ी निवासी मां अनीता ने बताया कि छलेसर के कृष्णा मैरिज होम में मेरी बेटी की बुधवार रात शादी थी। बारात मथुरा के वृंदावन से आई थी। रात करीब साढ़े 9 बजे बारात चढ़ रही थी। तभी तेज आवाज में डीजे बजाने पर ग्रामीणों ने विरोध किया। कहा कि डीजे की आवाज कम कर लें बारातियों ने इसे अनसुना कर दिया। इसी को लेकर दोनों ही पक्षों में विवाद हो गया। अनीता का आरोप है कि दूल्हा घोड़ी पर बैठा था, तभी गांव के क्षत्रिय समाज के करीब 15-20



लोग डंडे, तलवार और फरसा लेकर आए उन्होंने मारपीट की। बारात नहीं चढ़ने दी और कहा कि दूल्हा घोड़ी पर नहीं बैठेगा। आरोपियों ने दूल्हे का कॉलर पकड़ा और उसे घोड़ी से नीचे गिरा दिया उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने दूल्हे के गले से सोने की चेन भी छीन ली। बारातियों ने दूल्हे को बचाने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

हमले में कई बारातियों को चोट लगी है। लाठी-डंडे चलने से अफरातफरी मच गई। आरोप है कि बाराती बिना खाना खाए ही लौट गए। दूल्हा भी पैदल ही मैरिज लॉन पहुंचा। जब 112 पर सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची थी। घायलों का मेडिकल कराया गया है और मुकदमा दर्ज हुआ। वही एसीपी एत्मादपुर पीयूष कांत राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला डीजे की तेज आवाज को लेकर विवाद हुआ था। जो मारपीट में घायल हुए हैं, उनका मेडिकल कराया है। एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। अभी तक दूसरे पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है।

# विकास के नक्शे पर और निखरेगा गोरखपुर

- गोरखपुर को 1500 करोड़ रुपये की सौगात देंगे सीएम योगी
- 19 अप्रैल को 147 विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास
- फोरलेन सहित रोड कनेक्टिविटी की भी कई परियोजनाओं का भी होगा लोकार्पण व शिलान्यास
- शहर में सीवरेज की महत्वपूर्ण परियोजना भी होगी लोकार्पित
- बांसगांव को 50 बेड के नए हॉस्पिटल का भी मिलेगा उपहार
- अपग्रेड होगा मेडिकल कॉलेज का ट्रॉमा सेंटर, जिला अस्पताल का भी होगा विस्तार



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को विकास के नक्शे पर सतत निखारने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में वह शनिवार को गोरखपुर को करीब 1500 करोड़ रुपये की लागत वाली 147 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वह 438 करोड़ 38 लाख 7 हजार रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और 1060 करोड़ 98 लाख 83 हजार रुपये की 95 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। यह समारोह मानबेला में होगा।

लोकार्पण और शिलान्यास की अनेक ऐसी परियोजनाएं हैं जिनसे जिले की रोड कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई मिलेगी। इनमें एक महत्वपूर्ण फोरलेन का प्रोजेक्ट भी शामिल है। उपहारों की बौछार वाली श्रृंखला में अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत सीवरेज की 233 करोड़ 89 लाख रुपये से अधिक की सीवरेज परियोजना का लोकार्पण होना है। ढांचागत बुनियादी सुविधाओं की अनेक परियोजनाओं की श्रृंखला में जिले के बांसगांव क्षेत्र को मुख्यमंत्री के हाथों 50 बेड के संयुक्त चिकित्सालय का भी उपहार मिलेगा। मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर को अपग्रेड करने के कार्य और जिला अस्पताल के विस्तार कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास की कई परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे।

**19 अप्रैल को लोकार्पण की प्रमुख परियोजनाएं-** लोक निर्माण विभाग खंड-2 व खंड-3, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सीएण्डडीएस यूनिट-14, यूपी जलनिगम नगरीय, यूपीआरएनएसएस प्रखंड प्रथम, यूपीपीसीएल और यूपी सिडको की कुल 52 परियोजनाएं, लागत 438 करोड़ 38 लाख 7 हजार रुपये। **19 अप्रैल को शिलान्यास की प्रमुख परियोजनाएं-** लोक निर्माण विभाग खंड-2 व खंड-3, प्रांतीय खंड, भवन खंड, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सीएण्डडीएस यूनिट-14 व यूनिट-42, यूपीआरएनएसएस प्रखंड प्रथम, यूपीपीसीएल, यूपी सिडको और उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की कुल 95 परियोजनाएं, लागत 1060 करोड़ 98 लाख 83 हजार रुपये।

**ये सौगात होगी खास (लागत 10 करोड़ रुपये से ऊपर)-** रामगढ़ताल परियोजना आंतरिक मार्ग (नौकायन से देवरिया बाइपास शिवमंदिर तथा वाणिज्य कर भवन तक) फोरलेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य का लोकार्पण, लागत 67 करोड़ 34 लाख 88 हजार। कौड़ीराम-गजपुर मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का लोकार्पण, लागत 30 करोड़ 52 लाख 65 हजार रुपये। बांसगांव में 50 बेड के संयुक्त चिकित्सालय के भवन का लोकार्पण, लागत 13 करोड़ 89 लाख 58 हजार रुपये। अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत गोरखपुर सीवरेज योजना जोन सी-2 (पार्ट प्रथम) का लोकार्पण, लागत 223 करोड़ 85 लाख 75 हजार रुपये। सहजनवा स्थित भोलाराम मस्करा इंटर कॉलेज के परिसर में मिनी स्टेडियम का लोकार्पण, लागत 10 करोड़ 43 लाख 75 हजार रुपये। कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास, लागत 304 करोड़ 39 लाख 8 हजार रुपये। भीटी-बांसगांव-गोला मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास, लागत 81 करोड़ 1 लाख 11 हजार रुपये। शंकरपुर-कम्हरियाघाट मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास, लागत 17 करोड़ 23 लाख 6 हजार रुपये।

## राशन की दुकान को लेकर ग्रामीणों प्रदर्शन, विवाह भवन में वितरण की मांग



अवधनामा संवाददाता

**खड्डा, कुशीनगर।** खड्डा विकास खण्ड की सबसे बड़ी ग्राम सभा कटाई भरपुरा में सरकारी राशन की दुकान दूर होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान के लिए लगातार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने पर गुरुवार को सैकड़ों कार्डधारियों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के 22 टोले चार से छह किलोमीटर के दायरे में फैले हैं, जबकि तीनों सरकारी राशन दुकानें आदर्श चौक टोला में स्थित हैं। इससे खैरा टोला, उचका टोला, हनुमानगंज, गुरजहवा टोला एक व दो, सरया और मछरिहवा टोला के लोगों को राशन लेने के लिए ऑटो या साइकिल से लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। ग्राम प्रधान नदेश्वर चौरसिया व अन्य ग्रामीणों ने तहसील दिवस के दौरान एसडीएम खड्डा मोहम्मद जफर को पत्र सौंपकर मांग की कि जब तक गांव में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक गुरजहवा टोला एक स्थित विवाह भवन में राशन वितरण की व्यवस्था कराई जाए। इस संबंध में एसडीएम मोहम्मद जफर ने बताया कि सप्लाई इंस्पेक्टर को सात दिन के अंदर समस्या के निस्तारण का निर्देश दिया गया है। साथ ही, स्पष्टीकरण के लिए दोबारा सप्लाई इंस्पेक्टर से रिपोर्ट तलब की जाएगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द उचित निर्णय लेकर उनकी परेशानी को खत्म करेगा।

## दूध बेचने जा रहे युवक पर प्राणघात हमला

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के सुरगहना निवासी एक युवक दूध बेचने के लिए सहजनवा आ रहा था। रास्ते में धात लगाकर बैठे मनबढ़ो ने लाठी,डंडा हॉकी,रॉड,चाकू से हमला कर फरार हो गए। युवक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने चार नामजद और अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर दिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के सुरगहना निवासी निखिलेश यादव पुत्र स्व रामस्वार्थ यादव जो दूध बेचने का कार्य करता है। वृहस्पतिवार को वह दूध बेचने के लिए घर से निकला सुबह 8.30 बजे के करीब नहर चौराहे पर पहुंचा था की पहले से घात लगाए बैठे मनबढ़ो ने युवक पर चाकू, लाठी डंडा हॉकी रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। और कनपटी पर पिस्टल सटा दिया। घायल युवक बेहोश था। मरा समझा कर छोड़ दिया। बचाव करने आए गोपी यादव को आरोपियों ने जान मारने की नीयत से पिस्टल तान लिया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी सहजनवा लाया जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता मे 50 लाख से अधिक के कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया। बैठक में जनपद में चल रही निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन विकास निगम लि0 को जनपद में पांचाल घाट पर चल रहे घाट निर्माण के कार्य को पराग डेरी रोड तक आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा यू0पी0पी0सी0एल0 को केंद्रीय कारागार में चल रहे निर्माण कार्यो की धीमी गति पर फटकार लगाई, जल निगम की चार पुरानी योजनाओं के कटे विद्युत कनेक्शन जोड़ने का विद्युत विभाग को निर्देश दिया, उ0प्र0 पुलिस आवास निगम को पुलिस आवास हस्तांतरण में देरी करने पर फटकार लगाते हुये उनके खिलाफ शासन को लिखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा पूर्ण हो चुके कार्यो को नियमानुसार हैंडओवर की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो में मानक व गुडवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यो को ससमय पूर्ण किया जाये,सभी अभियंता अपने प्रोजेक्ट का नियमित निरीक्षण करे, व कोई भी समस्या होने पर अवगत कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 18 ई-रिक्शा सीज, लगाया रू 85 लाख जुर्माना परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान जोरों पर

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 17.04.2025 को जिलाधिकारी फर्रुखाबाद श्री आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने चेकिंग अभियान चलाते हुये नगर में बस अड्डा, आईटीआई चौराहा, मसेनी चौराहा, सेन्ट्रल जेल चौराहा व अन्य स्थानों पर ई-रिक्शा को चेक किया गया तथा 18 ई-रिक्शा को कमियां पाये जाने पर सीज किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा 18 ई-रिक्शा को कमियां पाये जाने पर सीज करते हुये रू0.85 लाख जुर्माना तथा रू0 25 हजार टैक्स लगाया गया। उल्लेखनीय है कि मा0मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार पूरे उत्तर प्रदेश में अपंजीकृत एवं अवैध ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान दिनांक 01-04-2025 से 30-04-2025 तक संचालित किया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत सघन चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है।



## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा अंतर्जनपदीय कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनाँक 17.04.2025 को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा स्व0 ब्रहमदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ में कानपुर पुलिस जोन की अन्तर्जनपदीय कुश्ती कलस्टर प्रतियोगिता वर्ष - 2025 का उद्घाटन किया गया।

## जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन विद्युत केंद्र उखरा एवं निसाई का स्थलीय निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा 926.77 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन 440/220/132 विद्युत केंद्र उखरा मोहम्दाबाद व विद्युत केंद्र निसाई का स्थलीय निरीक्षण किया गया व निर्माण में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं समस्याओं को दूर कर निर्धारित समय तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, अधी0अभि0 विद्युत व अधि0अभि0विद्युत पारेषण साथ रही।


### सूचना

वाद सं.122 सन 2020 कुमारी शिवांसी पुत्री स्व. श्री पवन किशोर निवासी इन्द्रप्रस्थ कालोनी, रोहतेश्वर मंदिर के पीछे ब्लॉक बलियाखेडी के पास, दिल्ली रोड, परगना तहसील व जिला सहारनपुर। द्वारा अपनी माता हकीकी व न्यायालय द्वारा नियुक्त संरक्षक श्रीमती पूनम पत्नी अश्वनी कुमार निवासी इन्द्रप्रस्थ कालोनी, रोहतेश्वर मंदिर के पीछे ब्लॉक बलियाखेडी के पास, दिल्ली रोड, परगना तहसील व जिला सहारनपुर (वादनी) बनाम कमल किशोर आदि बनाम 5-श्रीमती रेखा रानी पत्नी श्री कंवरपाल सिहं निवासी ग्राम गोपालपुर डाकखाना मुन्डलाना जिला हरिद्वार। उत्तराखण्ड (प्रतिवादनी) मुद्दालेह हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 9/5/2025 को 10 बजे दिन के स्वयं या मार्फत वकील जो मुकदमा के हालात से वाक़िफ़ किया गया हो और मुकदमे के सवालात का जवाब दे सके या कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे प्रश्नों का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे वक्त मुक़र्र पर आप हाज़िर ना होंगे तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और हुक्म मुनासिब निस्ब दर्खास्त से सादिर होगा! दि.9/4/25 को मेरे द्वारा अदालत की मुद्रा सहित जारी। **आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज (सीडी 4th) सहारनपुर**


# अलीगढ़ पुलिस का आपरेशन जागृति फेस-4



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** एसएसपी द्वारा ऑपरेशन जागृति फेस-4 के शुभारम्भ के अवसर पर UNICEF के प्रतिनिधिओं एवं पुलिसकर्मियों के साथ गोष्ठी की गई।

एसएसपी द्वारा ऑपरेशन जागृति फेज-4 अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाईन में रथ रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। गुरुवार को अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं के जागरूकता व स्वावलंबन एवं उनके प्रति होने वाले अपराधो में कमी लाने हेतु दिनांक 17.04.25 से 16.05.25 तक चलाए जा रहे ऑपरेशन जागृति फेज -4 अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ संजीव सुमन द्वारा ऑपरेशन जागृति के सम्बन्ध में पुलिस लाइन स्थित मीटिंग हॉल में यूनिसेफ के पदाधिकारियों, पुलिस कर्मचारियों के साथ गोष्ठी की गई।

**ऑपरेशन जागृति-4 के 06 मुख्य उद्देश्य इस प्रकार है-**

महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव उपरोक्त अभियान के सफल संचालन एवं बेहतर परिणामों के फलस्वरूप जोन स्तर पर उक्त अभियान के चतुर्थ फेस का पुनः प्रारम्भ किया गया है। यह अभियान जोन स्तर पर 17.04.25 से 16.05.25 तक चलाया जायेगा।

## बाइक से बारात जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौदा मौत एक घायल

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के गाहासाड़ निवासी एक युवक अपने गांव के दोस्त के साथ बुधवार की रात्रि में बाइक से संतकबीरनगर जिले के गांव में शादी में शामिल होने जा रहा था। हैसर बाजार से आगे अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे ठोकर मार दिया था। जिससे पीछे बैठे युवक की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के गहासाड निवासी राहुल सिंह पुत्र स्व दिनेश सिंह 32 वर्ष और मोनू वर्मा पुत्र रामललित वर्मा 30 वर्ष एक ही बाइक पर सवार होकर संतकबीरनगर के एक गांव में शादी में शामिल होने के लिए निकले थे। बारात गांव के एक शर्मा परिवार की गई थी। दोनो रात्रि में करीब 9 बजे के करीब हैदर बाजार रोड के जो धनघटा थाना जिला संतकबीरनगर पड़ता है पहुंचे थे की पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दिया। बाइक के पीछे बैठे राहुल सिंह की मौके पर मौत हो गई। जबकि मोनू वर्मा गंभीररूप से घायल हो गया।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में गोरखपुर ने नगरा को हराया



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के बुदहट टोला नगरा के खेल मैदान में बुधवार रात 10 बजे नगरा प्रीमियम लीग सीजन-2 का फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमे गोरखपुर की टीम ने नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नगरा को 26 रनो से हराकर जीत लिया। फाइनल मुक़ाबले में टांस जीतकर केजीएन स्टार शेखपुरवा गोरखपुर ने निर्धारित 6 ओवरो में 37 रन बनाया, लक्ष्य का पीछा करते हुए नगरा की टीम मात्र 11 रनो पर सिमट गई, वही मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गोरखपुर के कप्तान नियाज खान को मैन आफ द मैच का पुरस्कार और विजेता ट्राफी फाइनल के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान बुदहट संजय शुक्ला ने दिया।


### सूचना

न्यायालय मा.सिविल जज(सीडि) सहारनपुर। वाद संख्या 297 सन 2024 अभिनव सैनी पुत्र श्री विपिन कुमार सैनी निवासी ग्राम सैदपुरा मजरा सरसावा प. सरसावा तह. नकुड जिला सहारनपुर(वादी)...बनाम.... श्रीमती ओमकली आदि (प्रति.)बनाम1-श्रीमती ओमकली पत्नी किरणपाल 2-अरविन्द कुमार 3-सुधीर कुमार पुत्रगण स्व.किरणपाल नि.गण ग्राम झबीरन डा0खास प. सरसावा तहसील नकुड जिला सहारनपुर 4- अनुज कुमार पुत्र कंवरसिहं निवासी श्री बालाजी नगर कस्बा व डा0 सरसावा जिला सहारनपुर 5-श्रीमती कुसुम कौशिक पत्नी देवेन्द्र कौशिक नि.शास्त्री विहार कस्बा सरसावा डा.सरसावा जिला सहारनपुर 6.ललित कुमार पुत्र मांगेराम उर्फ सुखबीर सिहं निवासी ग्राम झबीरन डा0 झबीरन प. सरसावा तह. नकुड जि.सहारनपुर 7-उषा पत्नी जयवीर सिहं निवासी ग्राम बुढेढा डा.सरसावा,तह.नकुड,सहारनपुर (प्रति0) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्न होता है कि आप दि. 25/4/2025 को10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करें यदि आप तारीख़ मज़कूर पर हाज़िर ना होंगे तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फैसला होगा।

**आज्ञा से मुंसरिम**
**सिविल जज सीडी सहारनपुर**
**19.3.25 मा.सिविल जज (सीडि) चतुर्थ सहारनपुर**


# गांधी प्रतिमा स्थल पर सपा ने किया प्रदर्शन




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गाधी प्रतिमा स्थल हजरतगंज मे समाजवादी पार्टी की तरफ से श्री विनयशकंर तिवारी पूर्व विधायक चिल्लूपार के खिलाफ साजिश करके लगातार उत्तरप्रदेश सरकार और भारत सरकार ईडी को आगे करके उनको जेल भेजा गया। हरीश मिश्रा के ऊपर जानलेवा हमला जिन लोगो ने किया उनको छोड दिया गया हरीश मिश्रा जी को जबरन जेल भेज दिया गया राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को खुलेआम गोली मारने की धमकी दी गयी। बस्ती मे आदर्श उपाध्याय को थाने मे पीट पीट कर हत्या कर दी गयी। कार्यकर्ता पर फर्जी उत्पीडन मुकदमे के खिलाफ प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा सिकन्दर यादव एव आलोक त्रिपाठी जी की अगुवाई मे धरना प्रदर्शन दिया गया। साथ मे करूणेश द्विवेदी के डी, शुभांगी द्धिवेदी अधिवक्ता सभा प्रदेश उपाध्यक्ष,अधिवक्ता दिलीप पाठक, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा पूजा शुक्ला,आरूण यादव, रौनक तिवारी, रीता चौबे, दीपक पांडे, हर्षित तिवारी, अधिक्ता अरूण यादव विशाल चौधरी, दिलीप कृष्णा राष्टीय महासचिव छात्रसभा, सोनू तिवारी, रवि शुक्ला, राजीव, वरूण, अजय, प्रिंस पाल, संजय, सुनील, मों मुनीस खान, अरविन्द, हाजी, अजय त्रिपाठी आदि सैकडो लोग उपस्थित रहे।

## भूसा खरीद को नहीं हुए टेंडर, चार नये वृहद गोवंश आश्रय स्थलों का निर्माण शुरू

**अमेठी।** अवारा गोवंशो की समस्या को कम करने के लिए जिले में चालू वित्तीय वर्ष में छः नये वृहद गोवंश आश्रय स्थल स्वीकृत हुए हैं। इनमें से चार का निर्माण शुरू हो चुका है। जिले में संचालित गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशो की ओर कम होकर बीस हजार के आसपास हो गई है। गायों के संरक्षण और अवारा गोवंशो की समस्या को दूर करने के लिए जिले में कुल 122गो आश्रय स्थल और कांजी हाउस संचालित किए गए हैं।इन आश्रय स्थलों के समुचित संचालन और निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।हर सप्ताह समीक्षा बैठक की जाती है।

अप्रैल महीने में गर्मी बढ़ने के बाद डी एम ने सभी गो आश्रय स्थलों पर छाया, भूसा,चारा पानी और पशु आहार के समुचित प्रबंध के निर्देश दिए हैं। सूत्रों का कहना है कि हरे चारे और पशु आहार की समुचित उपलब्धता सभी गोवंश आश्रय स्थलों पर नहीं है। बड़ी संख्या में गोवंश रात में आश्रय स्थलों से बाहर छोड़ दिए जाते हैं।

## सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न




अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया एवं अपने-अपने विभागों के प्रगति विवरण प्रस्तुत किए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर फीड होने वाले समस्त आंकड़ों को समयबद्ध एवं सटीक रूप में अपडेट किया जाए, जिससे शासन स्तर पर जिले की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों की प्रगति में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री रंजन ने स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, जल आपूर्ति, सड़क निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास योजना समेत अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभागवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि रूटीन के कार्यों से हटकर जनसहभागिता के साथ विभाग से जुड़े नवाचार की तरफ भी कदम बढ़ाएं।

## श्रम विभाग ने शिविर लगाकर श्रमिकों का किया पंजीकरण

**उरई (जालौन)।** श्रम विभाग ने खंड विकास कार्यालय में एक दिवसीय शिविर लगाकर श्रमिकों का पंजीकरण किया, साथ ही उन्हें विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, श्रम विभाग द्वारा लगाए गए शिविर में कुल 11 श्रमिकों का पंजीकरण किया गया। शिविर में आए जनसाहस संस्था के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर नंद कुमार, सदस्य पंचम सिंह और कंप्यूटर ऑपरेटर रंजीत पाल ने उपस्थित श्रमिकों को विभाग द्वारा संचालित शिशु मातृत्व एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, कौशल विकास तकनीकी उन्नयन योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, महात्मा गांधी पेंशन योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना आदि के बारे में विस्तार से बताते हुए इन योजनाओं का लाभ लेने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने श्रमिक पंजीकरण हेतु पात्रता प्रक्रिया, आवश्यक प्रपत्र, श्रमिक पंजीकरण नवीनीकरण प्रक्रिया आदि के बारे में जरूरी जानकारी प्रदान की।


### सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मैसर्स आबिदी एन्टरप्राइजेज, लखनऊ रजिस्ट्रेशन सं0 4003/189780 पता ए-1, जैड. ए, काम्पलेक्स, नैपियर कालोनी भाग-2, ठाकुरगंज, लखनऊ-226003 रजिस्ट्रार फर्मस, लखनऊ से पंजीकृत है, जिसमें सैयद महमूद अख्तर पुत्र स्व0 सैयद अख्तर अब्बास, डा0 फातमा पत्नी श्री सैयद महमूद अख्तर, श्री जाकिर जब्बार हुसैन पुत्र स्व0 जाकिर हुसैन तथा श्री शिफात हुसैन पुत्र स्व0 सैयद अनसार हुसैन आबिदी साझीदार रहे हैं। दिनांक 01 अप्रैल सन् 2025 से श्री ज़ाकिर जब्बार हुसैन पुत्र स्व0 जाकिर हुसैन अपनी दीर्घ आयु स्वास्थय के कारण स्वेच्छा से फर्म की साझेदारी से निकल गये हैं तथा डा0 फातमा पत्नी सैयद महमूद अख्तर भी अपनी मेडिकल प्रोफेशन की व्यस्तता से दिनांक 01.04.2025 से स्वेच्छा से फर्म की साझेदारी से निकल गई है। वर्तमान में प्रथम साझीदार सैयद महमूद अख्तर पुत्र स्व0 सैयद अख्तर अब्बास तथा श्री शिफात हुसैन पुत्र स्व0 सैयद अनसार हुसैन आबिदी दूसरे साझीदार के रूप में फर्म के कार्यों को देख रहे हैं।

**प्रथम साक्षीदार**
**सैयद महमूद अख्तर**
**साक्षीदार आबिदी एन्टरप्राईजेज़, लखनऊ**

### कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्राँक : 06/पी0आर0ओ0/स्वा0वि0/न0नि0शाह0/2025-26 दिनांक : 17.04.2025

#### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर निगम, शाहजहाँपुर में विभिन्न ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आई0ई0सी0 माध्यमों से लोगो के व्यवहार परिवर्तन हेतु लोगो के मध्य जनजागरुकता के कार्य किये जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के अनुपालन में ई-निविदा के माध्यम से पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदार/अनुभवी फर्मो से दिनांक-25.04.2025 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो तद्द् दिनांक सायं 04:00 बजे खोली जायेगी अपनी दर ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट *www.etender.up.nic.in* पर डाल सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कुल लागत (मय जी0एस0टी0) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य (मय जी0एस0टी0) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | नगर निगम, शाहजहाँपुर में विभिन्न ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आई0ई0सी0 माध्यमों से लोगो के व्यवहार परिवर्तन हेतु लोगो के मध्य जनजागरुकता किये जाने का कार्य | 7,80,000.00 | 66,150.00 | 780.00 | 03 माह |

ई-निविदा की क्रयदारी हेतु धरोहर धनराशि नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50265293184 आई0एफ0एस0सी0 कोड- IDIB000C632 ब्रांच इन्डियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर व निविदा शुल्क नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50200017927485 आई0एफ0एस0सी0 कोड-HDFC0000869 ब्रांच एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड़ करनी होगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, शाहजहाँपुर में निहित होगा।

**नगर आयुक्त**

अवधनामा



## दिव्यांगों का सहारा बनी प्रदेश सरकार

# योजना के तहत प्रत्येक दिव्यांग को हर माह दी जा 1000 रुपये पेंशन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए एक मजबूत कदम उठाया है, जिसके तहत राज्य के 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी पात्र दिव्यांगों को पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से न केवल दिव्यांगों को आर्थिक सहायता मिल रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी प्राप्त हो रहा है। खासकर अयोध्या में इस योजना ने हजारों दिव्यांगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। गत वित्तीय वर्ष में अयोध्या जिले में 10,000 से अधिक लाभार्थियों को 4.22 करोड़ रुपये की धनराशि पेंशन के रूप में वितरित की जा चुकी है। प्रत्येक लाभार्थी को प्रतिमाह 1000 रुपये की पेंशन प्रदान की जा रही है, जो उनके छोटे-मोटे खर्चों को पूरा करने में मददगार साबित हो रही है।

योजना का उद्देश्य और प्रभाव योगी सरकार द्वारा संचालित इस दिव्यांग पेंशन योजना का मुख्य उद्देश्य उन व्यक्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, जो शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षमता के कारण अपनी आजीविका स्वयं नहीं कमा सकते। यह योजना 40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए लागू की गई है। इसके तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले दिव्यांगों को प्राथमिकता दी जाती है। अयोध्या में इस योजना ने न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले दिव्यांगों को राहत पहुंचाई है, बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अधिकारियों के अनुसार, योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है।

**अयोध्या में योजना की उपलब्धियां**

अयोध्या जिले में गत वित्तीय वर्ष में इस योजना के तहत 10 हजार 404 दिव्यांग लाभार्थियों को शामिल किया गया। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, जिले में कुल 4.23 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की गई, जिसने हजारों परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान किया। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां रोजगार के अवसर सीमित हैं, यह पेंशन राशि दिव्यांगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। जिले के विभिन्न विकास खंडों, जैसे रुदौली, मवई, और मसौधा में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों ने इसका लाभ उठाया।

**दिव्यांगों की आवाज,बदली जिंदगी की कहानियां**

योजना का प्रभाव केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दिव्यांगों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही है। अयोध्या के रुदौली ब्लॉक के रहने वाले 35 वर्षीय राम प्रकाश, जो जन्म से ही दृष्टिबाधित हैं, कहते हैं, पेंशन की राशि ने मुझे अपने छोटे-मोटे खर्चों के लिए दूसरों पर निर्भर होने से बचाया है। अब मैं अपनी दवाइयों और अन्य जरूरतों को पूरा कर पाता हूं।÷ इसी तरह, मवई की 42 वर्षीय शांति देवी, जिनके दोनों पैर काम नहीं करते, बताती हैं कि यह योजना उनके लिए आर्थिक और मानसिक सहारा बनी है।आगे की राह और चुनौतियां हालांकि योजना ने कई जिंदगियों को रोशनी दिखाई है, फिर भी कुछ चुनौतियां बरकरार हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में तकनीकी कठिनाइयों के कारण कुछ पात्र व्यक्ति अभी भी योजना से वंचित हैं। विभाग ने इन समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर और जागरूकता शिविरों का आयोजन शुरू किया है। साथ ही, भविष्य में पेंशन राशि में वृद्धि की संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं, ताकि लाभार्थियों को और अधिक सहायता मिल सके।

**सफल कार्यान्वयन सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक**

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चंद्रेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश सरकार की यह पहल न केवल दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि सामाजिक समावेशन और समानता के लक्ष्य को भी मजबूती प्रदान करती है।

# बच्चों के लिए सृजन अल्पना चित्रण कार्यशाला का शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ तथा संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं वाणी विकलांग सेवा संस्थान, श्रृंगारहाट, अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में सृजन अल्पना चित्रण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला 16 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025 तक आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य विशेष बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें रोजगारपरक कौशल से जोड़ना है।समाजसेविका वाणी शुक्ला ने बताया कि इस कार्यशाला में पारंपरिक अल्पना (रंगोली) कला को आधुनिक स्वरूप में सिखाया जा रहा है। यह कार्यशाला अयोध्या में पहली बार हो रही है और पूरी तरह से निशुल्क है, जिससे अधिक से अधिक बच्चे लाभान्वित हो सकें।

कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेविका नीलम श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने इस अवसर पर विशेष बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा, मुझे अत्यंत हर्ष है कि अयोध्या में इस प्रकार की पहल हो रही है, जो न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य कर रही है, बल्कि विशेष बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है। प्रशिक्षिका दीपा सिंह रघुवंशी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा, ऐसी कार्यशालाएं निरंतर आयोजित होनी चाहिए ताकि पारंपरिक कला का संरक्षण हो सके और समाज के प्रत्येक वर्ग को इससे जोड़ा जा सके। कार्यशाला में भाग ले रहे प्रतिभागी नीरज यादव ने कहा, यह एक सराहनीय प्रयास है जो हमारी पुरानी कला को नया जीवन दे रहा है। हमें गर्व है कि हम इसका हिस्सा हैं।÷इस अवसर पर पल्लवी, लक्ष्मी, कशिश, जिया, सुमन और सुधा सहित कई प्रतिभागी उपस्थित रहे, जिन्होंने रंगों के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को आकार दिया।


# सिद्धार्थ में मनरेगा से बने तालाब सूखे, जानवरों को पेयजल का संकट



*नीरज शुक्ला*

**बाराबंकी।** गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने से क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। यह समस्या न केवल लोगों को, बल्कि वन्य जीवों और मवेशियों को भी प्रभावित कर रही है। खेतों और बागों के बीच खुदे तालाब पूरी तरह सूख गए हैं। इस कारण जंगली जानवर जैसे नीलगाय, सियार और हिरन पानी की तलाश में गोमती नदी और नहर की तरफ आ रहे हैं। आबादी के पास आने से ये जानवर आवारा कुत्तों के शिकार भी बन रहे हैं। मनरेगा योजना के तहत बनाए गए कई तालाब या तो सूख चुके हैं या सूखने की कगार पर हैं। विभाग की ओर से इन तालाबों को पानी से भरने की अभी तक कोई योजना धरातल पर नहीं है। ब्लॉक क्षेत्र में लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए करीब 45 अमृत सरोवर भी खराब स्थिति में हैं। इनमें कहीं कीचड़ दिख रहा है तो कहीं धूल उड़ रही है। असंद्रा, टेण्ड़वां, कादीपुर, बुधनाई, मीरापुर, डेढिया, गंगवाई पठनान, उस्मानपुर, सेमरावां, खानापुर, भिटौरालखन व कोठी समेत गांवों के किसान इस समस्या से जूझ रहे हैं। स्थानीय किसान रामकैलाश यादव, अजय सिंह, मोहम्मद असलम समेत कई लोगों को पीने के पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है। पशुपालकों को अपने मवेशियों को पानी पिलाने के लिए दूर-दराज तक जाना पड़ रहा है। हालांकि एपीओ मनरेगा सिद्धौर अमित कुमार का ने बताया है कि क्षेत्रीय 96 पंचायत में करीब 45 के आसपास अमृत सरोवर है। इतने ही पुराने तालाब हैं। इनमें जल भरने को लेकर बीडीओ विनय विनय मिश्र के द्वारा मीटिंग कर तालाबों को चिन्हित करने का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि अधिकांश तालाबों में पानी है। जो सूखे पड़े हैं। उन्हें प्रक्रिया के तहत जल्द पानी भराया जाएगा।

# शिक्षा वह नींव है जिस पर समाज का निर्माण होता है: अरविंद सिंह



**मसौली बाराबंकी।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कैबिनेट मत्री अरविन्द सिंह गोप ने पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी का जायजा लेते हुए बच्चो को मन लगाकर पढ़ने का आशीर्वाद दिया। बताते चले कि पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी में पढ़ने वाले बच्चो का विगत दिनों में सरकारी नौकरी मिलने की जानकारी पर पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने गुरुवार को पंचायत भवन पहुंच कर बच्चो से मिले एव लाइब्रेरी में मौजूद करीब डेढ़ दर्जन बच्चो से उनका परिचय प्राप्त करते हुए कम्पटीशन की तैयारी मे लगे बच्चो से संवाद किया तथा बच्चो से कहा कि शिक्षा से बढ़कर कोई धन नही है शिक्षा वह नींव है जिस पर समाज का निर्माण होता है। यह व्यक्तियों को सोचने, समस्याओं को हल करने और अपनी सामुदायिक गतिविधियों में सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाती है। पूर्वमंत्री अरविन्द सिंह गोप ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र मे बच्चो के उज्ज्वल भविष्य के लिए जो नीव रखी वह काबिले तारिफ है उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था हर ग्राम पंचायतो मे होनी चाहिए जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चो को पढ़ने के लिए उचित स्थान मिल सके। इसके पश्चात पूर्वमंत्री ने सभांकक्ष, आंगनवाड़ी केंद्र का भी जायजा लिया और आंगनवाड़ी केंद्र की बेहतर लेखन सामग्री एव छोटे बच्चों के लिए मौजूद साईकिल, घोड़ा व खेल सामग्री देख प्रसन्नता व्यक्त की। इस मौके पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी, पूर्व प्रमुख हशमत अली गुड्डू, वीरेंद्र प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, बीडीसी शाहिद अली, डा0 मायाराम यादव, वीरेंद्र यादव, मतीन अंसारी, अजमेरी अली, मो0 अतीक, राकेश कश्यप, नुरुल हसन अंसारी, देशराज यादव, शुभम वर्मा, मुस्ताक राइन सहित तमाम लोग मोजुद् रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित


जैदपुर बाराबंकी।अत्यंत निष्ठा श्रद्धा लगन परिश्रम मेहनत से अपने कर्तव्यों का पूर्ण निर्वहन करने वाले अक्षय सिंह के सम्मान में गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय कोपवा ब्लॉक सिद्धौर में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच के संचालन का दायित्व आदर्श शिक्षक दिनेश कुमार वर्मा ने किया । इस अवसर पर जनपदीय संगठन मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मोहम्मद आसिम ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूजेंद्र शुक्ला नोडल मिनहाज अहमद संकुल शिक्षक विपिन वर्मा वरिष्ठ अध्यापक गणेश प्रताप रस्तोगी सेवानिवृत्त शिक्षक गजराज सिंह अमित सिंह रज़ा आमिर राजीव राजेश अंजू मैम ब्रजबाला शुक्ला अवधेश कुमार एवं अन्य सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# सिद्धौर बाराबंकी सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित




**बाराबंकी।** सिद्धौर अत्यंत निष्ठा श्रद्धा लगन परिश्रम मेहनत से अपने कर्तव्यों का पूर्ण निर्वहन करने वाले आदरणीय अक्षय सिंह के सम्मान में आज प्राथमिक विद्यालय कोपवा ब्लॉक सिद्धौर में सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया। मंच संचालन का दायित्व आदर्श शिक्षक दिनेश कुमार वर्मा जी ने निभाया। इस अवसर पर जनपदीय संगठन मंत्री उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मोहम्मद आसिम ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूजेंद्र शुक्ला नोडल मिनहाज अहमद संकुल शिक्षक विपिन वर्मा वरिष्ठ अध्यापक गणेश प्रताप रस्तोगी सेवानिवृत्त शिक्षक गजराज सिंह अमित सिंह रज़ा आमिर राजीव राजेश अंजू मैम ब्रजबाला शुक्ला अवधेश कुमार एवं अन्य सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही। अत्यंत शानदार कार्यक्रम की बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं।

## सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया पंचायती राज समिति के सदस्य नामित



**महराजगंज।** विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया को उत्तर प्रदेश विधानसभा की पंचायती राज समिति का सदस्य नामित किया गया है। इससे पहले भी विधायक कन्नौजिया लेखा समिति और नगर विकास समिति के सदस्य रह चुके हैं। उनकी इस नई जिम्मेदारी पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष संजय पांडेय सहित अजय कुमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश पटेल, बबलू यादव, संजीव शुक्ला, राजीव द्विवेदी, रमेश पटेल, मानवेंद्र सिंह, शांति शरण मिश्रा, राकेश अग्रहरी, वीरेंद्र लोहिया, अजय जायसवाल, दुर्गा अग्रहरी, संतोष सिंह, आकाश श्रीवास्तव व आकाश गुप्ता सहित कई लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी। स्थानीय कार्यकर्ताओं में इस नियुक्ति को लेकर उत्साह का माहौल है। लोगों ने उम्मीद जताई कि विधायक पंचायत विकास को नई दिशा देंगे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 06-DYCEGA-2025**

उप मुख्य इंजीनियर/गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये आनलाइन खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। जिसका पूर्ण विवरण नीचे दिया जा रहा है:-

**क्रम सं.-1,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-1 उत्तरी-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-ब्लाक सं.-619, 620 से राष्ट्रीय विद्यालय और जटेपुर चौराहा तक को जोड़ने वाली सड़क के पूर्व। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 1,29,66,230.44, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 2,14,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-2,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-2 उत्तरी-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-ब्लाक सं.-619, 620 से राष्ट्रीय विद्यालय और जटेपुर चौराहा, ड्राइवर रनिंग रूम, जूनियर इन्स्टीच्यूट को सम्मिलत करते हुये जोड़ने वाली सड़क के पश्चिम। अनुमानित लागत (रू. में): ₹ 1,20,49,607.04, बयाने की राशि: ₹ 2,10,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-3,** कार्य का नाम (रू.में): गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-3, जटेपुर I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सीनियर सेक्शन इन्जीनियर कार्य-जटेपुर कार्यालय, रेलवे बालक स्कूल ब्लाक सं.-646 से जटेपुर क्रासिंग, एल 16 से एल-13, 149 से 160 एवं 159 तक के सड़क के पश्चिम और कृष्णानगर रेलवे कालोनी को जोड़ने वाली सड़क के पश्चिम। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 1,06,55,256.83, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 2,03,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-4,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-4, जटेपुर-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सीनियर सेक्शन इन्जीनियर/कार्य, जटेपुर कार्यालय रेलवे बालक स्कूल, ब्लाक संख्या-646 से जटेपुर रेलवे क्रासिंग एल-16 से एल-13, 149 से 160 एवं 159 तक के सड़क के पूरब और कृष्णानगर रेलवे कालोनी को जोड़ने वाली सड़क के पूरब। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 1,15,55,256.83, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 2,07,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-5,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-5, डेयरी-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सरकुलर रोड के दक्षिण, केबुल हाउस एवं आर.पी.एफ. बैरेक को सम्मिलित करते हुए। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 1,11,57,653.55, बयाने की राशि: ₹ 2,05,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-6,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-6, डेयरी-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सरकुलर रोड के उत्तर, स्काउट डेन को सम्मिलित करते हुए। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 1,26,33,359.75, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 2,13,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-7,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-7, (डेयरी-III) के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-रेलवे चिकित्सालय। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 1,04,91,322.10, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 2,02,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-8,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-8, मध्य-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-स्टोर डिपो के गेट के तरफ जाने वाले सड़क के पश्चिम से सीधे जाने वाली सरकुलर रोड, लोको स्पोर्ट्स ग्राउण्ड, सी.से.इंजी.कार्य-मध्य कार्यालय, हस्त कला केन्द्र, उद्यान निरीक्षक प्रथम, सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल को सम्मिलित करते हुए। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 87,36,504.17, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 1,74,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-9,** कार्य का नाम: गोरखपुर में- उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-9, मध्य-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सड़क के पूरब स्थित क्षेत्र, मसाला घर एवं उद्यान निरीक्षक द्वितीय को सम्मिलित करते हुए। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 85,86,504.17, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 1,71,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य(रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-10,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-10, बिछिया-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सीसेइं/कार्य/बिछिया के अधीन सर्रकुलर रोड के दक्षिण एवं पी.ए.सी. रोड के पश्चिम आवासीय एवं सर्विस भवन इत्यादि। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 1,09,82,229.67, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 2,04,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-11,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-11, बिछिया-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र- आवास सं.-547 से 563 तक, बीजी कालोनी एवं रे.सु.ब. कालोनी स्थित आवासीय भवन एवं सर्विस भवन इत्यादि। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 88,68,845.35, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 1,77,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-12,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन (बिछिया-III) के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-एम.एस.टी.सी. एवं उसके छात्रावास, आर.पी.एफ. ट्रेनिंग सेन्टर, ट्रान्जिट हाउस एवं इस क्षेत्र के अन्य सर्विस भवनों इत्यादि। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 83,99,011.45, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 1,68,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-13,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-13, दक्षिण-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सड़क सं.-15 से पश्चिम स्थित सर्विस भवनों/कार्यालयों जैसे महाप्रबन्धक, सांख्यिकीय, मुयाइं, मपरिप्र, मुचिकित्सा निदेशक, प्रमुइ, मुसिदूइं, मुकाधि, मुकाधि कैण्टीन, रेसुब बैरक, रेल म्यूजियम, रेल दावा अधिकरण, आर.आर.बी. भवन, उप मुइं/गो.क्षे., मुकाप्र/पुल एवं बंगला सं. 6,7 इत्यादि। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 87,62,113.70, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 1,75,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-14,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-14, दक्षिण-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सड़क सं.-15 से पूरब स्थित सर्विस भवनों/कार्यालयों जैसे विसमुलेधि, कैश आफिस, लेखा परीक्षा, रेलवे प्रेस, भनिक, मुवाप्र, मुविइं, स्टेट बैंक, को-आपरेटिव बैंक, साउथ डिसपेन्सरी, राप्ती, शारदा एवं वरूणा अधिकारी विश्रामालय, क्रिकेट ग्राउण्ड, अधिकारी क्लब, नर्सरी, गोल्फ मैदान, इलाहाबाद बैंक, रेलवे पोस्ट आफिस, स्टेडियम इत्यादि। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 1,20,27,427.90, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 2,10,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-15,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-15, दक्षिण-III के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-स्टेडियम कालोनी में स्थित सभी आवासीय भवनों के साथ-साथ सड़क तथा आमी रेस्ट हाउस के साथ साथ अन्य छोटे-छोटे सर्विस भवन जो कि दक्षिण के जोनों में सम्मिलित नही है इत्यादि। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 96,78,016.25, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 1,93,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-16,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-16, दक्षिण-IV के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-गोल्फ कालोनी में स्थित सभी आवासीय भवनों के साथ सड़क इत्यादि। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 56,23,545.70, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 1,12,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-17,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे. के अधीन जोन संख्या-17, जीकेसी-I वर्षान्त 30-06-2026 हेतु। सी.से.इं.-कार्य-जी.के.सी. के अंतर्गत क्षेत्र-पुल कारखाना, कंक्रीट यार्ड, लौह भण्डार एवं सिगनल कारखाना के जोन कार्य के निष्पादन हेतु। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 91,14,015.99, बयाने की राशि: ₹ 1,82,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-18,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे. के अधीन जोन संख्या-18, जीकेसी-II वर्षान्त 30-06-2026 हेतु। सी.से.इं.-कार्य-जी.के.सी. के अंतर्गत क्षेत्र-माचिस फैक्ट्री कालोनी, कैण्ट कालोनी एवं 2 बी.एन.आर.पी.एस.एफ. रजही कैम्प के संपूर्ण परिक्षेत्र के जोन कार्य के निष्पादन हेतु। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 1,19,57,161.29, बयाने की राशि: ₹ 2,09,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-19,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन संख्या-20 के जोन कार्य के अन्तर्गत सनइं/उत्तर के कार्यक्षेत्र में सड़क मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 1,11,20,000.00, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 2,05,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026, **क्रम सं.-20,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर /गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2026 हेतु जोन कार्य के अन्तर्गत सनइं/दक्षिण के कार्यक्षेत्र में सड़क मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 1,11,20,000.00, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 2,05,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में): शून्य, समापन अवधि: 30-06-2026,

**योग: ₹ 20,64,84,062.17**

- ई-निविदा खुलने की तिथि क्रम सं.-1 से 20 तक दिनांक 09-05-2025 को 11:00 बजे,
- ई-निविदा के क्रम सं.-1 से 20 तक की बिडिंग दिनांक 25-04-2025 से 09-05-2025 को 10:59 बजे तक प्राप्त की जायेगी।
- उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट *https://www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है।
- यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे., गोरखपुर**

मुजाधि/डब्लू-16

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**


## चौरासी कोस परिक्रमा महादेवा घाट पहुंची, 1300 श्रद्धालु हुए शामिल


**गोसाईगंज- अयोध्या।** संत गया दास के नेतृत्व में श्रृंगी ऋषि आश्रम से निकली चौरासी कोस परिक्रमा आज सुबह महादेवा घाट मंदिर पहुंची। इस पवित्र यात्रा में करीब 1300 श्रद्धालु शामिल हैं।परिक्रमा के एक जत्थे का नेतृत्व महंत गया दास, जबकि दूसरे का विश्व हिंदू परिषद के श्री हनुमान मंडल के सुरेंद्र सिंह कर रहे हैं। हनुमान मंडल का जत्था पहले ही 16 अप्रैल की सुबह घाट पहुंच चुका था और आज सुबह 6 बजे आगागंज टिकरी के लिए रवाना हुआ। महादेवा घाट जीर्णोद्धार समिति, सामाजिक संस्थाएं, नगर पंचायत और एकल अभियान की आचार्याओं ने संतों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। चिकित्सा शिविर में डॉ. अरविंद गौतम, डॉ. रवि राणा सहित कई चिकित्सकों ने सेवाएं दीं, वहीं भोजन व्यवस्था में हनुमान प्रसाद कसौधन, डॉ. प्रखर सिंह और अन्य सहयोगी सक्रिय रहे। परिक्रमा का अगला पड़ाव 18 अप्रैल की सुबह आगागंज टिकरी होगा। सुरक्षा की कमान कोतवाली गोसाईगंज प्रभारी श्रीनिवास पांडेय ने संभाली। महंत गया दास ने कहा, श्रद्धा से की गई परिक्रमा मोक्ष का मार्ग है। वहीं सुरेंद्र सिंह ने इसे त्रेता युग से चली आ रही परंपरा का जीवंत प्रतीक बताया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम सैय्यद मोहम्मद जाबिर (SYED MOHAMMAD JABIR) पुत्र सैय्यद मोहम्मद बाकिर (SYED MOHAMMAD BAQIR) है, जो कुछ कागजात, पासपोर्ट में गलती से सैय्यद मोहम्मद जाबिर बाकरी (SAIYED MOHAMMAD JABIR BAQRI) पुत्र सैन्यदः मोहम्मद बाकिर जौरासी (SYED MOHAMMAD BAQIR JAURASI) लिख गया है। सही नाम सैय्यद मोहम्मद जाबिर (SYED MOHAMMAD JABIR) पुत्र सैय्यद मोहम्मद वाकिर (SYED MOHAM-MAD BAQIR) लिखा और पढ़ा जाए।

सैय्यद मोहम्मद जाबिर, पुत्र सैय्यद मोहम्मद वाकिर निवासी ग्राम जौरास, थाना-लोनी कटरा, बाराबंकी।

## उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति की बैठक सम्पन्न




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज अयोध्या मंडल के कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने की। बैठक में समिति के सदस्य उमेश द्विवेदी, अनूप गुप्ता, विच्छे लाल राम, सकेत मिश्रा, मोहित बेनीवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक में अयोध्या मंडल के सुल्तानपुर, बाराबंकी, अमेठी, अम्बेडकरनगर जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, तथा मंडल व जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारी सम्मिलित हुए। सभापति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडल से संबंधित सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बाल संरक्षण गृह एवं महिला सुधार गृहों की वर्तमान स्थिति, अनुसूचित जातियों पर विगत पांच वर्षों में हुए उत्पीड़न तथा बंधुवा श्रम, बाल श्रम, महिला उत्पीड़न व दहेज संबंधित अपराधों की घटनाओं पर चर्चा करते हुए ठोस कार्यवाही के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त समिति ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण, शिक्षकों की नियुक्ति/सेवानिवृत्ति, शिक्षा विभाग की प्रगति, तथा पुलिस विभाग द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु किए गए प्रयासों की भी समीक्षा की।

# मेधावी छात्र सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सदर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय बागापार में वार्षिकोत्सव मेधावी छात्र सम्मान एवं सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सदर विवेक गुप्ता तथा खंड शिक्षा अधिकारी अंकिता सिंह रहीं। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तथा विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण बैज अंगवस्त्र तथा मोमेंटो देकर किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पाण्डेय ने मेधावी छात्रों को ट्रॉफी और अंकपत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही 31 मार्च को विद्यालय से सेवानिवृत होने वाले शिक्षक देवी शरण त्रिपाठी को बी एस ए ने अंगवस्त्र ,रामचरित मानस और मोमेंटो देकर सम्मानित किया तथा उनके सुखमय जीवन की कामना किया । कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्रों में खुशी, रिया, अर्चिता, अर्पिता, कनक, लक्ष्मी, सुकन्या, हजरत अली ,साहिल वर्मा, अंशिका अनन्या, मनीष आदि रहे तथा मेधावी छात्रों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में श्रेया चौहान, पर्व प्रजापति खुशनुमा ,अंशिका सोनी,कृष्ण वर्मा ,साहिल वर्मा,सुकन्या यादव,प्रियंका वर्मा आदि रहे ।

## पत्नी से नाराज पति ने फंदे से लटक कर किया आत्महत्या

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर उर्फ बोदरवार में बुधवार की देर रात लगभग 9 बजे एक युवक घर के बगल में कटहल के पेड़ में गले में गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के मुताबिक उपरोक्त थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर उर्फ बोदरवार निवासी रामकरन चौहान पुत्र मुसई चौहान उम्र (33) का बुधवार की शाम पत्नी गुड़िया से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बताया जा रहा है कि रामकरन चौहान तनाव में आकर घर के दक्षिण पचास मीटर की दूरी पर कटहल के पेड़ में अपने गमछे से गले में फंदा लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई संदीप चौहान घटना की सूचना परसामलिक पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

## परिषदीय विद्यालयों में जारी है नामांकन और स्कूल चलो अभियान



डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। ब्लॉक संसाधन केंद्र अंतर्गत क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में नामांकन और स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम जारी हैं। इसी क्रम में ब्लॉक क्षेत्र के मिश्रौलिया में नवीन नामांकन और वार्षिकोत्सव आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने बहुत ही शानदार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कई बच्चों ने नृत्य किया। जिसमें स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, शिक्षा गीत, और शिक्षा के महत्व पर बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किया। बच्चों में ब्यूटी अग्रहरि, शिवानी, सिया, जिया आदि ने मनमोहक संगीत पर डांस प्रस्तुत किया। कक्षा 5 के जसवंत ने गरीबी की दुर्दशा जैसी चीज पर नाटक कर खूब वाहवाही लूटी। इस कार्यक्रम में विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में अपनी अपनी कक्षा में उपस्थिति में नंबर एक पर रहने वाले और जो बच्चे अपनी कक्षाओं में वार्षिक परीक्षा में नंबर एक पर रहे, उनको पुरस्कृत किया गया। प्रधानाध्यापक गुलाम हुसैन ने बताया की बच्चों को पुरस्कार इसलिए दिया जा रहा है ताकि उनमें कंपटीशन की भावना पैदा हो और वह हर वर्ष बेहतर प्रदर्शन करें साथ ही उनकी देखा देखी और भी बच्चे स्कूल प्रतिदिन आए और परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करें। इसके पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शमशाद अहमद को शॉल और डायरी देकर सम्मानित किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार को शॉल और डायरी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक गुलाम हुसैन, गुंजन यादव, इफ्फत फातिमा, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, शंभू यादव, संगू देवी, सुनीता आदि बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई सीएम डैस बोर्ड के अन्तर्गत राजस्व की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में सी.एम. डैस बोर्ड के अन्तर्गत राजस्व की समीक्षा बैठक सिद्धार्थ सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद को शासन द्वारा 1700 का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसके सापेक्ष 346 लाभार्थियों को ऋण वितरण करा दिया गया है। गेहूँ खरीद की समीक्षा के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 01 अप्रैल 2025 से गेहूँ की खरीद शुरू हुई है। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदार को निर्देश देते हुए कहा कि गेहूँ क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर गेहूँ खरीद में प्रगति लाने हेतु किसानों से वार्ता कर उन्हें जागरूक करें। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने ई-खसरा फीडिंग, खुर्रा बटवारा, निर्विवाद वरासत, 05 वर्ष से अधिक लम्बित मुकदमों आदि की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि धारा-34, धारा-80 एवं 05 साल एवं 03 साल के राजस्व वादों का शतप्रतिशत निस्तारण करायें। आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान वसूली की प्रगति ठीक न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मण्डी की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के अन्तर्गत कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को निर्देश दिया कि रैंकिंग में ई, डी और सी श्रेणी प्राप्त करने वाले विभागों को नोटिस जारी करें। आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं अन्य सभी प्रकरणों का समय से निस्तारण करायें। कोई प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कि जनपद की रैंकिंग खराब नही होना चाहिए। सभी लोग ठीक ढंग से कार्य करें। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली बढ़ाकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा आबकारी, स्टाम्प कर, भू-राजस्व वसूली, व्यापार कर, मण्डी समिति, खनन विभाग, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य विभागों की समीक्षा की गयी तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, समस्त उपजिलाधिकारी न्यायिक, समस्त तहसीलदार, सहायक महानिरीक्षक राजेश सिंह, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार, एआरटीओ सुरेश कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार, आर0ए0, सी.आर.ए., एलआरसी, समस्त ई.ओ. व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नाबलिग से दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार



बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष खेसरहा चन्दन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दुष्कर्म के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध खेसरहा थाना पर मु0अ0सं0 62/2025 धारा 87,137(2),65(1) BNS व 3/4 पाक्सो एक्ट पंजीकृत था। पुलिस टीम द्वारा वांछित आरोपी थाना क्षेत्र के गहवनिया निवासी मिलन उर्फ राम मिलन पुत्र सुमेर लोध को थाना क्षेत्र के लक्ष्मी गंज तिराहे से 17 अप्रैल को गिरफ्तार करने का दावा किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 जगतनरायन यादव, हे0का0 रामज्ञा यादव तथा का वरुण कुमार शामिल रहे। इस संबंध में सीओ बांसी मयंक द्विवेदी ने कहा है कि वांछित आरोपी खेसरहा थाना क्षेत्र के गहवनिया निवासी मिलन उर्फ राम मिलन पुत्र सुमेर लोध को लक्ष्मीगंज तिराहे से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरांत न्यायालय भेज दिया गया।

## शिक्षिकाओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** अंतर्जनपदीय स्थानांतरण को लेकर उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष सुषमा सिंह की अगुवाई में शिक्षिकाओं ने बृहस्पतिवार को बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। बेसिक शिक्षा सचिव को संबोधित ज्ञापन में लिखा है कि आकांक्षी जिला घोषित होने के बाद हुए तीन अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के उपरांत भी वर्ष 2023 में सिर्फ दस प्रतिशत शिक्षिकाओं को इसका लाभ मिला। इसके बाद शिक्षिकाओं को अपने गृह या इच्छित जनपद में स्थानांतरण नही हो सका है, इससे इनकी घर गृहस्थी बिगड़ रही है। मांग किया कि स्थानांतरण के लिए एक स्थाई नीति बनाई जाए एवं अन्य विभागों के तरह ही एक निर्धारित अवधि तक एक जनपद में सेवा करने के उपरांत मनचाहा स्थानांतरण दिया जाए। निर्धारित दोषपूर्ण भारांक सुधार किया जाए, असाध्य रोगियों का मेडिकल टीम गठित कर भौतिक परीक्षण किया जाए न कि सिर्फ डॉक्टर की रिपोर्ट पर ही असाध्य रोगी मान स्थानांतरण प्रक्रिया में इसका लाभ दिया जाए। मांगो से संबंधित ज्ञापन वित्त एवं लेखाधिकारी नीलोत्तम चौबे को सौंपा। इस दौरान रश्मि निषाद, शशिकला सिंह, आरती शुक्ला, सीमा द्विवेदी, संचिता मजूमदार, रूपा, निधि, ऋचा, साधना, शीला यादव, शाइस्ता, उपमा, बीनू शर्मा, मधुरानी, वंदना, कविता, शिखा आदि मौजूद रहीं।

# बेलवा गांव से निकाली गई कलश शोभा यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेलवा गांव से निकाली गई कलश शोभा यात्रा। कलश शोभा यात्रा में भक्ति गीतों की धुनों पर रास्ते भर थिरकते महिलाएं व पुरुष ने बानगंगा नदी से जल भरकर श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ।श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ से पहले कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान अबीर-गुलाल उड़ाते हुए भक्त जयकारों की बीच भक्ति गीतों पर थिरकते हुए बानगंगा नदी पर पहुंचे। यहां पीला वस्त्रधारी महिलाएं व युवतियों जल भरकर वापस कथा स्थल बेलवा गांव में पहुंच कर कलश स्थापित किया।

शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलवा गांव निवासी रोहित सिंह द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा से पहले यजमान पार्वती सिंह ने भक्तों के साथ कलश यात्रा निकाली।यह कलश शोभायात्रा बेलवा गांव से महदेवा, रेलवे क्रासिंग, उदयराजगंज, चिल्हिया, गौहनिया, शोहरतगढ़ होते हुए बानगंगा नदी पर पहुंचा।यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पीला वस्त्रधारी महिलाएं व युवतियों ने जल भरा। कलश शोभायात्रा में आगे-आगे चल रही हाथी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। कलश शोभायात्रा में शामिल भक्तगण भक्ति गीतों पर रास्ते भर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए डांस करते रहे। प्रभु का जयकारा भी रास्ते भर लगते रहे।बानगंगा नदी से जल भरकर वापस शोहरतगढ़ श्रीराम जानकी मंदिर ,चिल्हिया, रेलवे क्रासिंग होते हुए महदेवा, बेलवा गांव के प्राचीन काली मंदिर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर व सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित कर आयोजन स्थल पर पहुंचकर कथावाचक उदय नारायण पाण्डेय ने धार्मिक विधि एवं वैदिक मंत्रोच्चरण के साथ कलश स्थापित कराया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा के कथा वाचक उदय नारायण पाण्डेय ने मौजूद श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया और उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में श्रीमद्भागवत कथा श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है वो तीर्थ स्थल कहलाता है। श्रीमद्भागवत कथा सुनने एवं आयोजन कराने के वाले सौभाग्य होते हैं ऐसे में अगर कोई दूसरा व्यक्ति भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र श्रीमद्भागवत कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। इस दौरान कथा वाचक उदय नारायण पाण्डेय, यजमान पार्वती सिंह, रीता सिंह, मंजू सिंह, राधा सिंह, रीना सिंह, आरती सिंह, माही सिंह, निक्की सिंह, गुड्डी, दिवाली, काव्या, हर्षित, हर्षित, गगन, आदित्य, अक्षय उत्तरा व श्रीमद्भागवत कथा आयोजक कर्ता रोहित सिंह के साथ बेलवा महदेवा के ग्रामीण मौजूद रहे।

## हज यात्रियों का प्रशिक्षण व टीकाकरण 21 अप्रैल को

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश हज समिति के आदेश के अनुक्रम मे जनपद से जाने वाले हज यात्रियों का टीकाकरण व प्रशिक्षण आगामी 21 अप्रैल को टांडा के मदरसा मंज़रे हक़ प्रांगण मे प्रातः काल 10 बजे से प्रारम्भ होगा उक्त होने वाले प्रशिक्षण व टीकाकरण की जानकारी देते हुए मदरसा प्रबंधक हाजी अशफ़ाक़ अंसारी ने बताया कि जाने वाले हज यात्रियों को अपने साथ उस दिन कवर नम्बर व पासपोर्ट साइज़ फ़ोटो लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि आने वाले सभी हज यात्रियों के लिये भोजन की भी व्यवस्था की गयी है जो मदरसा इंतेज़ामिया की तरफ़ से की गयी है प्रबंधक श्री अंसारी ने सभी जाने वाले आज़मीने हाजियों से समय से मदरसा मंज़रे हक़ प्रांगण मे पहुंचने की अपील की है।

## नीलगाय से पिकप टकरायी विद्युत पोल टूटा, चालक घायल

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर की तरफ से जा रही पिकअप नीलगाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकरा गई जिससे विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को नगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया जहां हालात को गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। मामला गुरुवार दोपहर को जैतपुर थाना के बगल घटित हुई। जैतपुर थाना क्षेत्र के नेवादा कला गांव निवासी सूरज जलालपुर की तरफ से पिकअप लेकर नेवादा जा रहा था जैसे ही जैतपुर थाने के पास पहुचा सामने से एक नीलगाय आ गई जिसे बचाने के चक्कर में सड़क के किनारे लगे विद्युत पोल से भिड गई जिसमें विद्युत पोल छात्राग्रस्त हो गया और वाहन चालक सूरज तथा एक अन्य घायल हो गया । घायलों को इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया गया जहां गंभीर रूप से घायल सूरज को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया वही विद्युत उपकेंद्र नेवादा के बिजली विभाग कर्मचारी सुधाकर मौर्या ने पिकअप के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है थाना अध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने बताया कि जांच पडताल कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## शौच के लिये निकला युवक लापता

**जलालपुर /अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मालीपुर के खालिसपुर निवासी राम शिरोमणि शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 22 फरवरी को मेरा छोटा भाई विजय बहादुर उर्फ मोनू उम्र 22 वर्ष सुबह शौच के लिए गया था उसके बाद उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। आसपास और के शहरों में बहुत खोजबीन किया गया मगर उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। मालीपुर थाना प्रभारी आशुतोष शर्मा ने बताया शिकायत पत्र पर गुमशुदगी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## साप्ताहिक बाजार ठोठरी से प्रधान की बाइक गायब

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नेपाल सीमा के करीब स्थित ठोठरी बाजार मे लगने वाले शनिवार को साप्ताहिक बाजार में हिरो होंडा स्पेलेन्डर मोटर साइकिल अज्ञात चोर उठा ले गये। घटना शनिवार के दिन सप्ताहिक बजार की है। ग्राम अभयपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र सुग्रीव लाल श्रीवास्तव अपनी मोटर साइकिल यूपी 55 ए के 4421 लेकर ठोठरी बाजार काम से आये और खड़ी कर बाजार में समान खरीदने गये। वापस आये तो देखा मोटर साइकिल गायब है। उन्होंने कहा कि मेरी मोटर साइकिल श्रीवास्तव मेडिकल स्टोर के सामने खड़ी थी काफी खोजबीन किये मगर नहीं मिला। 17 अप्रैल को थाने पर लिखित तहरीर देकर कहा हू की गाड़ी की डीक्की मे पांच स्टाम्प पेपर मेरे लड़के नवीन श्रीवास्तव की मार्कशीट बैंक चेक बुक और मनरेगा कार्यवाही रजिस्टर व सहारा रसीद व अन्य कागजात था उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया है।

## डीएम ने राजकीय गेहूँ क्रय केन्द्र सल्टौआ ए व बी (पकरी भीखी) का आकस्मिक निरीक्षण किया




**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर, ग्राम पंचायत आमा तृतीय में स्थित गौशाला तथा राजकीय गेहूँ क्रय केन्द्र सल्टौआ ए व बी (पकरी भीखी) का आकस्मिक निरीक्षण किया। गौशाला के निरीक्षण में उन्होने गौशाला पंजिका का अवलोकन किया, जिसमें गोशवारा बनाकर अंकन किया गया है। उन्होने पाया कि गौशाला में कुल 30 पशु संरक्षित है तथा गौशाला के चारों तरफ बाउन्ड्रीवाल बनी है। पशुओं के खाने के लिए हौदी व पानी पीने के लिए टंकी बनी हुई है व हरे चारे के लिए बरसीम बोयी गयी है व भूसा घर बना है। निरीक्षण में उन्होने संतोश व्यक्त किया। राजकीय गेहूँ क्रय केन्द्र सल्टौआ ए व बी (पकरी भीखी) के निरीक्षण में उन्होने पाया कि केन्द्र पर गेहूँ क्रय किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित किसान अनरूद्ध, निवासी ग्राम बेलहरा का गेहूं क्रय किया जा रहा था, उन्होने बताया कि गेहूँ क्रय कराने में कोई समस्या नहीं है। विपणन निरीक्षक ने बताया कि जनपद के समस्त गेहूं क्रय की तुलना में इस केन्द्र पर अधिक गेहूँ तौल करवाया गया है। जिलाधिकारी ने विपणन निरीक्षक को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन ग्राम के 10 से 12 किसानों से सम्पर्क कर, उनके गेहूँ का तौल करवाकर क्रय केन्द्र पर लाया जाय। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## एसडीएम ने विद्यालय की भूमि को खंगालने के राजस्व टीम को दिये निर्देश

**अम्बेडकरनगर।** यूपी के अम्बेडकरनगर जिले के शिक्षा क्षेत्र जलालपुर क्षेत्र में संचालित एडेड जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरहुरपुर के भूमि व भवन सम्बंधी शिकायत की जांच शुरू हो गयी है। राजस्व अधिकारियों की टीम के पैमाइश दौरान समूचा विद्यालय सरकारी खाते व चकमार्ग में निर्माण होना उजागर हो गया है जिसके लिए एक गाटे पर बेदखली की कार्यवाही की गयी है और अन्य पर प्रक्रिया चल रही है।ज्ञात हो कि पखवारा भर पूर्व उक्त विद्यालय के भूमि व भवन जहां स्थित है उसके सम्बंध में एक अधिवक्ता ने पीजी पोर्टल पर गाटा संख्या-686(क) के बारे में यह शिकायत किया था कि यह ग्राम समाज की भूमि है जो जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरहुरपुर के कब्जे में है। इसकी जांच उपजिलाधिकारी जलालपुर को उच्चाधिकारियों के माध्यम से सौंपी गयी। इसके बाद विद्यालय स्थल पर पिछले शनिवार को पहुंचे राजस्व अधिकारियों ने पैमाइश की तो शिकायत की सच्चाई सामने आई और इसकी रिपोर्ट भी एसडीएम को उपलब्ध कराया। शिकायतकर्ता से एसडीएम द्वारा बात की गयी तो उन्होंने अवगत कराया कि यह तो एक ही गाटा का मामला है इसके द्वारा संस्था प्रबंधक ने गाटा संख्या-686(ख) जो जूनियर हाईस्कूल के नाम दर्ज है और यह आबादी की भूमि है। गाटा संख्या-683 बंजर खाते में अंकित है,गाटा संख्या-686 बंजर भूमि है,गाटा संख्या-687 परिषदीय जूनियर हाईस्कूल के नाम है। गाटा संख्या-684 व 685 यह दोनों रास्ता है जो अभिलेख में दिखाई पड़ रहा है। सभी पर विद्यालय संचालित हो रहा है। इस वार्ता के पश्चात उपजिलाधिकारी ने संचालित विद्यालय के भूमि और भवन की जमीन को खंगलवाना शुरू कर दिया है और 686(क) जो विद्यालय के अवैध कब्जे में है, पर बेदखली की कार्यवाही कर दी गयी है। इस मामले में अम्बेडकरनगर के संवाददाता के अनुसार जिन्होंने उपजिलाधिकारी से वार्ता किया तो उन्हें यह बताया गया कि शासन की मंशा है कि जो भी सरकारी जमीनें है उन पर चाहे वह कितना भी प्रभावशाली भूमाफिया हो बक्शा नहीं जायेगा। जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की भूमि को लेकर उनके द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक से बात की गयी उन्हें यह बताया गया कि अलंकार योजना से इसे बजट मिला है किन्तु यह जानकारी नहीं थी कि इस धनराशि से निर्माण सरकारी जमीन पर हो रहा है।

# पत्नी की हत्या कर 20 किमी दूर पति ने शव को लगाया था ठिकाने, पति हिरासत में, तीन अन्य पर मुकदमा दर्ज



मृतका गीता की फाइल फोटो



राजपुर पुरैनी घाट से शव निकलवाती पुलिस

**एक माह बाद पुलिस ने रामकोला थाना क्षेत्र के राजपुर पुरैनी घाट से बरामद की लाश**

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली थाना क्षेत्र के बलुआ पोखरियहवा टोला निवासी एक युवक ने अपने ही पत्नी की हत्या कर शव 20 किमी दूर रामकोला थाना क्षेत्र के छोटी गंडक नदी के राजपुर पुरैनी घाट पर दफना दिया था। एक माह बाद पुलिस ने शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम में भेज आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक विशाल उर्फ पिंटू कुशवाहा पुत्र स्व. रमेश मौर्या निवासी बलुआ नंबर 2 पोखरियहवा टोला ने अपने पत्नी गीता (28) की हत्या कर लाश बोरे में भरकर रामकोला थाना क्षेत्र के राजपुर पुरैनी स्थित छोटी गंडक नदी के किनारे दफना दिया था। इसके बाद पत्नी के गुमशुदगी की तहरीर थाने में देकर उसके मायके वालों और पुलिस को गुमराह कर दिया था। मृतका के पिता राम अवध मौर्या निवासी देऊरवीर थाना गगहां के 18 फरवरी 2022 को अपनी बेटी गीता की शादी विशाल कुशवाहा के साथ किया था। शादी के एक वर्ष बाद विशाल के परिजन गीता को मारने पिटने लगे और दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। बीते 6 मार्च 2025 को मेरी पुती गीता देवी से रात्रि के 11 बजे फोन पर बात हुई तो वह अपनी जान बचाने की गुहार लगा रही थी। मैंने उसे समझा बुझाकर वहीं रहने की बात कहा। फिर 7 मार्च को विशाल कुशवाहा पिपराइच थाना क्षेत्र के पतरा निवासी मेरे साढ़ू चन्द्र प्रकाश मौर्य के पास गया और उनसे लड़की के गायब होने की बात बताया। उनके माध्यम से जब मुझे मेरी पुत्री के गायब होने की बात का पता चला तो मुझे संदेह हुआ तो मैं अहिरौली बाजार थाने पहुंचकर अपने पुत्री की हत्या की अशंका जताते हुए शव को गायब करने के संबंध में थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार को लिखित तहरीर देकर कारवाई की मांग की थी। इधर पत्नी की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के बाद विशाल ने अपने माता चंद्रावती देवी के साथ अहिरौली बाजार थाने में पत्नी गीता की गायब हो जाने की सूचना देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस दोनों पहलुओं से मामले की जांच में जुटी हुई थी। पुलिस मृतका के पति विशाल को थाने बुलाकर काफी पूछताछ करना शुरू कि तो विशाल ने पुलिस को इधर उधर की बयान देकर गुमराह करता रहा। पुलिस ने काफी कड़ाई से पूछताछ करना शुरू किया तो उसने शव को ठिकाने लगाने की बात स्वीकार किया। पुलिस उसके बताए हुए जगह पर गुरुवार को क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन सिंह, तहसीलदार हाटा, प्रभारी निरीक्षक अहिरौली बाजार संजय दूबे, थाना रामकोला पुलिस व फोरेंसिक टीम सहित कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को जमीन के नीचे से खोदकर निकलवाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने बताया कि इस मामले में मुकदमा पंजीकृत हैं। मृतका के पति के निशानदेही पर शव को जमीन खोदकर निकलवा पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**लापरवाही के आरोप में उप निरीक्षक निलंबित-** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के बलुआ निवासिनी विवाहिता गीता की मौत के मामले में एक माह पूर्व दर्ज की गई गुमशुदगी के मामले में लापरवाही बरतने पर एसपी ने तत्काल प्रभाव से विवेचक जुगेश आनंद को निलंबित कर दिया है। उक्त प्रकरण में जुगेश आनंद विवेचक थे।

## छात्र/छात्राओं को सेना में भर्ती होने हेतु चलाया गया जागरूकता अभियान



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिद्धार्थनगर के द्वारा सीमा पर छात्र/छात्राओं को सेना में भर्ती होने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। गुरुवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर की सीमा चौकी बजहा के जवानों द्वारा कंपोजिट विद्यालय गौरा बाजार के छात्र/छात्राओं को सी.ए.पी.एफ./सेना में भर्ती होने हेतु जागरूक किया गया। जानकारी देते हुए सीमा चौकी प्रभारी निरीक्षक संपत सिंह द्वारा बताया गया कि सीमाई क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा चेरीगवा, पिपरा और धानौरा मुस्तकम पंचायत भवनों में पुस्तकालयों के संचालन किया गया है, जिसमें सीमाई क्षेत्र के छात्र/छात्रा सरकारी व निजी क्षेत्र के विभिन्न पदों पर नियुक्त होने हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते है। साथ ही इन पुस्तकालयों में एस.एस.बी के अधिकारी/कार्मिकों द्वारा समय समय पर सीमाई क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए क्लास भी चलाया जाता है जिससे उन छात्र-छात्राओं को केंद्रीय सशस्त्र बलों में और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी और चयन की प्रक्रियों के बारे में मार्गदर्शन किया जाता है जिससे सीमावर्ती क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र/छात्राए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर अपनी सेवा से राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सके, साथ ही अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सके। इसी क्रम में समवाय प्रभारी द्वारा छात्र-छात्राओं को केन्द्रीय सशस्त्र बलों में भर्ती होने के प्रक्रिया के स्मबंध में अवगत कराते हुए जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमा चौकी बजहा के जवानों, महिला कार्मिको के साथ-साथ शिक्षकगण, स्कूली छात्र और छात्राएं उपस्थित रहे।

# कैंसर शिविर में 117 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

अवधनामा संवाददाता




**मथौली बाजार, कुशीनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुशीनगर के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक (मथौली) के प्रांगण में गुरुवार को हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान, गीता वाटिका, गोरखपुर द्वारा एक निश्शुल्क कैंसर जागरूकता स्वास्थ्य शिविर जिसमें कैंसर रोग स्क्रीनिंग सह परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए 117 मरीजों का कैंसर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सी.पी. अवस्थी ने सहायक चिकित्सक डॉ. राकेश श्रीवास्तव की सहायता से कैंसर संबंधित लक्षण की जांच की। सबसे ज्यादा दिखाने आए पुरुषो में मुंह, जीभ, पेट, प्रोस्टेट, गले में गांठ आदि में परेशानी वाले लोग रहे जबकि महिलाओं में स्तन में गांठ, गर्भाशय, अंडाशय की संभावित समस्या वाले लोग आए। सभी लोगों की समस्या देखकर तथा जांचकर उचित निशुल्क दवाई दी गई। कैंसर के प्रकार एवं उनके लक्षण के दुर्दांत रोग कैंसर के सम्भावित मरीजों एवं उनके परिजनों को प्रशिक्षण तथा इलाज के बारे में जानकारी दी गई। कैंसर जागरूकता अभियान के तह इस स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित ए.एन.एम., जी.एन.एम. आशा संगिनी एवं आशा कार्यकर्ताओं तथा अस्पताल में आए लोगों को डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने समझाया कि खान-पान में गलत आदतें, दोषपूर्ण जीवन शैली, प्रदूषण के अलावा हानिकारक रसायनों के अधिक संपर्क में रहने के कारण कैंसर का खतरा काफी हद तक बढ़ जाता है। कैंसर के खतरों से बचाव के लिए सावधानी व जागरूकता बेहद जरूरी है। वहीं, संयमित जीवन शैली व उचित खान-पान, शराब, धुम्रपान व तंबाकू उत्पाद के सेवन से परहेज करने मात्र से कैंसर के खतरों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। शिविर में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश मद्धेशिया, डॉ. राकेश श्रीवास्तव, सचिव उमेश कुमार सिंघानिया, अजय श्रीवास्तव, सत्यवती तिवारी, अतुल पांडेय, रामसूरत सिंह, राजेश गुप्ता, स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर एवं अन्य कर्मचारियों आदि शिविर के अयोजित करने में उत्कृष्ट कार्य किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | **कार्य का नाम :** रिपेयरिंग एंड मॉडिफिकेशन ऑफ व्हील सेट अर्थिंग इक्विपमेंट एंड मेकिंग ऑफ व्हील सेट अर्थिंग केबल्स ऑफ एल एच बी बोगीज। | |
| 02 | **कार्य स्थल :** सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | |
| 03 | **अनुमानित लागत :** रु. 2,16,98,024.00 मात्र। | |
| 04 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। | |
| 05 | **बिड सिक्युरिटी :** रु. 2,58,500/- मात्र। | |
| 06 | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 03 वर्ष। | |
| 07 | **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** दिनाँक– 25.04.2025 से 09.05.2025 समय 15:00 बजे तक। | |
| 08 | **प्रमाणपत्र :** फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure- A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | |
| 09 | **खुलने का समय :** निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | |
| 10 | **कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है** | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट – www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | **वेबसाईट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है** | |

सं.: 2025-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू-ईनिविदा-22 दिनाँक: 16.04.2025 1161/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## गांधी परिवार पर चार्जशीट

यहां से राजनीति नई करवट ले सकती है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नेशनल हेराल्ड' अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) मामले में जो आरोप-पत्र अदालत में दाखिल किया है, उसमें सोनिया गांधी को पहला और राहुल गांधी को दूसरा आरोपित बनाया गया है। गांधी परिवार के खिलाफ यह पहला आरोप-पत्र है। मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीज दोनों दिवंगत नेता हैं, फिर भी ईडी ने उन्हें आरोपित बनाया है। कांग्रेस ने इस कार्रवाई के खिलाफ देश भर में विरोध-प्रदर्शन शुरू किए हैं। धनशोधन कानून के मुताबिक, गांधी परिवार के नेताओं पर सजा की तलवार लटकी है, लेकिन दोनों नेता दिसंबर, 2015 से जमानत पर हैं। वह निर्णय भी विशेष अदालत का था। जब तक अदालत नया गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं करती, तब तक जमानत पर तत्काल संकट नहीं है। भविष्य में अदालत के फैसलों के आधार पर इसमें परिवर्तन संभव है। इसके अलावा, ईडी जुलाई, 2022 में लगातार तीन दिनों में 11 घंटे सोनिया गांधी और लगातार 5 दिनों में करीब 50 घंटे तक राहुल गांधी से सघन पूछताछ कर चुका है, लिहाजा आरोप-पत्र दाखिल करने और अदालत के संज्ञान लेने के बाद गांधी नेताओं की गिरफ्तारी संभव और प्रासंगिक नहीं लगती। अलबत्ता आरोप-पत्र में 'अपराध से अर्जित आय' 988 करोड़ रुपए मानी गई है। संबद्ध संपत्तियों का बाजार मूल्य करीब 5000 करोड़ रुपए आंका गया है। आरोप एजेएल की 2000 करोड़ रुपए की संपत्तियों पर कब्जे के लिए उसका अधिग्रहण, निजी कंपनी 'यंग इंडियन' के जरिए, मात्र 50 लाख रुपए में किए जाने का भी है। ईडी ने पीएमएलए की धारा 4 के तहत सजा भी मांगी है। इसमें 7 साल तक की जेल का प्रावधान है। यदि 25 अप्रैल को विशेष अदालत के न्यायाधीश इस आरोप-पत्र पर संज्ञान लेते हैं, तो उस दिन और ट्रायल के दौरान सोनिया-राहुल गांधी को अदालत में उपस्थित रहना होगा।

बहरहाल इस मामले के तमाम ब्यौरे देश के सामने हैं। 2012 में डॉ. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने अदालत में याचिका दी थी। तब केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी। सवाल है कि करीब 13 साल के बाद एक आरोप-पत्र दाखिल क्यों किया गया? सघन पूछताछ के भी तीन साल गुजर चुके हैं, लिहाजा ऐसे अतिविशिष्ट मामले में जांच एजेंसियां इतनी लेट-लतीफी क्यों करती हैं? हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर और नायब सिंह सैनी की 2014 से सरकार है। तब खूब शोर मचाया जाता था कि गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। ईडी ने 15 अप्रैल को उनसे भी 6 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। वाड्रा आज भी स्वतंत्र हैं। दरअसल कुछ सवाल ईडी की जांच की विश्वसनीयता और उसकी सजा-दर पर भी किए जा सकते हैं। करीब 96 फीसदी मामले विपक्षी नेताओं के ही खिलाफ क्यों दर्ज किए जाते हैं? गौरतलब यह है कि अशोक चव्हाण, नारायण राणे (दोनों महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री) सहित अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, हिमंता बिस्व सरमा, सुवेन्दु अधिकारी, नवीन जिन्दल सरीखे नेताओं की लंबी फेहरिस्त है, जो कभी गैर-भाजपा दलों में रहे और विभिन्न घोटालों में आरोपित हुए, लेकिन वे 'भाजपाई' हैं, लिहाजा तमाम आरोपों और जांच से मुक्त हैं। यह ईडी जैसी प्रमुख आर्थिक जांच एजेंसी की स्वायत्तता पर 'काला सवाल' है। कांग्रेस इसे ही 'प्रतिशोध की राजनीति' करार दे रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गांधी परिवार पर आरोप-पत्र को प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की 'बदले की राजनीति' के संदर्भ में देखा है और उसके खिलाफ 'सत्यमेव जयते' का नारा बुलंद किया है। बहरहाल यह मामला राजनीतिक रूप से संवेदनशील साबित हो सकता है।

## गर्भावस्था: मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं एवं समाधान



डॉ मनोज तिवारी

गर्भावस्था महिलाओं पर महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और जैव रासायनिक प्रभावों के साथ एक अनूठा मातृत्व का अनुभव प्रदान करता है। अधिकांश गर्भवती महिलाएं गर्भावस्था के विभिन्न चरणों में होने वाले परिवर्तनों के कारण असुरक्षित महसूस करती हैं जो उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता हैं। एक अनुमान के लगभग 30 फीसदी गर्भवती महिलाओं को किसी न किसी स्तर पर चिंता का अनुभव होगा। शोध के अनुसार लगभग 15 फीसदी महिलाएं गर्भावस्था के दौरान अवसाद या चिंता से ग्रस्त होती हैं, गर्भावस्था के दौरान मानसिक स्वास्थ्य की समस्या होना आम बात है, हर 5 गर्भवती में से 1 गर्भवती महिला मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से प्रभावित होती हैं। जन्म देने वाली लगभग 3त्न महिलाएं प्रसव के बाद प्रसवोत्तर अभिघातजन्य तनाव विकार का अनुभव करती हैं, जबकि उच्च जोखिम वाली आबादी में यह आंकड़ा 15 फीसदी है। एक अनुमान के अनुसार 7.8 फीसदी गर्भवती महिलाओं तथा 16.9 फीसदी प्रसवोत्तर महिलाओं को प्रसवकालीन ओसीडी का अनुभव होगा।

**गर्भावस्था के लक्षण :-** मासिक धर्म का न आना, स्तनों में दर्द या सूजन, थकान, बार-बार पेशाब आना, मतली और उल्टी (मॉर्निंग सिकनेस), हल्का रक्तस्राव, मूड स्विंग, सिर दर्द, खाने की इच्छा होना या खाने से नफ़रत होना, खुशबू की समझ में बढोतरी, पीठ के निचले भाग में दर्द, पैर और टखने में सूजन आना, हल्का स्पॉटिंग, कब्ज, नाक बंद होना, सीने में जलन, पेट में बच्चे की हलचल महसूस होना, चेहरे में चमक आना, ध्यान रखें हर महिला को अलग-अलग तरह के लक्षण महसूस हो सकते हैं, अगर पीरियड्स न आएं, तो प्रारंभिक प्रेग्नेंसी टेस्ट कराना चाहिए और डॉक्टर से तुरंत सलाह लेनी चाहिए।

**गर्भावस्था में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लक्षण :-** घबराहट-दिल की धड़कन तेज़ होना, बैचेनी, सांस फूलना, कपकपी या अपने को आस-पास से शारीरिक रूप से अलग महसूस करना

**सामान्यीकृत चिंता-** सामान्य चिंताओं में क्या मेरा बच्चा सामान्य होगा, श्रम की चिंता, अपने बदलते शरीर की चिंता, भावनात्मक दबाव, रिश्ते में बदलाव, कैरियर आदि शामिल हैं। बाध्यकारी व्यवहार, अचानक मूड में बदलाव, बिना किसी स्पष्ट कारण के उदास रहना , बार-बार रोने का मन करना, खुशी देने वाली चीजों में भी दिलचस्पी न होना (जैसे-दोस्तों के साथ समय बिताना, व्यायाम करना, भोजन करना इत्यादि), जल्दी घबरा जाना, तनावग्रस्त रहना, हर समय थका हुआ महसूस करना, नींद की समस्या, लैंगिक क्रिया में रुचि न होना, अपने बच्चे के साथ अकेले रहने का डर, खुद को या अपने बच्चे को नुकसान पहुंचाने के विचार आना, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, सामान्य बातों को याद रखने में कठिनाई होना, जोखिमपूर्ण व्यवहार करना , नशे का उपयोग करना। अगर ये लक्षण दो सप्ताह से ज़्यादा समय तक बने रहते हैं तो समझें की गर्भवती महिला को मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, यथाशीघ्र मनोवैज्ञानिक या मनोचिकित्सक से मिलकर निदान किया जाना आवश्यक है अन्यथा इसका गर्भवती महिला के साथ-साथ गर्भ में पल रहे बच्चे के ऊपर भी विपरीत असर पड़ता है।

**गर्भावस्था में मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारक-**

**तनाव:-** गर्भावस्था के दौरान तनाव बढ़ जाता है। तनाव के कारणों में मातृत्व अवकाश लेने से जुड़े मुद्दे, वित्तीय तनाव, रिश्तों की चिंता, स्वास्थ्य की चिंता, भविष्य की चिंता इत्यादि शामिल है।

**नकारात्मक अनुभव:-** बांझपन, प्रसवकालीन समस्याएं, गरीबी, भेदभाव, हिंसा, बेरोज़गारी, व अलगाव जैसे अनुभवों से मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है.

**व्यक्तित्व:-** कम आत्मसम्मान, अपने जीवन पर कम नियंत्रण महसूस करना, निर्णय लेने में समस्या, अवसाद व तनाव विकार विकसित होने की जोखिम बढ़ा सकता है.

**गर्भपात :-** गर्भपात का इतिहास या पहली तिमाही के बाद गर्भपात होना भी मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**भारत में ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध है। भारत में 43 यूनेस्को आधारित विश्व धरोहर स्थल हैं। इनमें से 35 सांस्कृतिक हैं, सात प्राकृतिक हैं और कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान एक मिश्रित स्थल है। 62 अन्य संभावित सूची में हैं, यहाँ ऐतिहासिक स्थलों का खजाना है जो इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। 2024 में, असम से चराइदेव मोइदम विश्व धरोहर सूची में शामिल होने वाली नवीनतम भारतीय प्रविष्टि बन गई। अहोम राजघरानों के दफ़न टीलों में गुंबददार कक्ष हैं, जो अक्सर दो-मंजिला होते हैं और जहां मेहराबदार मार्गों से पहुँचा जा सकता है।**

# नयी विश्व संरचना में विरासत एवं विकास का समन्वय अपेक्षित




ललित गर्ग

विश्व धरोहर दिवस अथवा विश्व विरासत दिवस मानव सभ्यता के इतिहास और विरासत को एक साथ सम्मान देने एवं ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षित करने के लिए हर साल 18 अप्रैल को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक परिदृश्यों और संरचनाओं का जश्न मनाना और उन पर ध्यान आकर्षित करना है, जो व्यक्तियों, समुदायों और राष्ट्रों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को की पहल पर एक अंतर्राष्ट्रीय संधि की गई जो विश्व के सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है। यह संधि सन् 1972 में लागू की गई। प्रारंभ में मुख्यतः तीन श्रेणियों में धरोहर स्थलों को शामिल किया गया। पहले वह धरोहर स्थल जो प्राकृतिक रूप से संबद्ध हो अर्थात प्राकृतिक धरोहर स्थल, दूसरे सांस्कृतिक धरोहर स्थल और तीसरे मिश्रित धरोहर स्थल। वर्ष 1982 में इकोमार्क नामक संस्था के ट्यूनिशिया में अंतर्राष्ट्रीय स्मारक और स्थल दिवस में यह बात उठी कि विश्व भर में विरासत दिवस का आयोजन किया जाना चाहिए। यूनेस्को के महासम्मेलन में इसके अनुमोदन के पश्चात विश्व धरोहर दिवस के रूप में मनाने के लिए घोषणा की गई। हर साल धरोहर दिवस की एक खास थीम होती है। साल 2024 में विश्व विरासत दिवस की थीम विविधता की खोज और अनुभव थी। वहीं इस साल थीम है आपदाओं और संघर्षों से खतरे में पड़ी विरासतः आईसीओएमएस की 60 वर्षों की कार्रवाइयों से तैयारी और सीख। यह थीम गौरवशाली अतीत में विश्व संस्कृतियों की सुंदरता को बढ़ाने एवं संरक्षित के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

दुनिया के तमाम देशों में कई सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरें हैं, जिन्हें यूनेस्को ने विश्व विरासत घोषित किया है। इनमें से आठ ऐसी विश्व धरोहर हैं जो पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध और लोकप्रिय हैं। जिनमें मिस्र में मौजूद गीज़ा का 'ग्रेट पिरामिड' आज भी रहस्य बना हुआ है। 481 फीट ऊंचा यह पिरामिड विश्व के आठ प्राचीन अजूबों में शामिल है और माना जाता है कि इसे चांद से भी देखा जा सकता है। माचू पिच्चू, पेरू यह ऐतिहासिक स्थल पेरू की पहाड़ियों पर बसा है और रहस्यमयी और खूबसूरत माचू पिच्चू को 'इंकाओं का खोया हुआ शहर' भी कहा जाता है। चीन की महान दीवार दुनिया की सबसे लंबी दीवार है, जिसकी लंबाई करीब 21,196 किलोमीटर है। यह दीवार कई राजाओं और साम्राज्यों द्वारा रक्षा के लिए बनाई गई थी। आगरा का ताजमहल मोहब्बत एवं प्रेम की सबसे खूबसूरत मिसाल है। इसे शाहजहाँ ने अपनी पत्नी मुमताज की याद में बनवाया था। यह सफेद संगमरमर की इमारत भारत की सबसे मशहूर धरोहरों में से एक है। क्राइस्ट द रिडीमर, ब्राजील रियो डी जेनेरियो में स्थित यीशु की यह विशाल

**विश्व विरासत दिवस**



प्रतिमा 30 मीटर ऊंची है। यह प्रतिमा न सिर्फ धार्मिक प्रतीक है, बल्कि शहर का प्रमुख पर्यटन स्थल भी है। पेट्रा, जॉर्डन रेगिस्तान के बीच स्थित पेट्रा शहर अपनी अनोखी लाल पत्थर की इमारतों और मंदिरों के लिए जाना जाता है। इसकी वास्तुकला और नक्काशी पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। कोलोसियम, रोम (इटली) प्राचीन रोम के सम्राटों द्वारा बनवाया गया यह विशाल अखाड़ा कभी ग्लैडिएटरों की लड़ाई का गवाह था। यह आज भी रोम की पहचान बना हुआ है और विश्व धरोहर सूची में शामिल है। चिचेन इट्जा, मेक्सिको यह माया सभ्यता का प्रमुख धार्मिक स्थल रहा है। यहां बना 'एल कैस्टिलो' पिरामिड देखने लायक है। चिचेन इट्जा को मेक्सिको का सबसे संरक्षित पुरातात्विक स्थल माना जाता है।

भारत में ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध है। भारत में 43 यूनेस्को आधारित विश्व धरोहर स्थल हैं। इनमें से 35 सांस्कृतिक हैं, सात प्राकृतिक हैं और कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान एक मिश्रित स्थल है। 62 अन्य संभावित सूची में हैं, यहाँ ऐतिहासिक स्थलों का खजाना है जो इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। 2024 में, असम से चराइदेव मोइदम विश्व धरोहर सूची में शामिल होने वाली नवीनतम भारतीय प्रविष्टि बन गई। अहोम राजघरानों के दफ़न टीलों में गुंबददार कक्ष हैं, जो अक्सर दो-मंजिला होते हैं और जहां मेहराबदार मार्गों से पहुँचा जा सकता है। इन कक्षों में, मृतक को उनके सामान, जिसमें कपड़े और आभूषण, हथियार, फर्नीचर और दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुओं के साथ सुरक्षित रखा गया है।

विश्व विरासत दिवस सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को लाने में ही मदद नहीं करता बल्कि यह देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी है। यह पर्यटन को प्रोत्साहन देने का सशक्त माध्यम है। भारत की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। भारत की विरासत विश्व में सबसे प्राचीन और समृद्ध विरासतों में से एक मानी जाती है। हज़ारों वर्षों से यह भूमि सांस्कृतिक, धार्मिक, प्राकृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से अनेक महान परिवर्तनों एवं प्रगतियों की साक्षी रही है। भारतीय संस्कृति का इतिहास अत्यंत विविधतापूर्ण और बहुआयामी है, जिसने न केवल भारत बल्कि समग्र मानवता को गहराई से प्रभावित किया है। भारत की विकास यात्रा का इतिहास रोमांचक और प्रेरणादायक रहा है। स्वतंत्रता के बाद देश को एक ऐसे रास्ते पर चलना था जहाँ उसे पुनर्निर्माण के साथ-साथ आधुनिकता की ओर कदम बढ़ाना था। वर्तमान में भारत विश्व की प्रमुख आर्थिक एवं प्रौद्योगिकीय शक्तियों में से एक है, लेकिन यह यात्रा आसान नहीं थी। स्वतंत्रता के बाद भारत को न केवल अपने सामाजिक और आर्थिक ढाँचे को पुनर्स्थापित करना था, बल्कि उसे एक ऐसे लोकतांत्रिक देश का निर्माण करना था जो अपने नागरिकों को समान अवसर और अधिकार प्रदान कर सके। इस वर्ष गणतंत्र दिवस की थीम 'स्वर्णिम भारत- विकास के साथ विरासत' है। यह थीम देश की विरासत को संभालते हुए भारत की प्रगति की यात्रा को दर्शाती है। भारत अपनी सुंदरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।

राजस्थान भारत का एक राज्य है जो विश्व विरासत का समृद्ध केन्द्र है, यह पर्यटन के लिए सबसे समृद्ध राज्य माना जाता है। राजस्थान की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। यूं तो भारत के सभी राज्यों में समृद्ध विरासत देखने को मिलती है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। प्राकृतिक सुंदरता और महान इतिहास से संपन्न राजस्थान में पर्यटन उद्योग समृद्धिशाली है। राजस्थान देशीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों, दोनों के लिए एक सर्वाधिक आकर्षक पर्यटन स्थल है। भारत की सैर करने वाला हर तीसरा विदेशी सैलानी राजस्थान देखने ज़रूर आता है।

# सरगुजा की धरोहरें जो गवाह हैं हमारी महान संस्कृति की


**लक्ष्मणगढ़ का नाम किसी राजा, महाराज के नाम से पड़ा होगा, ऐसा कहा जाता है। यहां पर बिखरे महल, गढ़ एवं मंदिरों के प्राचीन अवशेषों को देखने से पता चलता है कि यहां भानगढ़ महल को जिसने भी बनवाया होगा वह निश्चित ही बेहद सम्पन्न, शक्तिशाली रहा होगा तथा पुरातत्व की कलाकृतियों में शिवलिंग कमल लक्ष्मी के दोनों किनारों पर हाथी के चित्र अंकित है। इन सभी के अतिरिक्त इन चित्रों में कई बेलबूटे भी अंकित किए गए हैं।**



सुरेश सिंह बैस

हिंदू सभ्यता को अध्यात्म और पुरातात्विक संपदा से लबालब माना जाता है। आज भी पूरी दुनिया इस विषय पर निर्विवाद रूप से हमारा लोहा मानती है। वैज्ञानिक संस्था 'यूनिसेफ' द्वारा भी सर्वाधिक रूप से भारत की पुरातत्व विरासत को ही अनमोल धरोहर के रूप में चुनकर संरक्षित किया गया है। चरम प्रगति पथ पर अग्रसर विज्ञान जगत भी भारतीय विरासत की आश्चर्यजनक कला विज्ञान कौशल को जानकर भौचक है। निःसंदेह हम पुरातात्विक संपदा से काफी अमीर, हैं जिसपर हमें गर्व तो है, पर जो हमारे पूर्वजों ने विरासत छोड़कर हमारे सामने अपनी सभ्यता एवं आदर्श को जीवित रखने एवं उसे उत्तरोत्तर आगे बढ़ाने का दायित्व सौंपा है उसे हमें पूरी क्षमता एवं इमानदारी से बढ़ाना होगा, तभी तो बात है वर्ना उनकी अथाह और चिरकाल से की गई मेहनत व्यर्थ ही जाया हो सकती है।

फिलहाल इसी परिप्रक्ष्य में आइए देखें सरगुजा जिले की कुछ पुरातत्व विरासत की तस्वीरें रामगढ़ की पहाड़ी- ? सरगुजान्तर्गत उदयपुर से लगभग छह सात किलोमीटर दूरी पर दक्षिण पश्चिम दिशा में यह पहाड़ी स्थित है। यह वही पहाड़ी है जहां कालीदास ने कुछ दिन प्रवास किया एवं अपनी कुछ कृतित्व को संपंन किया था, उसी अवसर के अवशेष आज भी यहां सुरक्षित हैं। यहां प्रत्येक वर्ष रामनवमी के अवसर पर रामभक्तों की भीड़ देखते ही बनती है। आषाढ़ के पहले दिन से भारी मेला भी यहां लगता है। यहां कई छोटी बड़ी पहाड़ियों, साल और सागौन के बड़े बड़े वृक्षों से घिरा हुआ पर्वत अपनी प्राचीनतम महत्ता को समेटे हुए हैं। पहाड़ी के ऊपर प्राचीन समय की अनेक मूर्तियां देखने को मिलती हैं। यहां पहुंचने के लिए सड़क है मगर उबड़ खाबड़ होने के कारण कष्टदायक यात्रा करनी पड़ती है। सर्वप्रथम इस पर्वत में जाने पर बीच में ही सीताबेंगरा की गुफाएं मिलती है। यहीं पर विश्व की सबसे प्राचीन नाट्यशाला स्थित है। कालिदास यहां पर कुछ दिन रहे, तथा अपनी नाट्य रचनाओं का निर्माण यहाँ किया। कालिदास गुफा के नीचे पर हथफोड़ नामक पन्द्रह सोलह मीटर लंबी गुफा है। इस गुफा में हमेशा ठंडे पानी का स्त्रोत निकलता है। यह गुफा हमेशा ठंड का एहसास दिलाती है, यहीं पर लोग पिकनिक मनाने आते हैं। इसके आगे जाने पर सीता बैंगरा नामक गुफा पड़ती है, जिसे श्री राम जी के वनवास काल में सीताजी का निवास स्थान माना जाता है। सीधे ऊपर जाने पर कुछ दूरी पर काली मां की एक भव्य मूर्ति है। यही बड़ा तुर्रा नामक स्थान है, इसे पांडव गुफा के नाम से भी जाना जाता है, तथा यह माना जाता है कि पांडव अपने वनवस काल के कुछ दिन यहां रहे, यहां की सुंदरता देखते ही बनती है। बड़े तुर्रा से ऊपर जाने पर लगभग दो सौ सीढ़ियों के दुर्गम रास्ते से होकर मुख्य द्वार पड़ता है। जहां पर देवगुरु की एक प्राचीन खंडित मूर्ति थी जो अब गायब हो गई है। यहीं पर से थोड़ी ऊपर



जाने पर मुख्य मंदिर में पहुंचते हैं, जहां पर भगवान श्री राम व सीता की प्राचीन मूर्ति है, जिसके दर्शनार्थ दूर दूर से काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं। हर वर्ष चैत नवरात्रि के समय यहां मेला लगता है। पंचमी के दिन से लोगों की भीड़ यहां, पहुंचती है जो नवमीं के दूसरे दिन तक रहती है।

**लक्ष्मणगढ़-** सरगुजा जिले में ही एक अन्य पुरातात्विक स्थल है लक्ष्मणगढ़ जहां आज भी कई स्मारक, कलाकृतियां, पुरावशेष है. जो सुदूर निर्जन जंगलों मे अज्ञान के आवरण से कुछ दिनों ही पहले प्रकाश में आया है। यहां कोई खास आबादी नहीं है! बस कुछ आदिवासी समुदाय व एक दो व्यापारी वर्ग का निवास है। लक्ष्मणगढ़ का नाम किसी राजा, महाराज के नाम से पड़ा होगा, ऐसा कहा जाता है। यहां पर बिखरे महल, गढ़ एवं मंदिरों के प्राचीन अवशेषों को देखने से पता चलता है कि यहां भानगढ़ महल को जिसने भी बनवाया होगा वह निश्चित ही बेहद सम्पन्न, शक्तिशाली रहा होगा तथा पुरातत्व की कलाकृतियों में शिवलिंग कमल लक्ष्मी के दोनों किनारों पर हाथी के चित्र अंकित है। इन सभी के अतिरिक्त इन चित्रों में कई बेलबूटे भी अंकित किए गए हैं। यहां एक नारी द्वारा शिशु को दुग्धपान कराते हुए तथा शेषनाग देवता की छत्रछाया में एक व्यक्ति को किसी बच्चे को कहीं ले जाते हुए पत्थर की मूर्तियों में दर्शाया गया है। यहां की पत्थर सुंदर सुंदर मूर्तियां हरेक व्यक्ति को अपनी ओर सहज ही आकर्षित कर लेती है। लक्ष्मणगढ़ में बिखरे भग्नगढ़ के अवशेष बड़े बड़े पत्थर स्मारक पुरातत्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है यहां की अतुलनीय कला सौंदर्य का सीधा संबंध किसी वंश के राजा, महाराजाओं से रहा होगा, कहना असंभव ही है, फिर भी दूर दूर के अंचलों में स्थित ये स्थल एक लंबे समय के इतिहास के सूत्रों को सुरक्षित रखे हैं। ऐसे स्थलों का विकास एवं पुरावशेषों की सुरक्षा आतिआवश्यक है।

**डीपाडीह -** सरगुजा जिले की कुसमी तहसील में समुद्री सतह से लगभग 2700 फुट की ऊंचाई पर स्थित आदिवासी ग्राम डीपाडीह है। यह स्थान चारों ओर से पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा एवं साल सागौन वृक्षों से वनाच्छादित है। यहीं कन्हर और गुलफला नदियों की प्रवाहित पावनधारा से यह क्षेत्र पल्लवित है। यहां कुछ वर्ष पूर्व उत्खनन के दौरान अनेक ऐतिहासिक एवं विस्मयकारी पुरातात्विक अवशेष प्राप्त हुए हैं। यहां पर भारत की विशाल पुरातात्विक कलाकृतियों का भंडार बिखरा है। मंदिर संरचनाओं की अनेक श्रेष्ठतम कृतियां लोगों को चमत्कृत कर रही है।

डीपाडीह का मतलब ऐसे पर्वत से है जहां हमेशा दीपक जलता रहता है। पर्वत शिखर पर स्थित अनेक मंदिरों के दीपक की माला प्रज्जवलित होने के कारण उसे स्तंभ के रूप में भी जाना जाता है। डीपाडीह से दो किलोमीटर की दूरी पर साल वृक्षों के घने झुंडों के मध्य मुख्य रूप से शिव मंदिरों के करीब 20 टीलें व एक बावली है। इस स्थान को यहां के लोग सामंत सरना बोलते हैं। स्थानीय किवदंती के अनुसार बिहार प्रांत के टांगीनाथ की। विशाल प्रतिमा को लोग पूजते हैं। वस्तुतः वह परशुधर शिव की प्रतिमा है! जो कालांतर में भग्न होने के कारण वास्तविक रूप में नहीं रह गया है। इस स्थान से कुछ आगे उरावटली में शिव मंदिर के भग्नावशेष पाए गए हैं। डीपाडीह के चार पांच किलोमीटर के क्षेत्रफल में तीस मंदिरों के टीले हैं, जो स्पष्टतः डीपाडीह को मंदिरों का नगर होना बताते हैं, यहां के शिव मंदिर का मंडप व शिखर भाग पूर्णतः नष्ट हो गया है। मंदिरों का निर्माण एक विशाल चबूतरे पर जिसमें मंडप, गर्भगृह वर्गाकार है। तथा बीच में स्लेटी पत्थर का विशाल शिवलिंग है, जो गोलाकार जलहरी सहित भग्नावस्था में है। इसे टीले की खुदाई एवं मिट्टी हटाने के बाद प्राप्त किया गया, यहीं नंदी, गणेश उमाशंकर एवं शिवगणों की भी प्रतिमाएं मिली है। इसी जगह पर खुदाई के दौरान अनेक छोटे छोटे शिवमंदिर भी अनावृत्त हुए हैं।

# नेशनल हेरल्ड का प्रकरण!

**यूं तो हेरल्ड के इतिहास में खास-खास तारीखों की झड़ी लगी है, पर 9 नवम्बर 1998 मार्मिक दिन रहा। उससे दिन प्रथम सम्पादक स्वर्गीय श्री के.रामाराव की 102वीं जन्मगांठ भी थी। लखनऊ श्रम न्यायालय ने कर्मियों के बकाया वेतन के भुगतान हेतु हेरल्ड भवन की नीलामी का आदेश दिया था। पुराने लोग उस दिन महसूस कर रहे थे कि मानों उनकी अपनी सम्पत्ति नीलाम हो रही हो। वह मशीनें भी थी, जिसे फिरोज गांधी अपने कुर्ते से कभी–कभी पोछते थे।**



के. विक्रम राव

आज दैनिक नेशनल हेरल्ड फिर सुर्खियों में है, कारण बड़ा गलीज है। प्रस्तुत है मेरी आत्मकथा तूफान तो आए कई, झुका न सके (प्रकाशक : पंकज शर्मा-अनामिका प्रकाशन, 4697/3, 21-ए, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली, मो. : 9773508632) से हेरल्ड का प्रसंग। यह उल्लेख है पिताजी स्व. के. रामा राव द्वारा संपादित हेरल्ड, का। कैसरबाग लखनऊ से प्रकाशित ख्यात दैनिक नेशनल हेरल्ड मात्र समाचारपत्र ही नहीं था, मेरा बाल सखा भी था। मैं उसके पन्नों पर लोटकर नन्हे से किशोरावस्था तक पहुंचा था। मेरे गांधीवादी पिताजी स्व. के. रामा राव इसके संस्थापक-संपादक थे। जवाहरलाल नेहरू चेयरमैन रहे। किसी आदर्श, संघर्षशील संस्था के शानदार अभ्युदय और क्रमिक-पतन का नमूना यदि देखना हो तो हेरल्ड ही है। जंगे-आजादी को इस अखबार ने अपने उत्सर्ग से सींचा था। मगर इसका लहू आजादी के बाद पार्टी ने चूस लिया। इस आजादी की आवाज को नेहरू की पुत्री की पतोहू और पड़नाती ने जगविख्यात कर दिया। आर्थिक अपराध के कारण। केन्द्रीय प्रवर्तन निदेशालय ने फर्जीवाडा और धनशोधन अर्थात कोष के लूट का आरोपी उन्हें करार दिया। खैर जुर्म पर निर्णय तो दिल्ली उच्च न्यायालय देगा। मगर हेरल्ड तब क्या था, और अब क्या है ? इस पर गौर करना चाहिये। इतिहास-बोध का यह तकाजा है। कैसे संघर्षशील संस्था के शोचनीय-पतन को देखना हो तो हेरल्ड का नमूना है। इस दैनिक ने जंगे आजादी को अपने लहू से पोसा था। स्वार्थी पार्टीवालों ने इसे सोख लिया। यह बात सितम्बर 1938 की है। कैसरबाग चौराहे (लखनऊ) की पासवाली इमारत पर जवाहरलाल नेहरू ने तिरंगा फहरा कर कांग्रेस के इस राष्ट्रवादी दैनिक को शुरू किया था। नेशनल हेरल्ड को अंग्रेज बंद कराना चाहते थे। कांग्रेसियों ने उसे नीलामी पर चढ़वा दिया। आज उनके नवासे की पत्नी ने नेहरू परिवार की इस सम्पत्ति की सरेआम बोली तहसीलदार सदर द्वारा लगवा दी, ताकि चार सौ कार्मिकों के बाइस माह के बकाया वेतन में चार करोड़ रूपये वसूले जा सकें। देश की जंगे आजादी को भूगोल का आकार देने वाला हेराल्ड फिर खुद भूगोल से इतिहास में चला गया।

लेखक टामस कार्लाइल की राय में अखबार तो इतिहास का अर्क होता है। अर्क के साथ हेरल्ड एक ऊर्जा भी था। अब दोनों नहीं बचे। जब इसके संस्थापक-संपादक मेरे स्वर्गीय पिता ने सितम्बर 1938 में प्रथम अंक




निकाला था, तभी स्पष्ट कर दिया था कि लंगर उठाया है तूफान का सर देखने के लिए। बहुतेरे तूफान उठे, पर हेरल्ड की कश्ती सफर तय करती रही। यदि जब डूबी भी तो किनारे से टकराकर। इसकी हस्ती ब्रिटिश राज के वक्त भी बनी रही, भले ही दौरे-जमाना उसका दुश्मन था ! नेहरू और रफी अहमद किदवई इसके खेवनहार थे। इस पर कई विपत्तियां आई मगर यह टिका रहा। एक घटना है 1941 के नवम्बर की जब अमीनाबाद के व्यापारी भोलानाथ ने कागज देने से मना कर दिया था क्योंकि उधार काफी हो गया था। नेहरू ने तब एक रूक्के पर दस्तखत कर हेरल्ड को बचाया था, हालांकि नेहरू ने व्यथा से कहा भी कि सारे जीवन कभी भी मैं ऐसा प्रामिसरी नोट न लिखता। इंदिरा गांधी जब कांग्रेस अध्यक्ष थी तो रफी अहमद किदवई और चन्द्रभानु गुप्त ने आपसी दुश्मनी के बावजूद हेरल्ड राहत के कूपन बेचकर आर्थिक मदद की थी।

यूं तो हेरल्ड के इतिहास में खास-खास तारीखों की झड़ी लगी है, पर 9 नवम्बर 1998 मार्मिक दिन रहा। उससे दिन प्रथम सम्पादक स्वर्गीय श्री के.रामाराव की 102वीं जन्मगांठ भी थी। लखनऊ श्रम न्यायालय ने कर्मियों के बकाया वेतन के भुगतान हेतु हेरल्ड भवन की नीलामी का आदेश दिया था। पुराने लोग उस दिन महसूस कर रहे थे कि मानों उनकी अपनी सम्पत्ति नीलाम हो रही हो। वह मशीनें भी थी, जिसे फिरोज गांधी अपने कुर्ते से कभी–कभी पोछते थे। वह फर्नीचर जिस पर बैठकर इतिहास का क्रम बदलने वाली खबरे लिखी गयी थी।

रफी साहब ने 1942 में बाम्बे क्रानिकल के मशहूर सम्पादक सैय्यद अहमद ब्रेलवी से संपादक के लिए सुझाव मांगा। ब्रेलवी के साथ युवा के. रामाराव काम कर चुके थे। ब्रेलवी ने रफी साहब से कहा कि नया अखबार है तो आलराउण्डर को सम्पादक बनाओ जो प्रुफ रीडिंग से लेकर सम्पादकीय लिखने में हरफनमौला हो। अतः रामाराव ही योग्य होंगे। तब वे दिल्ली में हिन्दुस्तान टाइम्स में समाचार सम्पादक थे। उन्हें इंटरव्यू के लिए रफी साहब ने लखनऊ के विधान भवन में अपने मंत्री कक्ष में बुलवाया। सवा पांच फुट के, खादीकुर्ता- पाजामा-चप्पल पहने उस व्यक्ति को कुछ संशय और कौतूहल की मुद्रा में देखकर रफी साहब ने पूछा आप वाकई में सम्पादन कार्य कर सकेंगें? रामाराव का जवाब संक्षिप्त था, बस यही काम मैं कर सकता हूं। फिर हेरल्ड के संघर्षशील भविष्य की चर्चा कर, रफी साहब ने पूछा, ÷जेल जाने में हिचकेंगे तो नहीं? रामाराव हंसे, बोले, ÷मैं पिकनिक के लिए तैयार हूं।

बाद में 1942 में रामाराव को उनके सम्पादकीय 'जेल और जंगल' के लिए छह माह तक लखनऊ सेन्ट्रल जेल में कैद रखा गया था। रामाराव के सम्पादकीय सहयोगियों में तब थे त्रिभुवन नारायण सिंह (बाद में संविद सरकार के मुख्यमंत्री और बंगाल के राज्यपाल), नेताजी सुभाष बोस के साथी अंसार हरवानी (बाद में लोकसभा सदस्य) और एम. चलपति राव। एक सादे समारोह में नेशनल हेरल्ड की शुरूआत हुई। पूरी यू.पी. काबीना हाजिर थी। ये सारे मंत्री रोज शाम को हेरल्ड कार्यालय आकर खुद खबरें देते थे। वहाँ काफी हाउस जैसा नजारा पेश आता था। जवाहरलाल नेहरू भी खबरें देते थे। जनसभा में अपने भाषण की रपट को खुद आकर वे लिखते थे। उनका पहला वाक्य होता था प्रमुख कांग्रेसी नेता जवाहरलाल नेहरू ने आज एक सार्वजनिक जनसभा में कहा ......आदि।

# नलों की टोंटियों से नहीं आ रहा पानी

अवधनामा संवाददाता




■ नेहरू नगर के लोगों ने किया जोरदार प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** अप्रैल माह के आधे से अधिक गुजर जाने के बावजूद भी पेयजल समस्या के निस्तारण को लेकर प्रशासन के दावे फेल नजर आ रहे हैं। जहां एक ओर नमामि गंगे द्वारा हर घर जल योजना के तहत तमाम प्रकार के निरीक्षण करते हुये सोशल मीडिया पर नलों की स्थिति को चाक-चौबंद बताया जा रहा है, तो वहीं हकीकत ठीक इसके उलट है। जमीनी स्तर पर नलों से पानी नहीं आ रहा है। ऐसी ही वानगी गुरूवार को कलेक्ट्रेट में देखने को मिली, जहां सिर पर मटका रखकर महिलाओं ने पेयजल समस्या को दूर करने की मांग की। हालांकि पेयजल आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी का विजन स्पष्ट नजर आया, लेकिन सम्बन्धित विभाग की शिथिल कार्यप्रणाली और महज सोशल मीडिया पर खुद को चमकाने के चक्कर में लोगों की इस महत्वपूर्ण समस्या को दरकिनार कर दिया गया। लिहाजा अब समस्या विकराल हो गयी।

मोहल्ला नेहरू नगर की दर्जनों महिलाओं व पुरुषों ने लामबंद होकर नारेबाजी करते हुये कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम को एक ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बताया कि नेहरूनगर में पानी की टंकी की सप्लाई को आज तक सुचारू नहीं किया गया है। अब तक यहां के लोग हैण्डपम्प से पानी भरने को विवश हैं, लेकिन वॉटर लेबिल कम हो जाने के कारण हैण्डपम्प से भी पानी आना बंद हो गया है, जिससे पानी की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि उन्हें दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए काफी दूर से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। इसके अलावा हैण्डपम्पों पर लगने वाली भीड़भाड़ के चलते आये दिन विवाद की स्थिति भी बनी रहती है। मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी से पेयजल समस्या का स्थाई निराकरण कराये जाने की मांग उठायी है।

# अब तक का रूका हुआ भुगतान जल्द कराने की मांग

अवधनामा संवाददाता

■ आशा कार्यकत्रियों व संगिनियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**ललितपुर।** आशा कार्यकत्रियों व संगिनियों ने अपनी तमाम समस्याओं को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कम्पनी बाग से लेकर कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। कार्यकत्रियों ने ज्ञापन के जरिए मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना का पिछले चार वर्षों से कोई भुगतान नहीं किया गया है जो कि प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना को सबसे पहले आशाओं ने ही जन-जन तक पहुँचाया है जिसका भुगतान कुछ अधिकारियों द्वारा व कर्मचारियों के द्वारा पिछले चार वर्षों से भुगतान नही कराया गया है जिससे आशाओं का मनोबल गिराया है। पिछले 2023-24 वर्ष व 2024-25 इन दो वर्षों का टी.वी.आई. का भुगतान कराये जाने, सरकार के द्वारा सर्वे जो आशाओं से करायी जाती है जैसे कि संचारी, व गैरसंचारी और कुष्ठ रोग आदि की सर्वे का भुगतान कराये जाने, आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी, सीबैक, फार्म आदि का पिछले एक वर्ष का पैसों का कोई भुगतान कराये जाने, प्रेरक नशबंदी केश व पीपीआईयूसीडी आदि का भुगतान कराये जाने की मांग उठायी। इस दौरान आशा कार्यकत्रियों व संगिनियों ने वर्तमान में मंहगाई को देखते हुये समय से वेतन व भत्तों का भुगतान कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष आशा यादव, महासचिव अंजना चौबे, नीतू रजक, भारती साहू, रामा, सुमन, रेखा, आरती, सरिता, ममता, तवस्सुम, सविता, नीलम, रेखा, आरती, रामकुमारी, ज्योति, नीतू, कमला, वती, भागवती, आरती, रामदेवी, सुमन, बृजकुंवर, राजकुमारी, माखनदेवी, सरिता, अभिलाषा, रानी राजा, लाड़कुंवर, वन्दना देवी अनेकों कार्यकत्रियां व संगिनियां मौजूद रहीं।

# अण्डरपास के निर्माण के लिए अधिकारियों की संयुक्त टीम के साथ संयुक्त सर्वे

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** रक्षामंत्री एवं सांसद लखनऊ राजनाथ सिंह के निर्देश पर आज दिनांक 17 अप्रैल को रक्षा मंत्री के सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी एवं डॉ राघवेंद्र शुक्ला जनसंपर्क अधिकारी के साथ पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय गौरव गुप्ता, उत्तर प्रदेश सेतु निगम की प्रोजेक्ट मैनेजर पूजा श्रीवास्तव, रनबीर सिंह, संदीप सिंह, मनीष सिंह, आर0बी0 सिंह सहायक अभियंता एवं अन्य अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में फातिमा हास्पिटल/छन्नीलाल चौराहे के निकट की रेलवे क्रासिंग, ताड़ी खाना/महिबुल्लापुर क्रासिंग, भिठौली क्रासिंग, सीतापुर रोड से जानकीपुरम-कुर्सी रोड की कनेक्टिविटी हेतु उपरिगामी पुल, मशकगंज क्रासिंग पर फुट ओवरब्रिज का पुनर्निर्माण, रकाबगंज क्रासिंगआदि की फिजिबिलटी हेतु संयुक्त टीम के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।

लखनऊ के गोमती नगर मिठाई वाला चौराहे के निकट स्थित रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास बनाए जाने हेतु एवं जुगौली रेलवे क्रॉसिंग पर उपरिगामी सेतु बनाए जाने हेतु स्थानीय नागरिकों द्वारा निरन्तर मांग की जाती रही है। फैजाबाद रोड से गोमती नगर आने के लिए गोमती नगर की 5 लाख जनसंख्या को होने वाली असुविधा के दृष्टिगत मिठाई वाला चौराहा के पास अंडरपास बनाए जाने की आवश्यकता से भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया। सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ने गोमती नगर से इंदिरा नगर, महानगर, निराला नगर जाने के लिए एकमात्र जुगौली क्रॉसिंग पर उपरिगामी सेतु बनाए जाने की आवश्यकता के संबंध में अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गयी। संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा राजनाथ सिंह जी के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विकल्पों पर चर्चा की गयी और विश्लेषण किया गया।

ज्ञात हो कि 09 अप्रैल को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल की बैठक में मा0 राजनाथ सिंह रक्षामंत्री के सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ0 राघवेन्द्र शुक्ल जी द्वारा सुझाव दिया गया था कि स्थानीय प्रतिनिधियों की मांग पर जो प्रस्ताव राजनाथ सिंह के कार्यालय से भेजे जायें उनके क्रियान्वयन के संबंध में स्थल निरीक्षण आदि कार्यवाही हेतु सांसद के प्रतिनिधिगण को सम्मिलित किया जाय।

# सटोरिये अडानी की सम्पत्ति को पुलिस व प्रशासन ने किया कुर्क



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** गिरोह बनाकर ऑनलाइन सट्टा खिलाने में माहिर अजय रावत उर्फ अडानी के खिलाफ अब जिला प्रशासन व पुलिस ने अपनी नजरें टेढ़ी कर ली हैं। इसी क्रम में गुरूवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के संयुक्त आदेश पर उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार ने कारागार में निरूद्ध सटटा माफिया अजय रावत उर्फ अडानी की सम्पत्ति को कुर्क प्रक्रिया शुरू कर दी। इस क्रम में प्रशासन व पुलिस सर्वप्रथम सिद्धनपुरा स्थित कालोनी में पहुंचा, जहां अजय रावत उर्फ अडानी के निर्माणाधीन भवन को पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुये कुर्क कर दिया। इस प्रक्रिया के दौरान पहले नवनिर्मित भवन के अंदर पहुंच कर पुलिस कर्मियों ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी व्यक्ति उक्त निर्माणाधीन भवन के अंदर तो नहीं है। इसके बाद दूसरी मंजिल पर पहुंच कर ऊपरी भाग को सर्वप्रथम सील किया गया। इसके बाद मुख्य द्वार पर डुगडुगी बजवाते हुये लोगों को सूचना दी गयी। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने धारा 14 (1) गिरोह बन्द अधिनियम एवं असामाजिक क्रियाकलाप अधिनियम 1986 के अन्तर्गत मुख्य गेट पर ताला डालकर उसे कपड़े की मदद से सील करते हुये कुर्क की कार्यवाही को आगे बढ़ाया।

# छात्रों ने वाद्ययंत्रों से बिखेरा हुनर का जलवा

## संगीत महोत्सव 'सी.एम.एस. गॉट टैलेन्ट' का भव्य समापन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय म्यूजिकल एक्स्ट्रावैगान्जा 'सी.एम.एस. गॉट टैलेन्ट' आज सम्पन्न हो गया। इस बेहद दिलचस्प प्रतियोगिता के तीसरे व अन्तिम दिन आज प्रतिभागी छात्रों ने विभिन्न वाद्ययंत्रों पर अपने हुनर व संगीत प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इस संगीत प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्रों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा नजर आई, तो वहीं इन सभी छात्रों में कुछ नया कर दिखाने का जोश देखने लायक था। समारोह की खास बात रही कि प्रतिभागी छात्रों ने अपने प्रतिभा प्रदर्शन के साथ ही एकता, शान्ति, सौहार्द व सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया और साबित कर दिया कि गीत, संगीत, कला व साहित्य सामाजिक उत्थान के सशक्त माध्यम हैं।

'सी.एम.एस. गॉट टैलेन्ट' के तीसरे व अन्तिम दिन आज प्रतिभागी छात्रों ने गिटार, ड्रम, कीबोर्ड, बांसुरी, तबला, वायलिन आदि विभिन्न वाद्ययंत्रों पर अपने ज्ञान व हुनर का प्रदर्शन किया। जूनियर व सीनियर वर्ग में अलग-अलग आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्रों ने 5 मिनट के समय में अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चाहे गिटार और कीबोर्ड की मधुर स्वरलहरियाँ हों अथवा ड्रम की ऊर्जावान ताल हो अथवा तबले की लयबद्ध गहराई हो, सभी वाद्ययंत्रों में प्रतिभागी छात्रों ने तकनीकी कुशलता के साथ-साथ भावनात्मक अभिव्यक्ति का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिताओं के उपरान्त आयोजित पुरस्कार वितरण व समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री दिवाकर भट्टाचार्य, फिल्म फेयर अवार्डी, ने सर्वश्रेष्ठ बाल संगीतज्ञों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जूनियर वर्ग की एकल गायन (इण्डियन) प्रतियोगिता में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के विग्नेश धर द्विवेदी को 'स्टार परफार्मर' के खिताब से नवाजा गया जबकि अलीगंज प्रथम कैम्पस के अथर्व श्रीवास्तव को 'राइजिंग स्टार' का खिताब मिला। इसी प्रकार, सीनियर वर्ग की एकल गायन (इण्डियन) प्रतियोगिता में चौक कैम्पस की छात्रा ओजस्वी को 'स्टार परफार्मर' जबकि कानपुर रोड कैम्पस की आद्या श्रीवास्तव को 'राइजिंग स्टार' के खिताब से नवाजा गया। जूनियर वर्ग की एकल गायन (वेस्टर्न) प्रतियोगिता में राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की आद्विका पाण्डेय 'स्टार परफार्मर' जबकि कानपुर रोड कैम्पस के अनन्त 'राइजिंग स्टार' बने। सीनियर वर्ग की एकल गायन (वेस्टर्न) प्रतियोगिता में राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन के छात्र जयन्त प्रदीप कुमार को 'स्टार परफार्मर' एवं गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन की छात्रा प्रार्थना साहू को 'राइजिंग स्टार' के खिताब से नवाजा गया।

# ललितपुर में गुड फ्राइडे पर होंगे विशेष आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** आज मनाए जाने वाले गुड फ्राइडे के अवसर पर ललितपुर के प्रमुख चर्च सेंट जेंस चर्च, सिविल लाइन सहित अन्य गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस पावन दिन पर ईसाई समुदाय ने प्रभु यीशु मसीह के बलिदान और उनकी शिक्षाओं को याद करेगा। चर्च के कोषाध्यक्ष आकाश मसीह ने कहा कि गुड फ्राइडे हमें प्रेम, त्याग और क्षमा का संदेश देता है। यह दिन हमारे लिए आत्मचिंतन और आध्यात्मिक नवीकरण का अवसर है। हम सभी को प्रभु यीशु के मार्ग पर चलकर मानवता की सेवा करनी चाहिए। वहीं, चर्च के सदस्य मयंक क्रोजर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह दिन हमें सिखाता है कि सच्ची जीत पीड़ा और संघर्ष के बाद ही मिलती है। प्रभु यीशु ने अपने बलिदान से संसार को प्रेम का मार्ग दिखाया। हमें उनके इस संदेश को जीवन में उतारना चाहिए। सेंट जेंस चर्च में पादरी मोसिस सरकार के नेतृत्व में विशेष प्रार्थना सभा होगी, जिसमें सचिव प्रमोद हुरीलाल, अवनीश जोजफ, अनीता क्रोजर और एस्टर डेविड सहित चर्च के कई लोग भाग लेंगे। चर्च को फूलों और मोमबत्तियों से सजाया जाएगा। ललितपुर के अन्य प्रमुख चर्च आर.ई. कैलवरी चर्च, ई.सी.आई. चर्च आजादपुरा और डॉन बोस्को चर्च में भी इसी तरह के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गुड फ्राइडे के बाद ईस्टर संडे के उत्सव की भी तैयारियां जोरों पर हैं।

# बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम से भाव-विभोर हो उठे श्रद्धालु

अवधनामा संवाददाता



■ तुवन मंदिर के प्रांगण में हुये विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के तत्वाधान में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वितीय दिन बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की गई, जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती वंदना हनुमानजी का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ तुवन मंदिर महंत रामलखनदास द्वारा किया गया।

इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा श्रीराम की झांकी, भजन गायन एवं नृत्य, नाट्य मंचन, बालाजी अच्छे लगते हो, राम सियाराम ग्रुप डांस नृत्य व हनुमान चालीसा, ग्रुप डांस, राधाजी का भजन, कान्हा, हनुमानजी के ऊपर भजन, तपस्या हुण्डैत ने घर मेरे पर देसिया यशस्वी दुबे, अनुषा वर्मा, आराध्या पचौरी द्वारा नृत्य हम कथा सुनाते, नाट्य मंचन राम कथा विश्वादित्य प्रताप सिंह बुंदेला योगा शरीर पर दीपक रख कर फिल्मी कलाकार स्व.मनोज कुमार को श्रद्धांजली महिमा पारसर, डा.प्रबल सक्सेना द्वारा मै ना भूलूंगा में ना भूलूंगी का गायन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर बच्चों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सभी अखाड़ों पात्रों व रूप श्रृंगार आदि करने वालों को भी पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर अनिल रावत, भारत श्रीवास्तव, आदित्य बुंदेला, राजेंद्र सिंह, रवि चुनगी, संजय अवस्थी, चंद्रशेखर दुबे, सोनू दुबे, के.के.सोनी, देवेंद्र कौशिक, अनिल रावत, अभिषेक चौबे, पवन साहू, आयोजन समिति के अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, संगठन मंत्री भरत रिछारिया, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, संयोजक जगदीश पाठक, धर्मेंद्र चौबे, शिवकुमार शर्मा, मुन्नालाल त्यागी आदि मौजूद थे। संचालन महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना ने किया।

# प्यासे को पानी पिलाया नहीं बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** अग्रवाल मारवाड़ी महिला मंडल की ओर से प्रति वर्ष की भांति इस बार भी प्याऊ का उद्घाटन वर्णी चौराहे पर किया गया। विगत कई वर्षों से अग्रवाल मंडल द्वारा यह सेवा कार्य किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि इस भीषण गर्मी में राहगीरों को पानी की आवश्यकता पड़ती है। समाज की महिलाओं द्वारा इस पुण्य कार्यक्रम में भाग लेकर मानवीय कार्य में भागीदारी कर रही है। कार्यक्रम में अध्यक्ष अलका अग्रवाल ने बताया कि यह सेवा कार्य हमारे मंडल द्वारा बड़े ही उत्साह से किया जाता है। गर्मियों में पानी की जरूरत सबको रहती है। इस दौरान अध्यक्ष अलका अग्रवाल, सचिव नीना ओसवाल, प्रमिला ओसवाल, मृदुला माहेश्वरी, मानसी अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, मोना बंसल, पूनम बंसल, सोनल अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल आदि उपस्थित रही।

# ओरिएंटेशन कार्यक्रम में हुआ इंटर्न लॉग बुक का विमोचन

अवधनामा संवाददाता

■ आपकी पहली जिम्मेदारी मरीज की मदद करना है : किशन चौधरी

■ गलती के बाद स्वयं में सुधार करके होंगे कामयाब : वाइस चांसलर

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में एमबीबीएस-2020 बैच के लिए इंटर्नशिप ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि व विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डा. एनसी प्रजापति, प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय सूद, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान नव प्रवेशित छात्रों के लिए इटर्न लॉग बुक का विमोचन भी किया गया।

एनाटॉमी डिपार्टमेंट के एचओडी डा. हरि नारायण यादव ने स्वागत भाषण दिया और नए इंटर्न छात्रों का बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया और छात्रों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करने के लिए एक प्रेरक भाषण दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा आप सभी बधाई के पात्र है और मेरे लिए गौरव का विषय है। डाक्टर बनने की इच्छा आपके माता पिता ने पूरी करने का प्रण किया है, किताबी ज्ञान के बाद अब आपको प्रैक्टिल ज्ञान अर्जित करना है, चौबीस घंटे की जिम्मेदारी आपके ऊपर रहेगी। आपकी पहली जिम्मेदारी मरीज की मदद करना है, जिसका आप सभी को अच्छे से निर्वहन करना है। आपको पेसेंट के साथ ऐसा व्यवहार करना है कि वह जल्द से जल्द स्वास्थ हो जाए।

विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा आप सभी इंटर्नशिप में प्रवेश कर रहे है, आपको डाक्टर बनने के लिए अनुभव लेना, जिसके लिए आपके पास सीमित समय है। इस गोल्डन समय को व्यर्थ न करके अपने उच्चाधिकारी से जितना हो सके ज्ञान अर्जित करें। गलती करके उसका एहसास होने के बाद स्वयं में सुधार करेंगे तो आप कामयाब होंगे। विवि के प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल ने कहा मरीज के साथ आपका व्यवहार अच्छा होना चाहिए। यूजी-पीजी से जहां सीखने को मिले, वहां सीखो एक अच्छे डाक्टर बनो और अच्छा करने की इच्छा रखो। मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने कहा ज्ञान और मृदु व्यवहार ही डाक्टर का प्रमुख गुण होता है। डाक्टर मरीज के ज्यादा करीब होता है तथा उसके चेहरे पर हमेशा मुस्कराहट तथा रोगी के प्रति विनम्र व्यवहार होना चाहिए। डाक्टर को चाहिए वह सही समय पर मरीज का इलाज करे, तभी आप मरीज की जिन्दगी बचा सकता है। इसलिए जितना सीखना, अनुभव हासिल करना होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेत्र विभाग के एचओडी मुकेश कुमार तनेजा, एफएमटी के एसोसिएट प्रो. डा. एसटी वली सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

गौरतलब हो कि इंटर्नशिप एक सुविधाजनक अवधि है, जो कौशल को निखारती है और एक योग्य मेडिकल छात्र को एक सक्षम डॉक्टर के रूप में विकसित करने में मदद करती है। अंतिम पेशेवर परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद एक अंतिम वर्ष के छात्र का एक ताजा इंटर्न के रूप में शामिल होने की भावना एक बफर कार्यक्रम के माध्यम से एक ब्रिजिंग पहल के बिना दिशाहीन होगी। नए इंटर्न को एक अलग अनुशासन के रूप में नहीं बल्कि एक पूरे के रूप में एक मरीज के साथ प्रभावी ढंग से काम करने के मूल सिद्धांतों के लिए उन्मुख होने की आवश्यकता है। यह अध्ययन इंटर्नशिप अभिविन्यास कार्यक्रम की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने और इस कार्यक्रम के बारे में प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया का आंकलन करने के लिए किया गया था।

# पर्यटन मित्र फिरोज ने साझा किये अनुभव

अवधनामा संवाददाता



विश्व विरासत दिवस पर विशेष

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड के अन्तर्गत आने वाले पर्यटन स्थलों, गौरवशाली इतिहास के स्वर्णिम पन्नों को संजोने के लिये 2 लाख किलोमीटर से अधिक बाईक से साहसिक यात्रा के दौरान सैकड़ो पुरातात्विक, ऐतिहासिक, नैसर्गिक स्थलों को देखने वाले, धरोहरों के संरक्षण के प्रति जन जागरूकता लाने के लिये विगत 15 वर्षो से प्रयासरत पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल डायमंड ने 18 अप्रैल विश्व विरासत दिवस के बारे में बताते हुये कहा कि धरोहरों के प्रति जागरूकता के लिये सम्पूर्ण विश्व में विश्व विरासत दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व धरोहर दिवस 2025 की थीम है आपदाओं और संघर्षो से खतरे में पड़ी विरासत। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्कों ने 1982 में इस दिवस की शुरूआत की थी। विभिन्न देशों में स्थित ऐसे स्थलों जो सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, चित्रकला, मूर्तिकला, अमूर्त परम्परायें एवं प्राकृतिक दृष्टि से अत्यन्त महत्व के है और संरक्षण किया जाना आवष्यक है इसी उददेष्य से यह दिवस मनाया जाता है। लेकिन वर्तमान परिवेष में ये विरासतें भूकम्प, बाढ़, प्रांकृतिक आपदाओं, मानव जनित संघर्षो, औद्योगिक विकास और असंवेदनषील शहरीकरण, युवाओं में पुरातात्विक धरोहरों के प्रति अरूचि के कारण धीरे धीरे काल के गाल में समा रहीं है। भारतीय स्थापत्य कला पर भारतीय धर्म, दर्षन, विचारधारा, के साथ-साथ विदेषी शैलियों का भी प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। भारतीय स्थापत्य की वास्तुकला में सिंधु घाटी सभ्यता, मौर्य, शुंग, कुषाण, राष्ट्रकूट, पल्लव, चोल आदि वंषो के शासकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्वानों का मत है कि मौर्यकाल से लेकर गुप्तकाल तक स्थापत्य और वास्तुकला का उत्कष्ट विकास हुआ। यहां की षिल्पकारी में जीवन की सजीवता झलकती है। देष के विभिन्न अंचलों में की गयी पुरातात्विक खुदाईयों एवं सर्वेक्षणों ने यह पता चलता है कि हम विष्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है। मध्य भारत की शान गौरवषाली बुन्देली क्षेत्र की सीमाओं में विभिन्न राजाओं के कार्यकाल में परिवर्तन आया। देष के बहुत कम क्षेत्रों को यह सौभाग्य प्राप्त है कि वहां प्राकृतिक सुषमा, प्रचुर खनिज वन सम्पदा, सांस्कृतिक परम्पराओं की विस्तृत श्रंखला विद्यमान हो। आदिम काल से ही मानव ने बुन्देलखण्ड के भूभाग को निवास के लिये भी उपयुक्त पाया है। विंध्य पर्वत माला की विस्तरित श्रंखला बून्देलखण्ड का सीमांकन करती प्रतित होती है। मुख्तयः सांस्कृतिक भौगोलिक ईकाई के रूप में ललितपुर, झांसी, जालौन, हमीरपुर, बांदा, महोबा, चित्रकूट, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सागर, दमोह को मुख्तयः बुन्देलखण्ड परिक्षेत्र से जाना गया। विभिन्न कालखण्डों में दर्षाण, चेदि, जुहोती, मध्य देष के नाम से पहचान रखने वाला यह क्षेत्र बुन्देलों के आधिपत्य के बाद ही पूर्ण रूप से बुन्देलखण्ड नाम से जाना गया। बुन्देलखण्ड का भौगोलिक दृष्टि से नदियों और पर्वतों के आधार पर सीमाकंन प्राकृतिक है।

# किसान करें जैविक खाद का प्रयोग: डीएम

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति यथा उ.प्र. राज्य जैव ऊर्जा नीति 2022 के संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु उद्यमियों के मध्य बैठक हुई। जैव ऊर्जा, जैविक खाद्य के प्रति किसान और ग्रामीणों को जागरूक करने की आवश्यकता पर जिलाधिकारी ने बल दिया। कृषकों को पराली से जनमानस को होने वाली हानि के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए उप निदेशक कृषि द्वारा प्रकाश डाला गया। कृषकों की आय में वृद्धि हो, इसके लिए नेपियर घास की खेती हेतु कृषकों को विस्तृत जानकारी दी जाए। जिसके बीज की उपलब्धता कृषकों को सुनिश्चित करने हेतु मैसर्स अडानी ग्रुप द्वारा जनपद में क्रियाशील एजेन्सियों से समंवय कर कृषकों तक सामान्य पहुँच हो सके इस पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। नेपियर घास खेती को मैसर्स अडानी ग्रुप के उक्त प्रतिनिधियों द्वारा प्रति कुन्तल की दर से दरों के निर्धारण हेतु यथा आवश्यक लिखित सूचना से अवगत कराने हेतु निर्देश दिये गये।

# रोडवेज बस कंडक्टर को अनुबंधित बस मालिक के बेटे ने धुना

अवधनामा संवाददाता

■ टाइमिंग को लेकर दोनों के मध्य हुई थी कहासुनी

■ रोडवेज कर्मियों ने भी की बस मालिक से मारपीट

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के भूतेश्वर बस अड्डे (नया बस अड्डे) पर रोडवेज बस के कंडक्टर के साथ अनुबंधित बस मालिक के बेटे ने मारपीट कर दी। दूसरी ओर रोडवेज कर्मियों ने अनुबंधित बस मालिक के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद रोडवेज कर्मचारियों ने बसों का संचालन रोककर वर्कशाप में धरना प्रारंभ कर दिया। रोडवेज कर्मचारियों को वरिष्ठ संचालन प्रभारी व सीनियर एकाउंटेंट संतोष अग्रवाल ने समझा बुझाकर अश्वासन दिया कि एआरएम के आने पर अनुबंधित बस चालक के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिस पर रोडवेज कर्मचारियों ने दोपहर को अपना धरना समाप्त कर काम को लौट आए। आज प्रातः पौने आठ बजे नये बस अड्डे पर राधेश्याम की अनुबंधित बस संख्या यूपी 85डीटी 1579 आगरा फिरोजाबाद जाने के लिए लगी हुई थी तभी मथुरा डिपो की रोडवेज बस यूपी 85 एटी- 6695 इटावा जाने के लिए आ गई। उक्त अनुबंधित बस का टाइम सुबह 7.40 बजे आगरा फिरोजाबाद जाने के लिए था। लेकिन अनुबंधित बस मालिक और उसका बेटा आकाश बस को अड्डे से आगे नहीं बढा रहा था। जबकि रोडवेज बस का आठ बजे आगरा जाने का टाइम था। इस बात को लेकर बस मालिक व रोडवेज बस के कंडक्टर अजीत के मध्य कहासुनी हो गई। इसी मध्य अनुबंधित बस मालिक राधेश्याम के बेटा आकाश ने रोडवेज बस कंडेक्टर के साथ मारपीट कर दी। जब अपने साथी कंडक्टर को पिटता देख अन्य रोडवेज कर्मी भी वहां पहुंच गए किसी ने अनुबंधित बस मालिक के साथ मारपीट कर दी। जिसमें अनुबंधित बस मालिक के सिर पर खून निकल आए। इसके विरोध में रोडवेज कर्मचारियों ने रोडवेज बसों का संचालन रोक दिया। तीन घंटे तक रोडवेज बसों का संचालन रूकने से यात्रियों को असुविधा हुई।

वहीं नया बस अड्डे से प्रदर्शन करते हुए रोडवेज के चालक व परिचालक वर्कशाप पहुंच गए। जहां डिपो के संचालन आफिस पर धरना प्रारंभ कर दिया। रोडवेज कर्मचारी बस अड्डे पर अनुबंधित बस मालिक व उसके बेटे के विरूद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मामला बढ़ता देख एआरएम की अनुपस्थिति में वरिष्ठ संचालन प्रभारी एवं सीनियर एकाउटेंड संतोष अग्रवाल, संचालन प्रभारी जय प्रकाश शुक्ला, कर्मचारी नेता अनिल लवानियां आदि ने रोडवेज कर्मचारियों को समझाया कि एआरएम सहाब आगरा में महिला परिचालक भर्ती के साक्षात्कार में आरएम आफिस में हैं।

अवधनामा



# सीओ सदर ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया

■ कार्यालय सहित अभिलेखों का अवलोकन किया, दिए आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने गुरूवार को स्थानीय कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं, साफ सफाई, रिकॉर्ड संधारण और अभिलेखों की गहनता से जांच की।

गुरूवार को सीओ सदर कमलेश कुमार ने कोतवाली के कार्यालय, सीसीटीएनएस का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों का अवलोकन किया और उनकी अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान लंबित प्रकरणों, क्राइम रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, गुंडा रजिस्टर, महिला अपराध रजिस्टर का



कोतवाली के अभिलेखों का निरीक्षण करते सीओ सदर व मौजूद कोतवाल

अवलोकन कर रजिस्टरों को अपडेट करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होनें कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निपटारा होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने थाना परिसर की साफ सफाई एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के लिए भी निर्देश देने के उपरान्त उन्होनें कहा कि पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के प्रति सजग रहना चाहिए और आमजन में विश्वास बनाए रखने के लिए जनसंवाद को प्राथमिकता देनी चाहिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे, निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, हेड मोहर्रिर पवन शर्मा, राघवेन्द्र सिंह, प्रवीन शुक्ला, योगेन्द्र सिंह, किरन देवी, उदित कुमार सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# डीपीआरओ के आदेश पंचायत सचिवों पर बेअसर

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बढ़ते तापमान और गर्मी के चलते पानी की बढ़ती हुई खपत को देखते हुए नवजात जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय सिंह ने जिले का कार्यभार संभालते ही सभी ग्राम पंचायत को निर्देशित किया किसी भी पंचायत में पानी की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए लोगों को पर्याप्त शुद्ध जल उपलब्ध कराने के साथ ही पशु पक्षियों के लिए भी पानी का अभाव नहीं रहना चाहिए इसके लिए उन्होंने 14 अप्रैल तक सभी खराब पड़े हैंडपंप एवं पानी के अन्य स्रोतों को तत्काल प्रभाव से सही करने के निर्देश दिए थे। जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की व्यवस्था को लेकर ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा जो गाइडलाइन जारी की गई थी उसकी समय सीमा समाप्त हो गई है इसके बावजूद खराब पड़े हैंडपंप रिवॉर्ड नहीं हो पाई है कहीं-कहीं कुछ पानी के संसाधनों को ठीक किया गया है हैंड पंप रीवोर करने में खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है उन्होंने लागत से कई गुना भुगतान हो रहा है जिससे राजस्व की हानि हो रही है विकासखंड गोवर्धन में 1 हजार 505 हैंड पंप ग्रामीण क्षेत्रों में लगे हुए हैं जिनमें से 160 हैंडपंप खराब बताई जा रहे हैं सूत्रों के अनुसार 119 इंडियामार्का हैंडपंप को सही किया गया है जिसमें लगभग 30 लाख रुपए का खर्च होना बताया जा रहा है। जानकार सूत्रों के अनुसार गोवर्धन क्षेत्र पंचायत के अंतर्गत प्लीज हैंडपंप रिबोर किए गए हैं जिसमें लगभग चार लाख रुपए का खर्च होना बताया जा रहा है। विकासखंड गोवर्धन क्षेत्र में पानी के नाम पर जो खर्च किया गया है उससे भ्रष्टाचार की बू आती है इसी तरह का भ्रष्टाचार जनपद के अन्य विकासखंड क्षेत्र में होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराया जाना आवश्यक है।

# वीरभूमि महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** शहर के वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एंव क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रो सुशील बाबू ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिताओं में 80 मीटर पुरुष वर्ग की दौड़ में सत्यम सिंह प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंस विश्वकर्मा ने दूसरा और हिमांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की 80 मीटर दौड़ में रिया ने प्रथम, छाया ने द्वितीय तथा हेमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पुरुष वर्ग की लंबी कूद में हिर्देश सिंह ने प्रथम पवन कुमार ने द्वितीय तथा सत्यम सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की लंबी कूद में छाया ने प्रथम रिया ने द्वितीय और हिमांशी वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त



किया। महिला वर्ग की गोला फेक प्रतियोगिता में रिया ने अव्वल रही, जबकि उषा ने दूसरा और छाया ने तृतीय स्थान पाया। गुरूवार को महाविद्यालय की सम्पन्न हुई प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने जमकर दमखम दिखाई। क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि शेष प्रतियोगिताएं 18 अप्रैल को सम्पन्न कराई जाएंगी। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि खेलकूद से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं, इससे राष्ट्रीय भावना जागृत होती है खेलकूद में हार जीत का महत्व नहीं है महत्व है तो प्रतिभाग करने का। निर्णायक की भूमिका में डॉ डीके खरे, डॉ अनुराग सिंह, डॉ राम बिहारी पांडे, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ शक्ति सक्सेना डॉ सोवित कुमार गुप्ता ने निभाई। इस अवसर पर प्रो रामकृत कुमार अरुण, डॉ मधुबाला सरोजिनी, हेमलता, संगीता कुमारी, दिव्यांश सिंह सहित प्रतिभागी छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

## अतिरिक्त दहेज न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर क्षेत्र के ग्राम सराय दौलत निवासी बंदना पुत्री रामनारायण द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी शादी आठ वर्ष पूर्व दिनेश पुत्र रामविलास निवासी थाना मेरापुर जिला फर्रुखाबाद के साथ हुई थी। इस दौरान उसने दो पुत्रों को जन्म दिया शादी के पॉच वर्ष बाद ससुराली जनों पति दिनेश, ससुर रामविलास, सास उर्मिला, देवर गौरव व शिवम, ननंद मोहिनी तथा नंदोई महावीर ने अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल की मांग करते हुये दिनांक 09 जुलाई 2024 को उसकी बहन की शादी में उसका पति आया और शराब के नशे में उसके साथ मारपीट किया और गाली गलौज कर गर्भावस्था में छोड़कर भाग गया। होली त्योहार पर उसका पति बहानें से उसे अपने साथ ले गया तथा 5 दिन के बाद मोटर साईकिल की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगा और उसे रखना नहीं चाहता है घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# स्थानांतरित हुये निरीक्षक को यादगार विदाई दी गई



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानीय कोतवाली परिसर में थाना सौरिख स्थानांतरित हुये निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी को उनके उत्कृष्ट कार्यकाल के बाद एक यादगार विदाई समारोह में बड़ी संख्या में नागरिकों व सहकर्मियों ने फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्हें मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं और उनके आगामी कार्यकाल के लिए ढेर सारी सफलताओं की कामना की।

गुरूवार को आयोजित बिदाई समारोह में स्थानान्तरित निरीक्षक विष्णुकांत ने अपने संबोधन में कहा कि यह नगर हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। यहां के लोगों से मुझे जो स्नेह और सहयोग मिला, उसे मैं कभी नहीं भूलूंगा। मैं सभी नागरिकों और सहकर्मियों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने हमेशा मेरे कार्य में सहयोग दिया। वहीं मौजूद पूर्व प्रधान ठा. महेन्द्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि इरफान उर्फ राजू ने उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके रहते अपराध पर अंकुश लगा रहा और उनके सहज, मिलनसार एवं अनुशासित व्यवहार की भी प्रशंसा की। अंत में सभी ने उन्हें गर्मजोशी से विदा किया। इस दौरान निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, देवीचरण साहू, राजेश प्रताप सिंह सहित कांस्टेवल योगेन्द्र सिंह, अमन सिंह सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# सीएम डेस की समीक्षा बैठक सम्पन्न

■ निर्धारित समय तक डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण करने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में सीएम डेश बोर्ड की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न परियोजनाओं में प्रगति की जानकारी ली। ए श्रेणी, बी श्रेणी और सी व डी श्रेणी में शामिल परियोजनाओं की स्तिथि देखी। जिलाधिकारी ने उक्त प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि डाटा फीडिंग में कोई त्रुटि न हो अथवा कोई डेटा पोर्टल पर छूटने न पाए, जिससे जनपद की रैंकिंग पर विपरीत प्रभाव न पड़े। जिलाधिकारी ने उन्होंने कहा कि जिन विभागों का डाटा अब तक पोर्टल पर फीड नहीं हुआ है वह निर्धारित समय तक डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण कर लें । उन्होंने बी, सी, डी और ई ग्रेड वाली परियोजनाओं में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश



दिए। कहा कि विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवेदनो को लंबित न रखें और समय पर निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने ओडीओपी योजना में खराब स्थिति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि जिले की रैंकिंग में सुधार लाया जाए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज टू योजना में खराब स्थिति पाई जाने पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिए कि जल्द ही जनपद की रैंकिंग में सुधार लाया जाए। जिससे जनपद की रैंकिंग को बढ़ाया जा सके। निराश्रित गोवंश का संरक्षण में जनपद को ई क्षेणी प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्ति की और स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी में डी श्रेणी प्राप्त होने पर सभी वीडियो को निर्देश दिए गए कि अभियान चलाकर लोगों की फैमिली आईडी बनाई जाए, जिससे जनपद की रैंकिंग को बढ़ाया जा सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। राज्य योजना में जनपद को ई क्षेणी प्राप्त होने पर जिलाधिकारी मृदुल चैधरी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त खरे को निर्देश दिए कि परियोजनाओ को जल्द पूर्ण कराकर जनपद की रैंकिंग में सुधार लाया जाए। जिससे महोबा का नाम रोशन हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### पेड़ से टकराकर डंपर पलटा, चालक-खलासी की मौत

**उन्नाव।** कोतवाली अजगैन थाना क्षेत्र के चमरौली गांव के सामने मंगलवार देररात एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बेकाबू डंपर पेड़ से टकराकर पलट गया। जिससे चालक रोहित 28 पुत्र श्रीराम कुशवाहा निवासी बदरका अचलगंज व अज्ञात खलासी जिसकी पहचान ना हो सकी की मौके पर ही मौत हो गई। डम्फर सवार अमरजीत 25 गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एसपी ने नन्हे फरिश्ते कक्ष का किया उद्घाटन



**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा थाना बेहटा मुजावर पर नन्हे फरिश्ते कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। नन्हे फरिश्ते कक्ष के शुरू होने से थाना पर नियुक्त पुलिस कर्मियों के बच्चों एवं थाने पर आने वाले शिकायतकर्ताओं के बच्चों व नाबालिग पीड़ितों के लिये थाने पर एक बेहतर वातावरण उपलब्ध रहेगा। इस अवसर पर प्रेमचंद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एवं अरविन्द कुमार चौरसिया क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ, थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात एसपी द्वारा थाना बेहटा मुजावर का निरीक्षण किया गया तथा संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### युवक ने कमरे में फांसी लगा जान दी

**उन्नाव।** बुधवार की सुबह युवक का कमरे के अंदर पंखे के कुंडे से फांसी के फंदे पर शव लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हसनगंज कोतवाली के मलझा गांव निवासी राजू (35) पुत्र रामचंद्र गौतम ने बीतीरात कमरे के अंदर पंखे के कुंडे से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी उस समय हुई जब बुधवार सुबह आठ बजे तक कमरे से बाहर न आने पर छोटा भाई आशीष बुलाने पहुंचा। शव देख वह बेहाल हो गया। पुलिस ने जांच की। छोटे भाई ने बताया कि बड़ा भाई शराब का लती था, जो कमाता था वह उसी में उड़ा देता था। इससे भाई-भाभी में विवाद होता था। पांच साल पहले भाभी मायके चली गई थीं। तब से नहीं आई और भाई शराब का लती हो गया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। कोतवाल संदीप शुक्ला न बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

### सेवा प्रदाता संस्था का बड़ा भ्रष्टाचार हुआ उजागर

**मथुरा।** हाल ही में एक भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है सेवा योजन पोर्टल पर पंजीकृत सेवा प्रदाता संस्था अविका इंफ्राटेक कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड को सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से ई0ई0सी0ई0 एजुकेटर जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय के पदों को भरने की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन नियुक्ति के लिए साक्षात्कार मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय पर आयोजित होने से पूर्व स्वयं प्रदाता संस्था के कर्मचारी ने अभ्यर्थियों को फ़ोन कर एक मोटी रकम 80000 / हजार रुपए की मांग की है वह आदमी डेविड अग्रवाल और अलोक पाण्डेय है जो कि ऑडियो रिकॉर्डिंग में अलोक पाण्डेय मोटी रकम की मांग करते कह रहा है कि आपकी नियुक्ति कर ली जाएगी। अभ्यर्थी कविता कुमारी ने मुख्य विकास अधिकारी से इस प्रकरण की शिकायत की है और आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत कर अनुरोध किया है कि ऐसी भ्रष्टाचारी संस्था पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए इसे ब्लैक लिस्ट किया जाए।

# शहर को पॉलीथिन मुक्त करने का संकल्प लेकर निकली रैली

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत अभियान को नगर पालिका परिषद उन्नाव ने जन आंदोलन का रूप देने की तैयारी की है। इसी के तहत नगर पालिका चेयरमैन श्वेता भानू मिश्रा की अगुवाई में बुधवार को शहर में भव्य स्वच्छता जन जागरूकता रैली निकाली गई। ढोल ताशे, गाजे बाजे के साथ रामलीला मैदान से निकली रैली आईबीपी चौराहा नगर पालिका के पास समाप्त हुई। इस बीच आम जन में 15 हजार कपड़ों के थैले और 10 हजार डस्टबिन का हुआ वितरण किया गया। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने दुकानदारों और अन्य



नागरिकों को पॉलीथिन के बजाए कपड़े या जूट के थैले का उपयोग करने एवं कचरा हमेशा डस्टबिन में डालने की अपील की। शाम पांच बजे रामलीला मैदान से चेयरमैन श्वेता भानू मिश्रा और अपर जिलाधिकारी विकास कुमार सिंह, ईओ संजय कुमार गौतम ने रैली को झंडी दिखा कर रवाना किया। जन सहभागिता के साथ निकाली रैली में एनसीसी कैडेट के अलावा तमाम समाज सेवी संगठन भी शामिल हुए। जिसमें रोटरी क्लब सिटी के डा. आरएस मिश्रा, रोटरी क्लब उन्नाव के ओपी तिवारी, अभ्युदय

■ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने लोगों में बांटे 15 हजार कपड़े के थैले

■ कचरा प्रबंधन के लिए आम जन में वितरित किए 10 हजार डस्टबिन

संस्था के प्रभात सिन्हा, साहित्य भारतीय के शरद, भारत विकास विकास परिषद के आशीष शुक्ला, रोटरी क्लब सेंट्रल के जीएस मिश्रा, अनवारुल सोसाइटी के अयाज फारुकी, दारुलरुल जमा मस्जिद सोसाइटी, ईदागाह कमेटी, कर्मक्रांति संस्थान के चेतन मिश्रा, राधिका मंडल की गुडिया चौहान, रोटी कपड़ा के अनुराग वर्मा, राहुल कश्यप, इंडिया अर्बन डेवल्पमेंट शिवम तिवारी, हनुमंत जीवाश्रय के अखिलेश अवस्थी, निरंकारी भवन के शीतला शरण मिश्रा, आशा हास्पिटल डा.वीके सिंह, प्रियंक सिंह एनजीओ, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अखिलेश अवस्थी, उद्योग व्यापार मंडल समेत विभिन्न संगठन के लिए भी इसका हिस्सा बने। रैली में शामिल लोग पैदल मार्च करते हुए प्रमुख मार्ग पर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्होंने पालीथिन के दुष्प्रभाव की जानकारी दे रहे थे। साथ ही कपड़े के थैले का प्रयोग करते हुए शहर को पालीथिन मुक्त करने की अपील की जा रही थी। अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र भानू ने बताया कि स्वच्छता और पर्यावरण जिम्मेदारी के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रेरित करने के लक्ष्य के साथ एक जीवंत स्वच्छता रैली का आयोजन किया।

## बरसाना क्षेत्र को अंधता मुक्त करना मुख्य उद्देश्य

**मथुरा।** बरसाना और आसपास के 120+ गांवों के ग्रामीणों के लिए भक्तिवेदांत आई हॉस्पिटल, बरसाना द्वारा निःशुल्क फेको सर्जरी- ऋश्वष्टरुके सहयोग से बरसाना, मथुरा ग्रामीण भारत में दृष्टिहीनता को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से, भक्तिवेदांत आई हॉस्पिटल, बरसाना ने एक उल्लेखनीय पहल के तहत बरसाना और आसपास के 120+ गांवों के निवासियों को निःशुल्क फेकोएमल्सिफिकेशन (फेको) मोतियाबिंद सर्जरी की सुविधा प्रदान की है। इस प्रयास को REC फाउंडेशन का सक्रिय सहयोग प्राप्त है।इस अभियान के अंतर्गत अब तक 1300 से अधिक फेको सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी हैं, और यह सेवा लगातार जारी है, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार वृद्ध की मौत

**उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र के चकलवंशी परियर मार्ग पर पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे युवक और पीछे बैठा बुजुर्ग गभींर रुप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए परियर स्थिति एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने बुजुर्ग की हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर कर दिया जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए हैलट अस्पताल कानपुर भेज दिया। बरभौला गांव निवासी मुन्नीलाल यादव पुत्र राम गुलाम 65 बुधवार गांव निवासी अनिल के साथ गेंहू काटने की बात करने के लिए बरी खेडा गांव ट्रैक्टर चालक के पास जाने के लिए निकले थे इसी बीच बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए पंप जाने लगे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गभींर रुप से घायल हो गए जिन्हें परियर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से मुन्नी लाल यादव को कानपुर रेफर कर दिया गया जहां एक अस्पताल में उसकी मौत हो गयी घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए हैलट अस्पताल कानपुर भेज दिया मृतक तीन भाइयों के बीच छोटा था बडा भाई गजराज यादव मझिंला लाला यादव की पहले ही मौत हो चुकी है मृतक की शादी नहीं हुई थी और वह बड़े भाई के साथ रहता था थाना प्रभारी संदीप मिश्रा का कहना है कि इस सम्बंध में कोई सूचना नहीं मिली है।

# भाषा विवि में बौद्धिक संपदा पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के अटल सभागार में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य अकादमिक समुदाय, फैकल्टी सदस्यों, छात्रों और शोधकर्ताओं को बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व और उनके अनुप्रयोग के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. राहुल मिश्रा (अर्थशास्त्र विभाग), डॉ. पूनम सिंह (इतिहास विभाग), डॉ. मनीष कुमार (वाणिज्य विभाग), डॉ. ज़ैबुन निशा मैम (वाणिज्य विभाग), और प्रोफेसर मुशीर अहमद (व्यवसाय प्रशासन विभाग) शामिल थे।

कार्यशाला में दो सत्र आयोजित किए गए-

1. पहला सत्र (दोपहर 1:00 बजे - 2:30 बजे) ऑफलाइन



ज़फ़र अहमद, सेकंड सिल्वर लाइनिंग आईपी एलएलपी ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आईपीआर के महत्व, इसके प्रकार और इसके अनुप्रयोग के बारे में जानकारी दी।

2. दूसरा सत्र (दोपहर 2:30 बजे - 3:30 बजे) ऑनलाइन

कुमार राजू, सहायक नियंत्रक, पेटेंट और डिज़ाइन, राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार प्रबंधन संस्थान, नागपुर ने ऑनलाइन माध्यम से बौद्धिक संपदा अधिकारों के कानूनी पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने पेटेंट और डिज़ाइन फाइलिंग की प्रक्रिया और इसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन के तहत किया गया था, जिसका उद्देश्य बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके महत्व को समझाना था। कार्यशाला का समन्वय प्रोफेसर सैयद हैदर अली, व्यवसाय प्रशासन विभाग, वाणिज्य संकाय के डीन ने किया। उन्होंने कार्यशाला के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसके सफल संचालन में योगदान दिया। कार्यशाला में छात्रों और शोधकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। इस कार्यशाला ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के क्षेत्र में ज्ञान और समझ बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।डॉ. दुआ नक़वी ने अतिथियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और अंत में डॉ. सुशमा एस. मौर्य ने धन्यवाद ज्ञापन कर सत्र का समापन किया।

## अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस लाइन सभागार में की बैठक

**महोबा।** अपर पुलिस महानिदेशक नियम एवं ग्रन्थ उत्तर प्रदेश, एलवी एंटनी देव कुमार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की प्रगति, प्रभाव और व्यवहारिक प्रशिक्षण के अनुभवों की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा छात्रों के अनुभवों को गंभीरता से सुना गया और उनके द्वारा प्राप्त ज्ञान, सामाजिक सहभागिता और नेतृत्व कौशल की सराहना की गई। एडीजी एंटनी देव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि, एसपीईएल कार्यक्रम न केवल छात्रों को पुलिसिंग की वास्तविकताओं से अवगत कराता है, बल्कि उन्हें समाज में सक्रिय नागरिक भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने कार्यक्रम के विस्तार और इसकी गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर भी ज़ोर दिया। इस बैठक में डीआईजी राजेश एस ने छात्रों को आगे भी सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने और कानून व्यवस्था में सहयोगी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की पहल से पुलिस और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस एवं पुलिस अधीक्षक महोबा, प्र0नि0 कोतवाली नगर अर्जुन सिंह सहित कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारीगण एवं प्रशिक्षित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मथुरा को 21821 लाख की एक दर्जन परियोजनायें को मिली स्वीकृति

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ/मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 21821 लाख रुपये की 12 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य सरकार अवस्थापना सुविधाओं को और बेहतर करने का निर्णय लिया है। ये परियोजनाएं राज्य सेक्टर एवं तीर्थविकास परिषद के अंतर्गत आती हैं। पर्यटन विभाग मथुरा की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न निर्माण कार्य तथा प्रमुख स्थलों के पर्यटन विकास का कार्य करा रही है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए बताया कि इन परियोजनाओं में प्राचीन शिव मंदिर फरह मथुरा के पर्यटन विकास के लिए 678.8 लाख रुपये, गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर फसाड इम्प्रूवमेंट-साइनेज के लिए 2099 लाख रुपये, यमुना नदी के घाटों के विकास के लिए 4366 लाख रुपये, तहसील सदर के अन्दर ग्राम जचौंदा में विकास कार्यों के लिए 1833 लाख रुपये तथा वृंदावन परिक्रमा मार्ग के अवशेष भाग एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा आदि के लिए 2201 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है।

■ श्रद्धालु व पर्यटकों को बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराएगी प्रदेश सरकार

■ ब्रज में देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार कटिबद्धः जयवीर सिंह

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि विधायक बलदेव पूरन प्रकाश के प्रस्ताव पर यमुना घाट, अक्रूर घाट, देवरहा बाबा घाट, केसी घाट, माटरोड घाट, जुगलकिशोर घाट पर क्रूज टूरिज्म सर्विस के अंतर्गत वृन्दावन से मथुरा तक तटवर्ती सुविधाओं के विकास कार्य के लिए 673.4 लाख रूपये, वृन्दावन में टूरिस्ट सुविधा के लिए मल्टीलेबल कार पार्किंग का विकास कार्य हेतु 3553 लाख रुपये, इसका प्रस्ताव सांसद हेमामालिनी द्वारा किया गया था। बरसाना स्थित रॉकोली, रोपानी गांव में पहाड़ी पर फेसिंग कार्य के लिए 211.3 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसका प्रस्ताव विधान परिषद सदस्य ओम प्रकाश सिंह द्वारा किया गया था।

श्री सिंह ने बताया कि मथुरा के सांसद हेमामालिनी के प्रस्ताव पर बरसाना स्थित राधा बिहारी इंटरकालेज टूरिस्ट फैसीलिटेशन सेंटर की परियोजना हेतु 1773.4 लाख रुपये, राज्यसभा सदस्य तेजवीर सिंह व विधायक श्रीकांत शर्मा के प्रस्ताव पर वृन्दावन स्थित टूरिस्ट फैसीलिटेशन सेंटर बिल्डिंग के विस्तार कार्य हेतु 3359 लाख रुपये, राज्यसभा सदस्य तेजवीर सिंह के प्रस्ताव पर देशी प्रजातियों के वृक्षारोपण हेतु 600 लाख रुपये तथा मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण मथुरा के प्रस्ताव पर वृन्दावन व बरसाना के प्रमुख मार्गों पर लाइटिंग हेतु 476.4 लाख रुपये की स्वीकृत प्रदान की गयी है। इन सभी कार्यों के शासनादेश जारी कर दिये गये हैं।

# जिद्दी राजकुमार की आमकुमारी से मुलाकात की शाही प्रेम कहानी, द रॉयल्स ओटीटी रिलीज डेट

**मुंबई।** ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की वेब सीरीज द रॉयल्स को अब देखने के लिए और ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा, क्योंकि फिल्म निर्माताओं ने इसकी ओटीटी रिलीज से पर्दा उठा दिया है। जानिए किस दिन देख सकेंगे ईशान-भूमि की प्रिंस-मीट-गर्लबॉस रोम-कॉम...

भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर पहली बार किसी वेब सीरीज में रोमांस करते नजर आएंगे। यह पहली बार है जब दोनों की जोड़ी एक साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक साथ नजर आएगी।

वेब सीरीज द रॉयल्स की आज ओटीटी रिलीज की घोषणा हो गई है, जिससे वेब सीरीज को लेकर प्रशंसकों की उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी वेब सीरीज है, जो खस्ताहाल मोरपुर पैलेस पर

**प्लेटफॉर्म**

**भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर पहली बार किसी वेब सीरीज में रोमांस करते नजर आएंगे। यह पहली बार है जब दोनों की जोड़ी एक साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक साथ नजर आएगी।**

आधारित है, जहां आर्थिक रूप से संघर्षरत शाही परिवार का सामना एक दृढ़ निश्चयी सीईओ, सोफिया शेखर से होता है। नेटफ्लिक्स ने आज अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक नए पोस्टर के साथ द रॉयल्स



की ओटीटी रिलीज डेट की जानकारी शेयर की है, जिससे प्रशंसक बेहद खुश हैं। नेटफ्लिक्स ने ईशान और भूमि की एक रोमांटिक तस्वीर शेयर की है, जिसमें दोनों एक-दूजे को गले लगाते नजर आ रहे हैं। इस शानदार तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, जिद्दी राजकुमार की मुलाकात गर्लबॉस आमकुमारी से होती है। रॉयल मेस, या शाही प्रेम कहानी? 9 मई को नेटफ्लिक्स पर आने वाली नई सीरीज द रॉयल्स देखें, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर। द रॉयल्स एक शाही रोमांटिक कॉमेडी है, जिसमें एक ट्विस्ट है। यह शाही परिवार खिताबों से भरा हुआ है लेकिन खजाने से कंगाल है। जब कॉरपोरेट जगत की एक तेज-तर्रार सीईओ सोफिया शेखर उनके जीवन में एंट्री करती है, तो महल की किस्मत को ठीक करना उसका मिशन बन जाता है। लेकिन मोरपुर के लाड़ले राजकुमार अविराज सिंह एक कहानी में एक नया मोड़ लेकर आते हैं।

# बिग बी ने अपने ब्लॉग में की संस्कारों की बात

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया और ब्लॉग के जरिए अपने फैंस के साथ लगातार जुड़े रहते हैं। हाल ही में उन्होंने अपने हालिया पोस्ट में कहा कि युवाओं अच्छे संस्कार देना बहुत जरूरी है।

अमिताभ बच्चन ने हाल ही में नई पीढ़ी को संस्कार सिखाने की अहमियत पर अपने विचार साझा किए। 82 साल के इस दिग्गज अभिनेता का मानना है कि आज के तेजी से बदलते दौर में पारंपरिक मूल्यों का महत्व कम होता जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें युवाओं को नैतिकता और सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा देनी चाहिए। आइए जानते हैं अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में क्या कहा? अमिताभ ने अपने ताजा ब्लॉग में लिखा, हर दिन कुछ नया सीखना जिंदगी को समृद्ध करता है। यह सीख युवाओं से, नई पीढ़ी से या किसी भी पीढ़ी से आ सकती है, लेकिन इसका मूल्य सिर्फ भौतिक नहीं, बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक भी होता है। बिग बी के मुताबिक संस्कार वह शक्ति है जो हमारे व्यवहार को दिशा देती है। यह वह शिक्षा है जो हमें हमारे पूर्वजों ने अपने व्यवहार, मार्गदर्शन और आचरण से दी। उन्होंने संस्कार को जीवन की शोभा बताया, जो हमें यह



सिखाता है कि कब और कहां कैसा व्यवहार करना चाहिए। अमिताभ ने लिखा, ÷संस्कार हमारे जीवन को अंत तक प्रभावित करते हैं। यह सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं, बल्कि हर प्राणी और पर्यावरण तक फैला है।÷ अमिताभ ने समय के महत्व पर भी बात की। उन्होंने कहा, जब समय कम होता है तो हम सबसे ज्यादा काम कर लेते हैं, लेकिन जब समय की कमी नहीं होती तो काम शुरू ही नहीं होता।÷ अमिताभ के मुताबिक हम अक्सर कहते हैं कि कल करेंगे, लेकिन वह कल कभी नहीं आता। इस आलस्य को वह क्षमा लायक नहीं मानते हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह भी कई बार समय के इस जाल में फंस जाते हैं, लेकिन वह अपने दिमाग की इस लड़ाई को जीतने की कोशिश करते हैं। अमिताभ का मानना है कि आज के दौर में संस्कारों की कमी चिंताजनक है। उन्होंने नई पीढ़ी को यह संदेश दिया कि हमें अपने मूल्यों को जीवित रखना होगा। उन्होंने कहा, ÷संस्कार वह शक्ति है जो हमें सही रास्ता दिखाती है। इसे अपनाने से ही हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो अमिताभ बच्चन हाल ही में सुपरस्टार रजनीकांत के साथ फिल्म वेट्टैयन में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने फहाद फासिल और राणा दग्गुबाती के साथ भी स्क्रीन साझा किया था।

## 'नो एंट्री' के सीक्वल में हुई इस बॉलीवुड हसीना की एंट्री, वरुण धवन-दिलजीत भी आएंगे नजर



**मुंबई।** कई ऐसी यादगार फिल्में हैं जिनके अगले भाग का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। ऐसी ही एक फिल्म है नो एंट्री, जिसके सीक्वल का दर्शक काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म बनने जा रही है और इसमें बॉलीवुड की इस दीवा की भी एंट्री हो गई है। जानिए कौन है वो हसीना।

बॉलीवुड की यादगार कॉमेडी फिल्मों में शुमार 'नो एंट्री' का अब अगला भाग बनने की तैयारी में है। पिछले काफी वक्त से फैंस 'नो एंट्री' के सीक्वल का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अब अंततः ये होने जा रहा है। फिल्म को लेकर अब लगातार नई-नई जानकारियां भी सामने आ रही हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से एक और खबर सामने आ रही है कि 'नो एंट्री 2' में बॉलीवुड की इस खूबसूरत हसीना की भी एंट्री हो गई है।

'नो एंट्री 2' में अब इंडस्ट्री के बड़े सितारों की एंट्री हो रही है। पीपिंग मून की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब 'नो एंट्री 2' में बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की भी एंट्री हो गई है। तमन्ना फिल्म में प्रमुख किरदार में नजर आ सकती हैं। इन रिपोर्ट्स की मानें तो यह तमन्ना की कॉमेडी में वापसी का प्रतीक है और वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसी चर्चाएं भी हैं कि फिल्म में तमन्ना के अलावा आदिति राव हैदरी भी एक और फीमेल लीड के तौर पर नजर आएंगी।

## सिद्धार्थ के जन्मदिन पर अदिति राव हैदरी ने शेयर की प्यारी तस्वीरें, लिखा- मेरे पर्सनल यूनिकॉन...

**मुंबई।** अदिति राव हैदरी ने आज अपने पति सिद्धार्थ के जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर शुभकमाएं देते हुए कई तस्वीरें शेयर कीं साथ ही उन्होंने सिद्धार्थ को माई पर्सनल यूनिकॉर्न भी बताया। माई पर्सनल यूनिकॉर्न संबोधित करते हुए अदिति राव हैदरी ने पति सिद्धार्थ को सोशल मीडिया पर जन्मदिन की बधाई दी है। इस खास मौके पर अदिति ने कुल 16 तस्वीरें शेयर कीं और एक प्यारा नोट भी लिखा है। आज 17 अप्रैल को अभिनेता सिद्धार्थ अपना 46वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास अवसर पर अदिति राव हैदरी ने अपने प्यारे पति के लिए इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ खास मैसेज भी लिखा है। अदिति ने सिद्धार्थ को अपना पर्सनल यूनिकॉर्न बताया है। अदिति ने इंस्टाग्राम पर अपनी और सिद्धार्थ की कई रामोंटिक तस्वीरें भी शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ

# हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की फिल्म की शूटिंग हुई शुरू, जैकलीन समेत कई स्टार्स ने दी बधाई

**शूटिंग**

**देसी मूवी फैक्ट्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक क्लैप बोर्ड की तस्वीर दिखी दे रही है, जो साफतौर शूटिंग लोकेश की लग रही है।**

**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की आगामी फिल्म की शूटिंग आज शुरू हो चुकी है, जिसकी जानकारी फिल्म मेकर्स ने सोशल मीडिया पर सेट के लोकेशन से शेयर की है। सत्यमेव जयते मस्ती 4 और मरजावां जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके निर्देशक मिलाप मिलन जावेरी एक और दमदार फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसकी शूटिंग लोकेशन



की एक तस्वीर उन्होंने शेयर की और साथ ही फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया है। देसी मूवी फैक्ट्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक क्लैप बोर्ड की तस्वीर दिखी दे रही है, जो साफतौर शूटिंग लोकेश की लग रही है। सामने समुद्र के अलावा एक बड़ा ब्रिज भी दिखाई दे रहा है। इस क्लैप बोर्ड पर लिखा है पहले दिन के पहले शॉट का पहला टेक। इसके साथ फिल्म मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, %संगीत चार्ट पर धूम मचाने के बाद, सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रखने की घोषणा करते हुए हमें बहुत गर्व हो रहा है> सीटी, ताली, मसाला, संगीत, रोमांस के साथ हम अंशुल गर्ग की ÷प्रोडक्शन नंबर 1÷ प्रस्तुत करते हैं, जिसके सह-निर्माता राघव शर्मा हैं, जिसे मिलाप मिलन जावेरी ने लिखा और निर्देशित किया है, जिसमें हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा मुख्य भूमिका में हैं और सह-लेखक मुश्ताक शेख हैं। यह 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस पोस्ट में हालांकि की फिल्म के नाम को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन मीडियो रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का नाम 'दीवानियत'होगा। इस फिल्म का निर्देशन और लेखन मिलाप मिलन जावेरी करेंगे। फिल्म को अंशुल गर्ग के प्रोडक्शन हाउस के तहत बनाया जाएगा। आज कुछ ही देर पहले

हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की फिल्म की शूटिंग के पहले शैड्यूल की जानकारी फिल्म निर्माताओं ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी है, जिसके बाद इस पोस्ट पर कई सेलेब्स ने फिल्म के कलाकारों की शूटिंग शुरू होने की बधाई दी है। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने पोस्ट में लिखा, %बधाई हो सोनम बाजवा, मिलाप, राघव शर्मा और अंशुल गर्ग को%। जैकलीन के अलावा अमायरा दस्तूर ने भी इस पोस्ट पर बधाई देते हुए फायर इमोजी बनाए हैं।

## ग्राउंड जीरो में इमरान हाशमी को क्यों किया गया कास्ट? निर्देशक ने किया खुलासा

**मुंबई।** इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म ग्राउंड जीरो के निर्देशक तेजस प्रभा विजय देओस्कर ने हाल ही में अपनी फिल्म को लेकर बातचीत की। उन्होंने बताया कि यह फिल्म 2000 के दशक पर कश्मीर में सेट की गई है, जो बीएसएफ अधिकारी नरेंद्र नाथ दुबे के नेतृत्व में एक साहसी मिशन पर आधारित है।

## पांच देशों ने जताई राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी की इच्छा

**मेजबानी**

**सीडब्ल्यूएस ने यह भी कहा कि न्यूजीलैंड उन दो देशों में से एक है जो 2034 सत्र की मेजबानी करना चाहते हैं।**



**नई दिल्ली।** सीडब्ल्यूएस की ओर से यह पुष्टि खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र के हवाले से दी गई रिपोर्ट के एक महीने से भी कम समय बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि 2036 में ओलंपिक मेजबानी का लक्ष्य रखने वाले भारत ने 2030 में गुजरात में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए अपनी बोली प्रस्तुत की है।

राष्ट्रमंडल खेल (सीडब्ल्यूएस) ने बुधवार को घोषणा की कि 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत को कनाडा, नाइजीरिया और दो अन्य देशों से चुनौती का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रमंडल खेल 2030 में 100 साल पूरे करेगा। सीडब्ल्यूएस की ओर से यह पुष्टि खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र के हवाले से दी गई रिपोर्ट के एक महीने से भी कम समय बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि 2036 में ओलंपिक मेजबानी का लक्ष्य रखने वाले भारत ने 2030 में गुजरात में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए अपनी बोली प्रस्तुत की है। सीडब्ल्यूएस ने कहा कि उसे खेलों के 2030 सत्र की मेजबानी के लिए कनाडा और नाइजीरिया के अलावा दो और देशों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्राप्त हुई है। कुल मिलाकर सात देशों ने भविष्य के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी में रुचि व्यक्त की है, जिनमें से पांच ने शताब्दी सत्र के आयोजन की रुचि जताई है।

सीडब्ल्यूएस ने यह भी कहा कि न्यूजीलैंड उन दो देशों में से एक है जो 2034 सत्र की मेजबानी करना चाहते हैं। राष्ट्रमंडल खेलों ने बयान में कहा, अफ्रीका, अमेरिका, एशिया और ओसिनिया वे क्षेत्र हैं जहां से ईओआई प्रस्तुत किए गए हैं। कनाडा, भारत और नाइजीरिया ने पहले ही सार्वजनिक रूप से पुष्टि कर दी है कि उन्होंने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए ईओआई पेश की है। साथ ही दो अन्य देशों ने भी 2030 में मेजबानी के लिए अपनी रुचि जताई है।

# रियल मैड्रिड को हराकर आर्सेनल सेमीफाइनल में, बायर्न म्यूनिख को हराकर इंटर मिलान अंतिम-चार में

**मैड्रिड ।** आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत हासिल की थी और इस तरह से उसने रियल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। वहीं, इंटर मिलान ने बायर्न म्यूनिख को एग्रीगेट के आधार पर 4-3 से हराया। आर्सेनल ने बुधवार को गत चैंपियन रियल मैड्रिड को क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर 2009 के बाद पहली बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, बेंजामिन पावर्ड के गोल की बदौलत इंटर मिलान ने बुधवार को बायर्न म्यूनिख को क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 2-2 से रोक दिया। इस तरह मिलान की टीम चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंच गई। इससे पहले पीएसजी और बार्सिलोना भी अंतिम चार में पहुंच चुके हैं और सेमीफाइनल के मुकाबले तय हो गए हैं। अंतिम चार में

**मैदान**

**अपने घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में उसके खिलाड़ी कोई जादू नहीं दिखा पाए।**

पीएसजी का सामना आर्सेनल से और बार्सिलोना का सामना इंटर मिलान से होगा। इंटर मिलान ने क्वार्टर फाइनल का पहला चरण 2-1 से जीता था और इस तरह से उसने 4-3 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। फ्रांस के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पावर्ड 2023 में बायर्न को छोड़कर इंटर मिलान से जुड़े थे। यह इंटर के लिए पावर्ड का पहला गोल था। हैरी केन ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही गोल करके बायर्न म्यूनिख को कुल स्कोर में बराबरी दिला दी थी लेकिन लुटारो मार्टिनेज और पावर्ड के गोल से इंटर मिलान ने जल्द ही अपनी बढ़त मजबूत कर दी। बायर्न म्यूनिख की तरफ से 76वें मिनट में एरिक डियर ने बराबरी का गोल दागा, लेकिन इससे कुल स्कोर में हार का अंतर ही कम हो पाया। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत हासिल की थी और इस तरह से उसने रियल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। आर्सेनल ने इस तरह से पहली बार यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता जीतने की संभावना बरकरार रखी। सेमीफाइनल में उसका मुकाबला पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा। दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा। इस बार 15 बार का यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड किसी तरह की ऐतिहासिक को वापसी नहीं कर पाया। अपने घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में उसके खिलाड़ी कोई जादू नहीं दिखा पाए। यह 2020 के बाद पहला अवसर है जबकि रियल मैड्रिड सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाया। इस तरह से वह पिछले चार सत्र में तीसरी बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने से भी चूक गया। आर्सेनल और रियल मैड्रिड में से कोई भी पहले हाफ में गोल नहीं कर पाया। बुकायो साका पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए लेकिन उन्होंने 65वें मिनट में मिकेल मेरिनो के पास पर गोल करके आर्सेनल को बढ़त दिलाई। विनीसियस जूनियर ने इसके तुरंत बाद रियल मैड्रिड की तरफ से बराबरी का गोल दागा। आर्सेनल की तरफ से दूसरा गोल गेब्रियाल मार्टिनेली ने इंजरी टाइम में किया। रियल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे को चोटिल होने के कारण 75 मिनट के बाद मैदान छोड़ना पड़ा था। एस्टन विला की क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में शानदार वापसी के बावजूद पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) इस इंग्लिश क्लब को 5-4 के कुल स्कोर से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल पहुंचने में सफल रहा। विला ने मंगलवार को यहां खेले गए क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 3-2 से जीत हासिल की लेकिन पीएसजी ने पहले चरण का मैच 3-1 से जीता था और उसकी यह बढ़त आखिर में निर्णायक साबित हुई। पीएसजी ने पांच सत्र में तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। विला का हौसला बढ़ाने के लिए प्रिंस विलियम भी स्टेडियम में मौजूद थे लेकिन पीएसजी ने विला पार्क में 27 मिनट के अंदर फुल बैक अशरफ हकीमी और नूनो मेंडेस के गोल की बदौलत चार गोल की बढ़त बना ली। विला ने हाफटाइम से पहले यूरी टाईलेमैन्स के गोल से वापसी की जबकि दूसरे हाफ के शुरू में जॉन मैकगिन और एज़री कोन्सा ने दो मिनट के अंतराल में गोल करके उसकी उम्मीद जगा दी।

# बलि का बकरा बने अभिषेक नायर, सीनियर खिलाड़ी से सपोर्ट स्टाफ की हुई थी बहस? सूत्र ने उठाया राज से पर्दा



**नई दिल्ली।** अभिषेक को आठ महीने पहले ही असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया था, जब गौतम गंभीर ने मुख्य कोच का पद संभाला था। हालांकि, अब उन्हें सहायक कोच की उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। भारतीय टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर को सहयोगी स्टाफ के एक महत्वपूर्ण सदस्य के साथ अनबन की अटकलों के बीच सिर्फ आठ महीने के बाद पद से हटा दिया गया। हालांकि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के इस फैसले का कारण न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैचों में शिकस्त को बताया जा रहा है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने बीसीसीआई से जुड़े एक सूत्र के हवाले से बताया कि अभिषेक नायर को सहयोगी स्टाफ से हटाने की जानकारी पहले ही दे दी गई थी। सूत्र ने कहा- भारत की टेस्ट क्रिकेट में हाल की हार (न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) के बाद सहयोगी स्टाफ को लेकर मंथन चल रहा था लेकिन बीसीसीआई में यह भी महसूस हो रहा है कि सहयोगी स्टाफ के एक महत्वपूर्ण सदस्य और एक वरिष्ठ स्टार खिलाड़ी के बीच की लड़ाई में नायर बलि का बकरा बन गए। अभिषेक को आठ महीने पहले ही असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया था, जब गौतम गंभीर ने मुख्य कोच का पद संभाला था। हालांकि, अब उन्हें सहायक कोच की उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। उनके साथ फील्डिंग कोच टी. दिलीप और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को भी बर्खास्त कर दिया गया है। इसके अलावा टीम में खिलाड़ियों का मसाज करने वाले एक स्टाफ को भी बर्खास्त किया गया है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि भारत के पहले स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच एड्रियन ले रॉक्स के दूसरे कार्यकाल के लिए लौटने की संभावना है। विश्व कप 2003 के दौरान तत्कालीन सौरव गांगुली की अगुवाई वाली भारतीय टीम में एक नई फिटनेस संस्कृति की शुरुआत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के इस कोच को बहुत श्रेय दिया जाता है। पीटीआई ने इस संबंद में जब सचिव देवजीत सैकिया से इस पर सवाल किया तो उन्होंने न तो इसकी पुष्टि की और न ही इनकार किया। उन्होंने कहा- कुछ चीजों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आपको कुछ दिनों में इस बारे में सूचित कर दिया जाएगा।

## आरसीबी में फिनिशर की भूमिका का आनंद उठा रहे हैं जितेश शर्मा, बोले- 20-30 रन मेरे लिए अर्धशतक के समान

**नई दिल्ली।** जितेश इस आईपीएल में छठे नंबर पर उतर रहे हैं। इस युवा खिलाड़ी ने बताया कि पहले वह अर्धशतक और शतक बनाया करते थे, लेकिन अब 20-30 रन का स्कोर उनके लिए नया मील का पत्थर बन गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा आईपीएल 2025 में फिनिशर की भूमिका का आनंद उठा रहे हैं। जितेश ने चार पारियों में 154.38 के स्ट्राइक रेट और 29.33 के औसत से 88 रन बनाए हैं। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 21 गेंदों पर 33 और मुंबई इंडियंस के खिलाफ 19 गेंदों पर 40 रन की पारी खेली थी। जितेश ने फिनिशर की भूमिका पर बातचीत की और बताया कि किस तरह ओपनर की तुलना में अब उनका जीवन बदल गया।

# संदीप शर्मा इस अनचाही सूची में हुए शामिल, एक ओवर में फेंकी इतनी गेंदें

**नई दिल्ली।** संदीप आईपीएल में एक ओवर में सबसे ज्यादा गेंदें डालने वाले संयुक्त रूप से चौथे गेंदबाज बन गए हैं। संदीप के अलावा मोहम्मद सिराज, तुषार देशपांडे और शार्दुल ठाकुर ने भी आईपीएल के एक ओवर में 11 गेंदें डाली हैं। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान एक अनचाही सूची में शामिल हो गए। संदीप दिल्ली की पारी का आखिरी ओवर डालने आए, लेकिन उन्होंने 11 गेंदें फेंकी। दिल्ली कैपिटल्स ने अभिषेक पोरेल और केएल राहुल की शानदार साझेदारी की मदद से राजस्थान रॉयल्स के सामने 189 रनों का लक्ष्य रखा है। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली के लिए कोई बल्लेबाज बड़ी पारी तो नहीं खेल



सका, लेकिन उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाने में सफल रही। यह 2024 से दिल्ली में पिछले सात आईपीएल मैचों का सबसे न्यूनतम टोटल है। आखिरी ओवर डालने आए संदीप ने वाइड से शुरुआत की और फिर अगली गेंद पर कोई रन नहीं गया। इसके बाद संदीप ने लगातार तीन गेंदें वाइड डाली, जबकि अगली गेंद नो बॉल हुई जिस पर एक रन आया। स्टब्स ने फ्री हिट पर चौका जड़ा और फिर अगली गेंद को छक्के के लिए भेजा। संदीप की अगली तीन गेंदों पर एक-एक रन ही बने। इस तरह संदीप ने ओवर में 11 गेंदें फेंकी और कुल 19 रन लुटाए। संदीप इसके साथ ही आईपीएल में एक ओवर में सबसे ज्यादा गेंदें डालने वाले संयुक्त रूप से चौथे गेंदबाज बन गए हैं। संदीप के अलावा मोहम्मद सिराज, तुषार देशपांडे और शार्दुल ठाकुर ने भी आईपीएल के एक ओवर में 11 गेंदें डाली हैं। संदीप ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में चार ओवर में 33 रन दिए और उन्हें एक भी सफलता नहीं मिली। पहले बल्लेबाजी करते हुए जैक फ्रेजर मैकगर्क और पोरेल ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन जोफ्रा आर्चर ने मैकगर्क को नौ रन पर आउट किया।

## बंगाल के शिक्षकों को बड़ी राहत, जिनका नाम घोटाले में नहीं वे अगली भर्ती तक नौकरी जारी रख सकेंगे



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि उनका आदेश ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा क्योंकि इन ग्रुप में दागी उम्मीदवारों की संख्या ज्यादा है। सर्वोच्च अदालत ने बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले के पीड़ित शिक्षकों को थोड़ी राहत दी है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नौंवी से लेकर 12वीं कक्षा तक पढ़ाने वाले बेदाग शिक्षक अगली भर्ती तक अपनी नौकरी जारी रख सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति रद्द हुई है और उनका नाम घोटाले में शामिल नहीं है, वे नई चयन प्रक्रिया पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं। कोर्ट ने कहा हम नहीं चाहते कि बच्चों की पढ़ाई कोर्ट के फैसले से बाधित हो। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को 31 मई तक अगली भर्ती का विज्ञापन प्रकाशित करने का भी आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि अगर बंगाल सरकार ने 31 मई तक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया तो फिर वे उचित आदेश पारित करेंगे। सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वे पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन के तहत शिक्षकों की नई भर्ती प्रक्रिया 31 दिसंबर तक पूरी करें। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि उनका आदेश ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा क्योंकि इन ग्रुप में दागी उम्मीदवारों की संख्या ज्यादा है। उल्लेखनीय है कि 3 अप्रैल को, सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन के तहत भर्ती हुए 25 हजार से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्ति को समाप्त कर दिया था।

# भाजपा ने रॉबर्ट वाड्रा को बताया भू-माफिया, गांधी परिवार को बताया जन्मजात भ्रष्ट

**आरोप**

**मीडिया से बात करते हुए गौरव भाटिया ने रॉबर्ट वाड्रा पर आरोप लगाया कि उन्होंने किसानों की जमीन हड़पी।**



**नई दिल्ली।** गुरुवार को ईडी ने लगातार तीसरे दिन राबर्ट वाड्रा से पूछताछ की। वाड्रा ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताया और आरोप लगाया कि सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। भाजपा ने रॉबर्ट वाड्रा और गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला और कहा कि गांधी परिवार जन्मजात तौर पर भ्रष्ट है। गौरतलब है कि गुरुग्राम जमीन मामले में ईडी ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ की। भाजपा नेता गौरव भाटिया ने रॉबर्ट वाड्रा को भू-माफिया बताया। मीडिया से बात करते हुए गौरव भाटिया ने रॉबर्ट वाड्रा पर आरोप लगाया कि उन्होंने किसानों की जमीन हड़पी। उन्होंने नेता विपक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि वे नेशनल हेराल्ड मामले में शामिल हैं। साथ ही कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले से जुड़े होने का आरोप लगाया। दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर बोफोर्स घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया। भाटिया ने कहा कि क्या इस परिवार ने कसम खाई है कि ये जहां भी जाएंगे, वहां भारत को और किसानों की जमीनों को लूटेंगे? ये लोग नहीं चाहते कि कोई इनसे सवाल भी पूछे।% भाजपा नेता ने तंज कसते हुए कहा कि खुद की नजरों में और कांग्रेस की नजरों में राबर्ट वाड्रा एक बड़े जननेता हैं, लेकिन जनता की नजरों में वे एक भू-माफिया और भ्रष्ट इंसान हैं और यही हकीकत है। गुरुवार को ईडी ने लगातार तीसरे दिन राबर्ट वाड्रा से पूछताछ की। वाड्रा ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताया और आरोप लगाया कि सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि गैर भाजपाई नेताओं के खिलाफ ईडी द्वारा कार्रवाई की जा रही है, जिससे ईडी की निष्पक्षता सवालों के घेरे में है। वाड्रा ने कहा कि जब हमने अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई तो इसके चलते उनके खिलाफ ईडी कार्रवाई कर रही है।

वाड्रा ने कहा कि अगर मैं राजनीति में आया, जैसा कि सभी लोग चाहते हैं, वे (भाजपा) या तो वंशवाद के आरोप लगाएंगे या फिर ईडी का इस्तेमाल करेंगे। कुछ दिनों पहले मैंने अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का मामला उठाया था, उसके बाद ही परेशानी शुरू हो गई और ये कुछ नहीं। जब से मैंने कहा है कि लोग चाहते हैं कि मैं राजनीति में आऊं, तब से ही उन्हें निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन ईडी के समन का कोई आधार नहीं है।

## ऐसी कल्पना नहीं की थी, जहां जज कानून बनाएंग, सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर बोले उपराष्ट्रपति धनखड़



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति ने कहा कि अब जज विधायी चीजों पर फैसला करेंगे। वे ही कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही भी नहीं होगी क्योंकि इस देश का कानून उन पर लागू ही नहीं होता

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया आदेश पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि भारत में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे और कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे। उपराष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का जिक्र किया, जिसमें राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर विधेयक पर फैसला लेने की समयसीमा तय की गई है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है। रायसभा के प्रशिक्षुओं के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक हालिया फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है। हम कहां जा रहे हैं? देश में क्या हो रहा है? हमें इसे लेकर बेहद संवेदनशील होने की जरूरत है। हमने इस दिन की कल्पना नहीं की थी, जहां राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने के लिए कहा जाएगा और अगर वे फैसला नहीं लेंगे तो कानून बन जाएगा उपराष्ट्रपति ने कहा कि अब जज विधायी चीजों पर फैसला करेंगे। वे ही कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही भी नहीं होगी क्योंकि इस देश का कानून उन पर लागू ही नहीं होता। धनखड़ ने हालात पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अपने जीवन में मैंने ऐसे दिन की कल्पना नहीं की थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति देश का सबसे सर्वोच पद है। राष्ट्रपति संविधान की सुरक्षा की शपथ लेते हैं। जबकि सांसद, मंत्री, उपराष्ट्रपति और जजों को संविधान का पालन करना होता है। हम ऐसी स्थिति नहीं चाहते, जहां राष्ट्रपति को निर्देश दिए जाएं। आपको सिर्फ संविधान के अनुछेद 145 (3) के तहत संविधान की व्याख्या का अधिकार है और वह भी पांच या उससे यादा जजों की संविधान पीठ ही कर सकती है

## सरकार को जवाब देने के लिए सात दिन का समय, अगली तारीख तक यथास्थिति बनी रहेगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन वक्फ संशोधन अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। बीते दिन कोर्ट ने मामले की करीब दो घंटे सुनवाई की थी। इस दौरान पीठ ने अंतरिम रोक को लेकर कोई आदेश पारित नहीं किया था। अब जानिए सर्वोच्च न्यायालय में आज क्या-क्या हुआ... सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ से केंद्र की मांग पर सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तकउ पयोगकर्ता की ओर से वक्फ या दस्तावेजों की ओर से वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा।

# चुनाव नियम संशोधन को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई, ECI को तीन सप्ताह में दाखिल करना होगा जवाब

**संचालन**

**सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव संचालन नियम 1961 में किए गए संशोधनों को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की 1961 के चुनाव संचालन नियम में हाल के संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने चुनाव आयोग को जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया।संशोधित नियम सीसीटीवी और अन्य चुनाव संबंधी दस्तावेजों तक जनता की पहुंच को प्रतिबंधित करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव संचालन नियम 1961 में किए गए संशोधनों को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने कांग्रेस सचिव जयराम रमेश और अन्य की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए चुनाव आयोग को तीन सप्ताह का वक्त दिया है। 15 जनवरी को इस मामले में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। गुरुवार को जब याचिका पर सुनवाई शुरू हुई तो चुनाव आयोग की ओर से आए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने जवाब दाखिल करने के लिए तीन और सप्ताह का समय मांगा। पीठ ने सिंह की प्रार्थना स्वीकार कर ली और सुनवाई के लिए 21 जुलाई का सप्ताह तय किया। इस मामले को लेकर जयराम रमेश के अलावा श्याम लाल पाल और कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज ने जनहित याचिका दायर की है। सुनवाई के दौरान जयराम रमेश की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने कहा है कि 1961 के चुनाव नियमों में संशोधन बहुत चालाकी से किए गए थे। सीसीटीवी फुटेज तक किसी भी पहुंच को रोक दिया गया था। सिंघवी ने कहा कि मतदान के विकल्प कभी उजागर नहीं किए गए और सीसीटीवी फुटेज से वोटों का पता नहीं चल सकता और पीठ से आग्रह किया कि वह चुनाव आयोग और केंद्र से सुनवाई की अगली तारीख से पहले अपने जवाब दाखिल करने को कहे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दिसंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में 1961 के चुनाव संचालन नियम में हाल के संशोधनों को चुनौती दी गई है। संशोधित नियम सीसीटीवी और अन्य चुनाव संबंधी दस्तावेजों तक जनता की पहुंच को प्रतिबंधित करते हैं। जयराम रमेश ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की अखंडता तेजी से खत्म हो रही है। उम्मीद है कि सर्वोच्च न्यायालय इसे बहाल करने में मदद करेगा। चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93 अनुबंधों के मुताबिक, चुनाव से संबंधित सभी कागजात% सार्वजनिक निरीक्षण के लिए रखे जाएंगे। यानी ये सार्वजनिक स्तर पर उपलब्ध होंगे। अब केंद्र सरकार ने इस नियम में संशोधन किया है। इसके तहत अब नियम 93 की शब्दावली में %कागजातों% के बाद %जैसा कि इन नियमों में निर्दिष्ट है% शब्द जोड़े गए हैं। चुनाव आयोग से मशवरे के बाद केंद्रीय कानून और विधि मंत्रालय की तरफ से किए गए बदलावों के बाद अब चुनाव संबंधी सभी दस्तावेजों को सार्वजनिक निरीक्षण के लिए नहीं रखा जाएगा। अब आम जनता सिर्फ उन्हीं चुनाव संबंधी दस्तावेजों को देख सकेगी, जिनका जिक्र चुनाव कराने से जुड़े नियमों में पहले से तय होगा।


## मणिपुर की ऑडियो क्लिप की सत्यता रिपोर्ट जल्द होगी कोर्ट में पेश

**नई दिल्ली।** याचिका में आरोप लगाया गया कि लीक ऑडियो में पूर्व सीएम एन बीरेन सिंह की आवाज है, जिसमें वे हिंसा भड़काते सुनाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पार्टी में बढ़ती बगावत और नाराजगी को देखते हुए एन बीरेन सिंह ने बीती फरवरी में सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया है कि मणिपुर की लीक ऑडियो को लेकर फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री की रिपोर्ट तैयार है और जल्द ही उसे कोर्ट में पेश कर दिया जाएगा। इस ऑडियो में कथित तौर पर पूर्व सीएम एन बीरेन सिंह की आवाज है, जिसमें वे लोगों को हिंसा के लिए भड़काते सुनाई दे रहे हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि रिपोर्ट तैयार है और उसे जल्द ही सीलबंद लिफाफे में कोर्ट में पेश कर दिया जाएगा। सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की तरफ से पेश हुए वकील की दलील को मानते हुए सुनवाई 5 मई तक के लिए टाल दी। गौरतलब है कि कुकी मानवाधिकार संगठन (चह्मात्र) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में आरोप लगाया गया कि लीक ऑडियो में पूर्व सीएम एन बीरेन सिंह की आवाज है, जिसमें वे हिंसा भड़काते सुनाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पार्टी में बढ़ती बगावत और नाराजगी को देखते हुए एन बीरेन सिंह ने बीती फरवरी में सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था।

याचिकाकर्ता कुकी संगठन की तरफ से वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण कोर्ट में पेश हुए और उन्होंने मणिपुर हिंसा में पूर्व सीएम एन बीरेन सिंह की कथित संलिप्तता की जांच के लिए अदालत की निगरानी में एसआईटी गठित करने की मांग की। लीक ऑडियो में कथित तौर पर पूर्व सीएम मैतई संगठनों को भड़काते हुए और उन्हें सरकार के हथियार और गोला बारूद लूटने के लिए उकसाते सुनाई दे रहे हैं।

# 500 दिन बाद गाजा से घर लौटे रूसी बंधक, पुतिन ने की मुलाकात



**मॉस्को।** हमास द्वारा रिहा किए गए रूसी नागरिकों के रूस पहुंचने पर राष्ट्रपति पुतिन ने हमास को धन्यवाद कहा। साथ ही उन्होंने रिहा हुए बंधकों से मुलाकात भी की। पुतिन ने कहा कि यह रिहाई रूस और फलस्तीनी के साथ वर्षों से चले आ रहे अच्छे संबंधों का नतीजा है। इस्राइल के साथ जारी संघर्ष के बीच हमास की तरफ से गाजा में बंधक बनाए गए तीन रूसी नागरिकों को रिहाई और उनके सही सलामत रूस वापस लौटने पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हमास को धह्यन्यवाद कहा। साथ ही रिहा हुए लगों से मुलाकात की। बता दें कि इन तीनों रूसी नागरिकों को अक्तूबर 2023 में इस्राइल पर हमले के दौरान हमाल द्वारा बंधक बना लिया गया था, जिसके बाद करीब 500 दिन बाद 15 फरवरी 2025 को युद्धविराम समझौते के तहत इन्हें रिहाई मिली।

बुधवार देर रात क्रेमलिन में पुतिन ने रिहा हुए रूसी नागरिक अलेक्जेंडर ट्रूफानोव और उनके दो परिवारजनों से मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ट्रूफानोव को फरवरी 2025 में रिहा किया गया। पुतिन ने कहा कि यह आपकी रिहाई रूस और फलस्तीनी संगठनों के साथ वर्षों से चले आ रहे भरोसे और संबंधों का नतीजा है।

अब बात अगर अलेक्जेंडर ट्रूफानोव की करें तो उनकी मां एलेना ट्रूफानोवा, दादी इरिना टाटी, और मंगेतर सैपिर कोहेन को हमास ने अगवा कर लिया था। उनके परिवार के मुखिया विटाली ट्रूफानोव की हमले में मौत हो गई थी। एलेना, इरिना और सैपिर कोहेन को 53 दिन बाद बंधक अदला-बदली के जरिए रिहा किया गया। अलेक्जेंडर ट्रूफानोव को करीब 500 दिन बाद 15 फरवरी 2025 को युद्धविराम समझौते के तहत रिहाई मिली।

पुतिन ने हमास के नेतृत्व और उनके राजनीतिक विंग का भी आभार जताया। साथ ही रूसी नागरिकों की रिहाई के लिए धन्यवाद दिया। इसके साथ ही पुतिन ने वादा किया कि वे बाकी बचे बंधकों की रिहाई के लिए भी प्रयास करते रहेंगे। गौरतलब है कि कई लोग जो इस्राइल में बस गए हैं, वे अब भी रूसी नागरिकता बनाए हुए हैं, और रूस ऐसे मामलों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

गौरतलब है कि 7 अक्तूबर 2023 को, जब हमास ने इस्राइल पर हमला किया था, तब 1,200 से ज्यादा लोगों की जान गई थी और 251 लोग बंधक बना लिए गए थे। इस घटना के बाद से इस्राइल ने गाजा पर जवाबी हमले शुरू कर दिए, जिनमें अब तक 50,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

# 15 साल बाद बांग्लादेश-पाकिस्तान की विदेश सचिव स्तरीय वार्ता

**वार्ता**

**पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 15 साल के लंबे अंतराल के बाद विदेश सचिव स्तर की वार्ता हुई।**



**ढाका।** पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री इशाक डार के बांग्लादेश दौरे से पहले दोनों देशों के विदेश सचिवों की बातचीत हुई। शीर्ष अधिकारियों की इस बातचीत में व्यापारिक रिश्तों के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों पर बात हुई। 15 साल बाद हुई इस बातचीत को काफी अहम माना जा रहा है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 15 साल के लंबे अंतराल के बाद विदेश सचिव स्तर की वार्ता हुई। गुरुवार को हुई इस बातचीत में विदेश मंत्रालय के सचिवों के बीच दोनों देशों के व्यापार संबंधों और द्विपक्षीय रिश्ते के अलग-अलग पहलुओं पर विस्तार से बातचीत हुई। यह मुलाकात और वार्ता इसलिए भी अहम है क्योंकि दोनों देशों के अधिकारियों की बातचीत पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार आने वाले दिनों में ढाका जाने वाले हैं। पिछली बार दोनों देशों के बीच विदेश कार्यालय परामर्श (स्नह्रष्ट) 2010 में हुआ था। शीर्ष अधिकारियों की बातचीत के संबंध में देश की सरकारी एजेंसी ने बयान जारी किया। बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) ने कहा, बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीम उद्दीन और पाकिस्तान की विदेश सचिव आमना बलूच ने ढाका में आयोजित विदेश कार्यालय परामर्श (स्नह्रष्ट) के दौरान विस्तार से बात की। बलूच बुधवार को ढाका पहुंची हैं। खबरों के मुताबिक बलूच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन से शिष्टाचार भेंट भी करेंगी। 2012 के बाद पहली बार कोई पाकिस्तानी विदेश मंत्री ढाका का दौरा करने वाला है। अप्रैल के अंतिम हफ्ते में इशाक डार की बांग्लादेश यात्रा प्रस्तावित है। इससे दोनों देशों के रिश्ते सुधरने की आशा है। साल 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल में जब सरकार ने पाकिस्तानी सैनिकों के कट्टर सहयोगियों पर मुकदमा चलाना शुरू किया, तब दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट घुल गई। हसीना ने जो मुकदमा शुरू किया वह बांग्लादेश के 1971 के मुक्ति संग्राम से जुड़ा है। अब 15 साल के बाद रिश्ते बेहतर होने लगे हैं। पिछले साल (2024) पांच अगस्त को छात्रों का विरोध बढ़ने के बाद हसीना को पद छोड़ना पड़ा था। इसके बाद फिलहाल मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के दौर में दोनों देशों के संबंध सुधर रहे हैं। गौरतलब है कि भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों की तल्खी के कारण पाकिस्तान की भूमिका अहम हो गई है। हाल ही में भारत ने ट्रांसशिपमेंट की सुविधा बंद कर दी है, जिससे बांग्लादेशी अर्थव्यवस्था को लेकर कई चिंताएं उपजने लगी हैं। बांग्लादेश को दी जानी वाली माल ट्रांसफर सुविधा (ट्रांस-शिपमेंट) वापस लेने से बांग्लादेश का भूटान, नेपाल और म्यांमार के साथ व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने बीते 8 अप्रैल को सर्कुलर जारी कर इस फैसले की जानकारी दी।

## मादक पदार्थों के खिलाफ तुर्किये का सबसे बड़ा ऑपरेशन, अब तक 525 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया



**इंस्ताबुल।** तुर्की पुलिस ने गुरुवार को राजधानी अंकारा में कार्रवाई करते हुए 525 संदिग्ध ड्रग डीलरों को हिरासत में लिया है। इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि यह देश के इतिहास में सबसे बड़ा नारकोटिक्स ऑपरेशन था। मंत्री के अनुसार इस अभियान में हजारों पुलिस अधिकारी, खोजी कुत्ते, ड्रोन और हेलीकॉप्टर शामिल थे और 625 से ज्यादा जगहों को निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि ये छापे छह महीने तक हर संदिग्ध की तकनीकी और शारीरिक निगरानी का नतीजा थे। आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से कई पर इंटरनेट आधारित संचार प्लेटफार्मों के माध्यम से मोहल्लों और गलियों में मादक पदार्थों की बिक्री में शामिल होने का संदेह है। मंत्री येरलिकाया ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, हमने उन जहर बेचने वालों को एक बार फिर बहुत स्पष्ट रूप से दिखा दिया है- जिस सड़क पर आप आए हैं, वह एक बंद गली है। आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि कार्रवाई जारी रहेगी और आने वाले दिनों में और लोगों को हिरासत में लिया जाएगा। तुर्किये में ये छापेमार कार्रवाई मंगलवार को यूरोप भर में बड़े पैमाने पर चलाए गए अभियान के बाद की गई है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क को निशाना बनाया गया। नीदरलैंड, तुर्किये, जर्मनी, स्पेन और बेल्जियम में यूरोपोल और पुलिस बलों के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान 230 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसके दौरान 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति जब्त की गई।

# गाजा में इस्राइली हमले में एक परिवार के 10 लोग समेत 23 की मौत

**चिंता**

**गाजा में खाद्य आपूर्ति बंद होने पर संयुक्त राष्ट्र मानवीय कार्यालय (ओसीएचए) ने चिंता जताई।**



**डेर अल-बलाह।** पिछले महीने हमास के साथ युद्ध विराम समझौता खत्म होने के बाद इस्राइल ने गाजा में फिर से हमले शुरू कर दिए हैं। अब तक इन हमलों में सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। दक्षिणी शहर खान यूनिस में इस्राइली हमले में एक ही परिवार के 10 लोग समेत 23 की मौत हो गई। वहीं संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में खाद्य आपूर्ति बंइ होने पर चिंता जाहिर की।

गाजा पट्टी में इस्राइल के हवाई हमले लगातार जारी हैं। गाजा पट्टी में गुरुवार रात को हुए हमलों में एक परिवार के 10 लोग समेत 23 की मौत हो गई। वहीं गाजा में पिछले छह सप्ताह से खाद्य आपूर्ति बंद होने पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। इसके चलते गाजा पट्टी में लोगों को खाना नहीं मिल पा रहा है। कई जगह तो पानी तक का संकट है। पिछले महीने हमास के साथ युद्ध विराम समझौता खत्म होने के बाद इस्राइल ने गाजा में फिर से हमले शुरू कर दिए हैं। अब तक इन हमलों में सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। नासेर अस्पताल के अनुसार दक्षिणी शहर खान यूनिस में इस्राइली हमले में एक ही परिवार के पांच बच्चे, चार महिलाएं और एक पुरुष की मौत हो गई। वहीं इंडोनेशियाई अस्पताल के अनुसार उत्तरी गाजा में हमलों में नौ बच्चों सहित 13 लोग मारे गए। गाजा में खाद्य आपूर्ति बंद होने पर संयुक्त राष्ट्र मानवीय कार्यालय (ओसीएचए) ने चिंता जताई। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा के लगभग 20 लाख से ज्यादा लोग अब भोजन के लिए सहायता समूहों की ओर से चलाई जा रही चैरिटी रसोई में बन रहे केवल 10 लाख लोगों के भोजन पर निर्भर हैं। आपूर्ति बंद होने से यहां खाद्य वितरण कार्यक्रम बंद हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य सहायता समूह अपने बचे हुए स्टॉक को चैरिटी रसोई में भेज रहे हैं। गाजा में भोजन के लिए लोग केवल बाजार पर निर्भर हैं, लेकिन कीमतें ज्यादा होने से लोग खाद्य पदार्थ नहीं खरीद पा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा पट्टी अब 18 महीनों में सबसे खराब मानवीय संकट का सामना कर रही है। नॉर्वेजियन रिफ्यूजी काउंसिल की प्रवक्ता शाइना लो ने कहा कि गाजा में ज्यादातर लोग अब दिन में सिर्फ एक बार भोजन कर पा रहे हैं। यह जरूरत से बहुत कम है। इसके अलावा गाजा में पानी की कमी बढ़ती जा रही है। फलस्तीनी लोग ट्रकों से जेरी कैन भरने के लिए लंबी लाइनों में खड़े हैं। स्थानीय जल उपयोगिता के एक अधिकारी उमर शतत ने कहा कि लोगों को प्रतिदिन छह या सात लीटर पानी ही मिल रहा है, जो बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक मात्रा से काफी कम है।

इस्राइली रक्षा मंत्री काट्ज ने साफ कहा है कि उनके देश की नीति साफ है कि वे हमास पर दबाव बनाने के लिए ये हमले कर रहे हैं और जब तक हमास बाकी बचे बंधकों को रिहा नहीं करता है, तब तक हमास पर हमले जारी रहेंगे। मानवीय सहायता को रोकना हमास के खिलाफ इस्तेमाल की जाने वाली दबाव रणनीति में से एक है। हमास ने वर्तमान में 59 बंधकों को पकड़ रखा है, जिनमें से 24 के जीवित होने का अनुमान है। उसका कहना है कि वह उन्हें केवल अधिक फलस्तीनी कैदियों की रिहाई, गाजा से पूरी तरह इस्राइल की वापसी और एक स्थायी युद्धविराम के बदले में वापस करेगा।

गाजा सूप किचन के सह-संस्थापक हानी अलमाधौन ने कहा कि उनकी रसोई में लगभग तीन और हफ्तों का भोजन है। हमारे पास पास्ता और चावल है, लेकिन इसके अलावा कुछ भी नहीं है। कोई ताजा उपज नहीं है। कोई चिकन या बीफ नहीं है। हमारे पास केवल डिब्बाबंद मांस है। भोजन के लिए उनकी रसोई में आने वाले 15-20 प्रतिशत लोग खाली हाथ लौटते हैं।

# स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत नामांकन कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** नगर क्षेत्र जौनपुर में अवस्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सिपाह (कक्षा 1 से 8) में स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत नामांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने माँ सरस्वती को प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। नगर शिक्षा अधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल एवं सभासद अबुजर शेख का बुके देकर स्वागत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने सम्बोधन में शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए उपस्थित जनों से अपील किया कि सभी अपने बच्चों के रहने-खाने में भले ही थोड़ी बहुत कमी कर दें परन्तु शिक्षा में किसी भी प्रकार की कमी न करें, क्योंकि यदि आपका बच्चा शिक्षित हो गया तो वह अपने परिवार ही नहीं अपितु समाज एवं राष्ट्र के विकास में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सभासद कम्पोजिट विद्यालय सिपाह के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं नगर शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ उनके कार्यालय के कार्मिकों द्वारा अचला देवी घाट से ईरानी बस्ती तक डोर टू डोर अभिभावकों से सम्पर्क करके 17 नये नवीन नामांकन मौके पर ही किया गया। इस अवसर नगर ए0आर0पी0 सतीश मौर्य, शिक्षक संकुल दुर्गेश नन्दन, विनय विश्वकर्मा, रवि एवं पंकज इत्यादि उपास्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रा0वि0 पुलिस लाइन की प्रधानाध्यापिका नीतू सिंह ने किया।

# फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति पर डीएम हुए नाराज

- समस्त उपजिलाधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा अवगत कराया गया है कि आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0, द्वारा फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु 30 अप्रैल 2025 तक विशेष कैम्प मोड में अभियान चलाने हेतु निर्देश दिये गये थे। लेकिन प्रायः यह देखा जा रहा है कि तहसीलो में विशेष कैम्प मोड में कार्य नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण 16 दिनों का समय व्यतीत होने के पश्चात भी जनपद के कुल लक्ष्य 8 लाख 79 हजार 3 सौ 54 के सापेक्ष अभी तक 4 लाख 24 हजार 701 जो कि मात्र 48.3 प्रतिशत है, जो कि अत्यन्त निराशाजनक है। जनपद के शत प्रतिशत किसानों का फार्मर आईडी बनना है क्योंकि आगामी पीएम किसान सम्मान निधि सहित सरकारी योजनाओ का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा जिनकी फार्मर रजिस्ट्री तैयार हो चुकी है, किन्तु अभी तक प्रगति मात्र 48.3 प्रतिशत होने के कारण जनपद की रैंकिंग लगातार गिरती जा रही है। जिसके कारण जिलाधिकारी के द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सभी उपजिलाधिकारी स्पष्ट करें कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत समयान्तर्गत पूर्ण कराने हेतु क्या कार्य योजना बनाई गई है? साथ ही यह भी स्पष्ट करें कि बेहतर प्रगति वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने हेतु क्या कदम उठाये गये तथा जिन कर्मचारियों द्वारा प्रगति नही की गयी उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही किया गया, उपरोक्त का स्पष्टीकरण समस्त उपजिलाधिकारी तीन दिवस के अन्दर जिलाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## प्यार में न मजहब की दीवारें टिकती हैं, न सामाजिक बंधन

**आजमगढ़।** प्यार में न मजहब की दीवारें टिकती हैं, न सामाजिक बंधन। ऐसा ही एक नजारा आजमगढ़ में देखने को मिला, जहां मुस्लिम युवती सदमा नूरी ने अपने हिंदू प्रेमी राजा बाबू प्रजापति के साथ सात फेरे लेकर नई जिंदगी की शुरुआत की। शादी के बाद सदमा ने अपना नाम बदलकर रानी रख लिया। यह विवाह शहर के पुरानी कोतवाली स्थित शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। जिसमें विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के सदस्यों ने साक्षी की भूमिका निभाई और नवदंपति को सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।

मुबारकपुर थाना क्षेत्र के निवासी राजा बाबू और सदमा नूरी का प्रेम फरवरी 2025 में परवान चढ़ा। तीन महीने के प्रेम के बाद दोनों ने शादी का फैसला लिया, लेकिन धर्म आड़े आ गया। राजा बाबू, जो विहिप के कार्यकर्ता हैं, ने अपने संगठन से मदद मांगी। गुरुवार को पहले कोर्ट मैरिज हुई और फिर शिव मंदिर में वैदिक रीति-रिवाज से शादी संपन्न हुई। राजा बाबू ने रानी की मांग में सिंदूर भरा, दोनों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए और एक-दूसरे को जयमाला पहनाई।

# तीन गौतस्कर गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर। (जलालपुर)** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुलिस द्वारा गोवध करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पिकअप, 6 गोवंश, चार मोटरसाइकिल व अन्य सामान बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव पुलिस लाइन सभागार में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह अपने सहयोगियों के साथ बातचीत कर रहे थे कि मुखबिर ने बताया कि ग्राम बदलपुर में शनि सिंह की पाही पर कुछ लोग गोवंश को पकड़ कर वध करने हेतु बंगाल, बिहार ले जाने के लिए इकठ्ठा किये है इस सूचना पर थानाध्यक्ष जलालपुर पुलिस फोर्स के साथ शनि सिंह के पाही पर पहुंचे तो देखा कि गो-तस्कर गोवंशो को लाद रहे है। हम पुलिस वाले दो तरफ से घेरा बनाकर गोतस्करो को आत्मसमर्पण करने हेतु कहा गया, तभी पुलिस वालो को देख कर गोतस्करो ने पुलिस वालो को निशाना बनाकर फायर करना शुरू कर दिया कि पुलिस द्वारा चालक सीट पर बैठे व्यक्ति रंगीले उर्फ संजय पुत्र दरोगा सोनकर निवासी पचपेडवा थाना अली नगर जनपद चन्दौली , रवि यादव पुत्र बल्ली यादव निवासी कोरी थाना अली नगर जनपद चन्दौली, जय प्रकाश उर्फ जे0पी0 पुत्र वीरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी बदलपुर थाना जलालपुर को पकड़ लिया गया।


तथा शेष अभियुक्तगण शनि सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी बदलपुर थाना जलालपुर जनपद , दरोगा उर्फ विकाश पुत्र गिरजा प्रसाद निवासी दयालपुर थाना अली नगर जनपद चन्दौली, सोनू सोनकर पुत्र बाबू लाल सोनकर निवासी रेमा थाना अली नगर जनपद चन्दौली, सैफ पुत्र मुसाफिर निवासी मथुरापुर कोठवा थाना जलालपुर जौनपुर एवं सद्दाम पुत्र अज्ञात पता अज्ञात गाडी छोडकर भागने में सफल हो गये।

## सीएमपी डिग्री कॉलेज पर बमबाजी, छात्र घायल

**प्रयागराज।** सीएमपी डिग्री कॉलेज गेट के पास बमबाजी से एक छात्रा और छात्र घायल हो गए। घटना में घायल दोनों छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, जार्ज टाउन थाना पुलिस ने बीए तृतीय वर्ष के छात्र पर मुकदमा दर्ज किया है। कॉलेज की अनुशासना धिकारी प्रोफेसर अर्चना त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि बुधवार को सीएमपी डिग्री कॉलेज में सुबह सात बजे से 10 बजे तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा संचालित हो रही थी। परीक्षा समाप्ति के बाद महाविद्यालय के मुख्य गेट पर तेज आवास सुनाई दी, जिसे सुनकर मुख्य गेट पर आई। छात्रों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि बीए तृतीय वर्ष के छात्र आलोक पाठक ने को अंजाम दिया है, जो कि मूल रूप से बस्ती जिले के थाना खास गांव हरैया का रहने वाला है। पता चला कि आलोक ने अपने साथियों के साथ मिलकर बम फेका है। इस घटना में एक छात्र शिवम सिंह एवं छात्रा स्मृति यादव को चोटे आई हैं।

# पुलिस इंस्पेक्टर के बेटे की तैराकी ट्रेनिंग में मौत

- छात्रों ने किया प्रदर्शन, कोच को बर्खास्त करने और मुआवजा देने की मांग
- एनसीसी कोच ने बिना लाइफ जैकेट यमुना में उतारा




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** किला घाट पर एक पुलिस इंस्पेक्टर के इकलौते बेटे की यमुना में डूबने से मौत हो गई। आरोप है कि एनसीसी छात्र बिना लाइफ जैकेट के नदी में उतरा, लेकिन कोच ने उसे नहीं रोका। छात्र तैरते-तैरते गहराई में चला गया। साथी छात्रों ने शोर मचाया, लेकिन तब तक वह डूब चुका था। गोताखोरों ने उसे किसी तरह बाहर निकाला। छात्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। 20 साल का अमन ईविंग क्रिश्चियन कॉलेज से बायोलॉजी से बीएससी कर रहा था। इसके साथ ही एनसीसी भी कर रहा था। घटना बुधवार को हुई। छात्र की डूबने से हुई मौत से आक्रोशित छात्र छात्राएं आज गुरुवार सुबह प्रदर्शन पर उतर आए। कॉलेज में सैकड़ों छात्रों ने एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर अजीन रे के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों ने कहा कि ईसीसी प्रशासन की लापरवाही से आज अमन की मौत हुई है, कल हम लोगों में से भी किसी के साथ ऐसा हो सकता है। छात्रों ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से अजीन रे को निलंबित किया जाए और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। अमन झुंसी की ब्रह्मपुरी कॉलोनी का रहने वाला था। उसके पिता निरंजन यादव यूपी पुलिस में इंस्पेक्टर हैं। अमन तीन बहनों में इकलौता भाई था। बुधवार को अमन एनसीसी कोच राकेश कुमार और साथी छात्रों के साथ गऊघाट पहुंचा। यहां वह यमुना नदी में तैराकी सीख रहा था। छात्रों का कहना है कि कोच ने अमन को बिना लाइफ जैकेट के पानी में उतार दिया था। वह तैरते-तैरते गहराई में चला गया। हम लोगों ने शोर मचाया, लेकिन तब तक वह डूब चुका था। गोताखोरों की मदद से अमन को बाहर निकाला गया। उसे तुरंत स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने पूरी तरह से लापरवाही बरती है। कॉलेज में एक स्विमिंग पूल एनसीसी तैराकों के लिए बना है, लेकिन वहां पर ना ले जाकर अमन को यमुना नदी में बिना लाइव जैकेट के उतार दिया था। इसकी वजह से अमन की मौत हुई है। आरोप लगाया कि अमन ने डूबते वक्त बचाने के लिए गुहार भी लगाई थी। यह देखकर कोच राकेश ने कहा कि डूबने दो। ऐसे सीखेगा। अभी ऊपर आ जाएगा, लेकिन अमन बह गया।

### सछास ने सौंपा ज्ञापन, की कार्रवाई और मुआवजे की मांग

समाजवादी छात्र सभा की ईसीसी इकाई ने आज अमन यादव की मृत्यु के खिलाफ प्रदर्शन किया और ईसीसी प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कल 16 अप्रैल को बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र अमन यादव जो एनसीसी का छात्र था। वह पानी में तैराकी सीखने के वास्ते अपने कालेज के ट्रेनर के साथ यमुना नदी में गया। जहां ट्रेनर द्वारा उचित सुरक्षा नहीं देने के कारण वह पानी में डूब गया। अगर ट्रेनर या कॉलेज प्रशासन द्वारा उचित प्रबंध किया गया होता तो आज एक निर्दोष छात्र अमन यादव की जान बच जाती परंतु ट्रेनर व कालेज प्रबंधन की लापरवाही से एक छात्र की मौत हो गई। उन्होंने मांग की है कि मामले का संज्ञान लेकर जो भी दोषी इसमें संलिप्त हैं उनके ऊपर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और आगे से ऐसी घटना न हो इसका विशेष प्रबंध किया जाए. मृतक छात्र अमन यादव के घर वालों को 50 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाए वरना हम सभी विश्विद्यालय के छात्र आंदोलन को बाध्य होंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी कालेज प्रशासन की होगी।

# गलत रिपोर्ट के विरोध में प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जनपद उपजिलाधिकारी, सदर, द्वारा दिनांक 20.01.2024 को गुरुद्वारा साहिब की जमीन के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), आजमगढ़ व अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अजगगढ़ को बिन्दुवार आख्या भेजी गयी थी। वहीं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) आजमगढ़ व अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आजमगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 31.01.2024 को मा0 उपायुक्त सर्वे कमिश्नर वक्फ, उत्तर प्रदेश, 824, जवाहर भवेन, लखनऊ को मल्त आख्या प्रेषित की गयी है। इस सम्बन्ध में मांग किया की अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा भेजे गये बिन्दुवार आख्या के बिन्दु-5 में दर्शाया गया है कि संजय पुत्र लल्लन व शीला देवी पत्नी शिक्कार राम को आर्थिक रूप से कमजोर और इनके पास अन्य कोई आवास संज्ञान में नहीं आने की बात कही गयी है। जबकि ग्राम कोलपाण्डेय स्थित गाटा सं0-33 में शीला देवी पत्नी शिवधार राम का पक्का मकान निर्मित है। इसी प्रकार बिन्दु सं0-8 में एकपक्षीय रूप से विपक्षियों के खिलाफ आदेश 12.09.2023 होने की बात भी झूठी एवं गलत है। जबकि वाद सं0 टी 20211506010606‌1 आदेश दिनांक 12.09.2023 अंतर्गत धारा-134 के तहत सभी विपक्षी वकालतनामा के माध्यम से हाजिर थे। गुरुद्वारा साहिब की जमीन के बावत उच्चाधिकारियों द्वारा बिना स्थलीय जाँच किये गलत आख्या प्रेषित करने के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने की कृपा करें। साथ ही मामले में पुनः सक्षम अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जाँच करायी जाय।

## पुलिस कमिश्नर ने की जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा

**प्रयागराज।** गुरुवार को पुलिस आयुक्त तरुण गाबा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित त्रिवेणी सभागार में कमिश्नरेट प्रयागराज के समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी एवं शाखा प्रभारी के साथ कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, गैंगेस्टर एक्ट के लम्बित समस्त अभियोगों, लम्बित विवेचनाओं, यू0पी-112 तथा यातायात प्रबन्धन आदि की समीक्षा की गयी व निम्न बिन्दुओं पर दिशा निर्देश दिये गये। आईजीआरएस एवं जनसुनवाई से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। महिला सम्बन्धी अपराध/ लूट/हत्या एवं अन्य जघन्य अपराधों पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। न्यायालय से सम्बन्धित प्रकरणों व प्रपत्रों को प्राथमिकता देकर समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु हत्या/लूट व वांछित/इनामिया अभियुक्तों का अभियान चलाकर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# 76 हजार को बेरोजगार करने को सरकार कर रही विद्युत विभाग का निजीकरण: भाकपा

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** विद्युत विभाग के निजीकरण कार्यवाही को जनहित विरोधी कदम करार देते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नगर इकाई ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान भाकपा नगर इकाई के पदाधिकारी एक कुंवर सिंह उद्यान से निकलकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और राज्यपाल को संबोधित चार सूत्री मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपा। भाकपा नगर मंत्री अशोक कुमार राय ने कहाकि केवल अपने चहेते पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल के विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले 42 जिलों का सरकार निजीकरण करने जा रही है। सरकार के इस कदम से किसान के साथ साथ निम्न व मध्य वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ लादे जाने की कवायद है। आज प्रदेश में घरेलू बिजली की अधिकतम कीमत रूपये 6.50 प्रति यूनिट है, निजीकरण में होने पर यह कीमत बढ़ाकर 17 से 18 रूपये यूनिट कर दी जाएगी। सरकार बेरोजगार की समस्या पर काम नहीं कर रही है बल्कि जनता को आर्थिक बोझ लादकर उसकी हालत खराब करने की नियत बना रखी है। बिजली कर्मचारी संघ के रामअवध ने आरोप लगाते हुए कहाकि निजीकरण होने से सबसे बड़ा खतरा पचास हजार संविदा कर्मचारियों पर पड़ेगा, प्रदेश में 76000 सरकारी पद समाप्त हो जाएंगे। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का 4 हजार करोड़ रूपये का राजस्व बकाया है ओर दक्षिणांचल में 25 हजार करोड़ रूपये का राजस्व बकाया है। निजीकरण होने पर लगभग 66 हजार करोड़ रूपये की क्षति होगी। सरकार के अनुसार 15 हजार करोड़ रूपये का बिजली राजस्व का बकाया और उसके सापेक्ष हजार करोड़ रूपये का घाटा, इससे साफ है कि राजस्व वसूल लिया जाए तो प्रदेश में विद्युत निगम मुनाफे में है लेकिन सरकार पूजीपंतियों पर मेहरबान है और जनता विरोधी बनी हुई है। इस अवसर पर दुर्बली राम, मखडू राम, खरपत्तू राम, राजनरायन, रामअवध यादव, दया राम आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. प्रमोद कुमार बने पीयू कार्य परिषद के सदस्य

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने डॉ प्रमोद कुमार को कार्य परिषद का सदस्य नामित किया है। इनका कार्यकाल मार्च 2026 तक है। वर्तमान में डॉ. प्रमोद कुमार, पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित रज्जू भैया संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष हैं। डॉ. प्रमोद कुमार विश्वविद्यालय के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर रहे है। डॉ प्रमोद कुमार उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के द्वारा वित्त पोषित दो शोध परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। विदित हो कि डॉ. कुमार का 15 वर्षों से अधिक का शोध और शिक्षण कार्य का अनुभव है।

### वर्तिका और अलीना का प्रदेशीय फुटबाल टीम में चयन



**प्रयागराज।** कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में 25 से 29 अप्रैल तक होने वाली 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी अण्डर-14 फुटबाल प्रतियोगिता के लिए विकर पब्लिक जूनियर हाई स्कूल सदर बाजार की दो छात्राओं का चयन उत्तर प्रदेश की टीम में किया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीडी शुक्ला ने बताया कि अशोक रोड निवासी प्रदीप कुमार व विद्यावती की पुत्री वर्तिका कुशवाहा एवं मऊसरैया, नेवादा निवासी मोहम्मद आलम व अनोखी बेगम की पुत्री अलीना को प्रदेशीय टीम में शामिल किया गया है। दोनों छात्राओं ने विद्यालय के क्रीड़ाध्यापक एवं फुटबालर जितेंद्र कुमार (जैक) से प्रशिक्षण लिया है। इनके चयन पर छावनी परिषद इलाहाबाद के मुख्य अधिशासी अधिकारी मोहम्मद समीर इस्लाम , स्कूल कोऑर्डिनेटर एके सिन्हा, शिक्षिका दीप्ति कुशवाहा, शुभांगिनी शर्मा सहित सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सानिध्य को मिला अभिजय पुरस्कार




**प्रयागराज।** यूपीसीए अभिजय पुरस्कार-2025 गत 13 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित किया गया। इसमें यूपीसीए के निदेशक ताहिर हसन ने अंडर-16 विजय मर्चेंट बोर्ड ट्रॉफी की विजेता टीम के सदस्य इलाहाबाद के क्रिकेटर सानिध्य श्रीवास्तव यूपी अंडर-16 टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए यूपीसीए अभिजय पुरस्कार प्रदान किया। यह जानकारी इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर ने दी है।

### वक्फ संपत्ति संशोधन बिल पर सुप्रीम रोक पर कांग्रेस ने जताई खुशी



**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा वक्फ संशोधन बिल पर रोक लगाने पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता इरशाद उल्ला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला न्याय की जीत है। उन्होंने कहा कि यह बिल अल्पसंख्यक समुदाय के हितों के खिलाफ था और इससे उनकी संपत्तियों पर खतरा मंडरा रहा था। इरशाद उल्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। इस अवसर पर कांग्रेस के अब्दुल कलाम आजाद ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और इसे ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला अल्पसंख्यकों के लिए एक बड़ी राहत है। इस मौके पर मोहम्मद शरिक, सद्दाम अंसारी, अफरोज, विकास चौरसिया, सद्दाम हुसैन, विशाल सोनकर, यूनुस आदि लोग मौजूद रहे।

### सांसद ने किया ज्योतिष केंद्र का उद्घाटन



**प्रयागराज।** फूलपुर भाजपा सांसद प्रवीण पटेल ने गुरुवार को चांदपुर सलोरी स्थित ज्योतिष केंद्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौड़ व निवर्तमान भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र भी बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार एवं नारियल फोड़कर ज्योतिष केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रवीण पटेल ने कहा कि सदियों से ज्योतिष न केवल आस्था का विषय रहा है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत का एक सशक्त स्तंभ भी है। डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि सनातन संस्कृति में ज्योतिष विद्या का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। राजेंद्र मिश्र ने कहा कि ज्योतिष शास्त्र का गूढ़ अध्ययन आज के आधुनिक युग में भी प्रासंगिक है। उक्त ज्योतिष केंद्र पंडित ऋषिकेश मिश्रा के नेतृत्व में संचालित होगा। राकेश भारती, भोला सिंह, प्रशांत शुक्ला, राघवेंद्र मिश्रा, राहुल, अवनीश तिवारी, कंचनलता कुशवाहा, विवेक मिश्रा, टी एन सिंह, जेपी द्विवेदी आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश के मौरंग खनन कारोबारी यूपी मे कर रहे है अवैध खनन

**मौरंग खदानों के काले कारनामे**

अवधनामा संवाददाता



- बंदूको और लिफ्टर के सहारे यूपी की मौरंग छीन रहे हैं मध्य प्रदेश के मल्होत्रा, यूपी की निहालपुर खदान मे छाया सन्नाटा

**बाँदा।** मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश मे वैसे तो दोनो जगह भाजपा सरकार है परंतु मौरंग के नाम पर दोनो प्रदेशो के बीच बंदूके तनने की नौबत बन रही है।

जैसे जैसे खनन बंद होने की तारीख नजदीक आ रही है वैसे वैसे ही खदान संचालको के बीच प्रतिस्पर्धा तेजी से बढ रही है, वैध हो या अवैध, खनन लगातार जारी है।

मध्यप्रदेश मे संचालित छतरपुर जनपद के मल्होत्रा ग्रुप द्वारा उत्तर प्रदेश मे संचालित मौरंग खदान संचालको के साथ अभद्रता करने के साथ साथ केन नदी मे पडी उनकी लिफ्टर मशीनो को भी बंधक बनाकर मध्यप्रदेश की सीमा मे खींचकर ले जाने का मामला प्रकाश मे आया है, सूत्रो की माने तो दोनो प्रदेशो के मध्य कभी भी गोलीबारी की आशंका से इंकार नही किया जा सकता है।

अगर सूत्रो की माने तो यूपी की केन मे चल रही लिफ्टर मशीनों को खींचकर मप्र की सीमा मे लाकर बंधक बनाकर रखा हुआ है जबकि पकडे गये लिफ्टर निहालपुर और सिलपाही मौरंग खदानो के बताये जा रहे हैं जिससे अब यूपी और एमपी की मौरंग खदान संचालको के मध्य तनातनी का माहौल गरमा रहा है, सुत्र तो यह भी बताते है कि कई बार मप्र के मौरंग कारोबारी मल्होत्रा के कर्मचारी जबरदस्ती करके लिफ्टर से यूपी की साइड वाली मौरंग भी खींच रहे है जिससे निहालपुर और सिलपाही खदान संचालको के सामने मौरंग का संकट खडा है अभी मौरंग खंड बंद होने मे लगभग 75 दिन शेष है ऐसे मे यूपी के खंड मे मौरंग नही निकलने से सरकार को किश्त कैसे जमा की जायेगी यह भी बडा प्रश्न है।

यूपी और एमपी मे केन नदी के दोनो ओर पिछले माह मे कई बार माहौल बिगडा है, सूत्र बताते है कि कई बार वैध और अवैध असलहे भी निकल चुके है, अब ऐसे मे खनिज अधिकारी बाँदा की कार्यकुशलता से ही मामला सुलझ सकता है अन्यथा किसी दिन कोई अनहोनी होनी की पूरी सम्भावना है।


### दादौं खादर की मौरंग खंड मे लगा अनियमितता का भण्डार

जनपद के तहसील बबेरू मे संचालित दादौं खादर खदान संचालक के कारनामो की शिकायत भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार निषाद ने उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा जिसमे साफ साफ दादौं खादर संचालक द्वारा अवैध खनन करने और ओवरलोड परिवहन चलाने का आरोप लगाया उन्होने दो दिन का समय दिया है कि ओवरलोड और अवैध खनन पर रोक लगायी जाये। भाजपा के मर्का मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुमार निषाद ने बताया कि प्रान्तीय निर्माण खंड द्वारा निर्मात सडके ओवरलोड के कारण क्षतिग्रस्त हो रही है और जलजीवन मिशन के अंर्तगत डाली गयी पेयजल पाइप लाइने भी क्षतिग्रस्त हो रही है अवैध खनन होने से जल संकट पैदा हो रहा है। उन्होने प्रशासन को दो दिन का समय दिया है जिसमे चरका, मरका, दांदौ खादर मे संचालित मौरंग खदानो की समीक्षा की जाये और अवैध मौरंग खनन और ओवरलोड मौरंग परिवहन पर अंकुश लगाया जाये।

### नरैनी की रंज नदी में अवैध बालू खनन जोरों से चल रहा हैं

जनपद के नरैनी तहसील के ग्रामीण क्षेत्र रंज नदी के पास स्थित ग्राम पुकारी, शाहबाज पुर,खलारी, है इन गांवों में अवैध तरीके से बालू का खनन एवं परिवहन खुलेआम जारी है जो अपने निजी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से बालू का परिवहन कर रहे हैं सूत्रों की माने तो इस अवैध खनन की जानकारी अभी तक जिलाधिकारी महोदय के संज्ञान में नहीं लाई गई हैं वहीं, खनन अधिकारी इस पर पूरी तरह मौन साधे बैठे हैं, जिससे सवाल उठता है कि क्या प्रशासनिक स्तर पर मिलीभगत तो नहीं हो रहीं? कृषि में प्रयुक्त होने वाले ट्रैक्टर और ट्राली इस अवैध खनन की रीढ़ की हड्डी बन गये हैं रात्रि होते ही दर्जनों ट्रैक्टरों से अवैध खनन और परिवहन प्रारम्भ हो जाता है, इस अवैध ट्रैक्टर संचालन में स्थानीय पुलिस की भूमिका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है सूत्रों द्वारा बताया गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रात्रि के समय अवैध खनन तेजी से होता है जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँच रहा हैं, नदी की गहराई और भूस्खलन जैसी समस्याए उत्पन्न हो सकती है। पर्यावरणविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो इसके गंभीर परिणाम पूरे क्षेत्र को भुगतने होगे।

## जिनेवा में सर्वश्रेष्ठ राजनयिक सम्मेलन में शामिल होंगे शुभम



**प्रयागराज।** शोध छात्र शुभम कुशवाहा को जिनेवा, स्विटजरलैंड में आयोजित होने वाले सर्वश्रेष्ठ राजनयिक सम्मेलन में शामिल होने के लिए चुना लिए गया है। सर्वश्रेष्ठ राजनयिक सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र का एक शैक्षिक अनुकरण है जो दुनिया भर के छात्रों और युवा पेशेवरों को शामिल करता है, जिससे उन्हें संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों और इसके कामकाज के बारे में अधिक जानने में मदद मिलती है। बेस्ट डिप्लोमैट्स प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय संकट प्रबंधन का वास्तविक दुनिया का अनुकरण प्रदान करता है, जहां उन्हें जटिल परिदृश्यों से निपटना होता है जो उनकी रणनीतिक सोच और पारस्परिक कौशल का परीक्षण करते हैं। शुभम को आदित्य रॉय, ओमकार तिवारी, विजय प्रजापति, पुष्पेंद्र प्रजापति, हर्षित शर्मा, शिवम यादव आदि ने शुभकामनाएं दी है।

अवधनामा



# जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने पेश किया हेक्टर 'मिडनाइट कार्निवल', ग्राहकों को मिलेगा लंदन जाने का मौका

**लखनऊ।** जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी फ्लैगशिप एसयूवी एमजी हेक्टर को खरीदने के अनुभव को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए एक रोमांचक अभियान मिडनाइट कार्निवल शुरू किया है। सीमित समय के लिए शुरू किए गए इस खास अभियान में ग्राहकों को प्रत्येक वीकेंड आधी रात तक खुले रहने वाले शोरूम में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस ऑफ़र अवधि में, 20 भाग्यशाली एमजी हेक्टर खरीदारों को लंदन की ड्रीम ट्रिप जीतने का मौका मिलेगा। इसी के साथ ही ग्राहक इस ऑफर के तहत 4 लाख रुपये तक के खास फायदे भी पा सकते हैं।

ऑफर प्रोग्राम के दौरान, जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया कार खरीदने के अनुभव को और भी बेहतर बनाने लिए कई तरह के वैल्यू-ड्रिवन ऑफर भी पेश कर रही है। नई हेक्टर के खरीदार इस ऑफर के तहत स्टैंडर्ड 3 साल की वारंटी के साथ ही 2 साल /1 लाख




किमी की एक्सटेंडेड वारंटी का लाभ उठा सकते हैं। इसी के साथ ही 2 अतिरिक्त साल के लिए रोडसाइड असिस्टेंस भी पा सकते हैं। इस ऑफर के साथ ग्राहक 5 साल तक बिना चिंता हेक्टर का मजा उठा सकते हैं। इस अभियान के तहत वर्तमान में रजिस्टर होने वाली हेक्टर पर RTO खर्च पर 50% की छूट और एमजी एक्सेसरीज़ तक की पहुंच का लाभ भी मिलेगा। इस तरह की पहल एसयूवी के शौकीन लोगों को एक बेहतरीन कार पेश करने की एमजी मोटर इंडिया की प्रतिबद्धता को और भी मजबूती प्रदान करती है।

इस अभियान के बारे में बात करते हुए, जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया के सेल्स हेड राकेश सेन ने कहा, ÷भारत में एसयूवी के शौकीनों के लिए एमजी हेक्टर हमेशा से ही सबसे पसंदीदा मॉडल रहा है, और हमारा मिडनाइट कार्निवल लोगों के इसी विश्वास का एक अनूठा उत्सव है। यादगार अनुभवों के साथ पेश किए गए इस अनूठे ऑफ़र में हम अपने मौजूदा और भविष्य के ग्राहकों के लिए कुछ खास अनुभव प्रदान कर रहे हैं।

2019 में MG हेक्टर को भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी के रूप में लॉन्च किया गया था। यह तकनीक, सुरक्षा और स्टाइल के खूबसूरत संगम है। यह कार भारत में वाहनों के मानक को लगातार बेहतर बना रही है। हेक्टर में डुअल-पैन पैनोरमिक सनरूफ, इमर्सिव 35.56 सेमी (14-इंच) एचडी इंफोटेनमेंट सिस्टम, 70 से अधिक कनेक्टेड कार फीचर्स और एक एडवांस ADAS जैसे बेस्ट-इन-क्लास फीचर्स दिए गए हैं। यह वास्तव में सूझबूझ से भरपूर और ड्राइविंग का बहुत ही खास अनुभव प्रदान करती है।

# एसबीआई कार्ड और टाटा डिजिटल की टाटा न्यू एसबीआई कार्ड लॉन्च करने के लिए साझेदारी




**लखनऊ।** एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, ने आज टाटा डिजिटल के साथ साझेदारी में टाटा न्यू एसबीआई कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की। अपनी तरह का यह अनूठा लाइफस्टाइल को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड विभिन्न क्षेत्रों के जागरुक ग्राहकों के लिए एक प्रीमियम और अत्यधिक फायदेमंद वाली खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस को-ब्रांडेड कार्ड को दो वेरिएंट टाटा न्यू इनफिनिटी एसबीआई कार्ड और टाटा न्यू प्लस एसबीआई कार्ड में लॉन्च किया गया है। ग्राहक सभी खर्चों पर रिवार्ड अर्जित करते हैं, चाहे ऑनलाइन हों या इन-स्टोर, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मर्चेंट आउटलेट्स पर न्यूकॉइन्स के रूप में, जिन्हें टाटा न्यू ऐप पर रिडीम किया जा सकता है।

इस लॉन्च के साथ, टाटा न्यू एसबीआई कार्ड के ग्राहक अब एक बेहतर खरीदारी अनुभव के लिए कई तरह के लाभों का आनंद ले सकते हैं। कार्डधारक टाटा न्यू इनफिनिटी एसबीआई कार्ड के साथ खर्च पर 10% तक और टाटा न्यू प्लस एसबीआई कार्ड के साथ खर्च पर 7% तक न्यूकॉइन्स के रूप में पुरस्कार का आनंद ले सकते हैं। ये मासिक रूप से कार्डधारक के टाटा न्यू ऐप के भीतर न्यूपास खाते में जमा किए जाते हैं। इन न्यूकॉइन्स को किराने का सामान, यात्रा बुकिंग, आभूषण, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मेसी सेवाओं सहित उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला में ऑनलाइन और इन-स्टोर दोनों जगह भुनाया जा सकता है, जो ग्राहकों की विभिन्न जीवनशैली की जरूरतों को पूरा करता है।

यह को-ब्रांडेड कार्ड दैनिक भुगतानों पर भी रिवार्ड प्रदान करता है, जिसमें यूपीआई लेनदेन पर न्यूकॉइन्स में 1.5% तक का कैशबैक (रूपे वेरिएंट के साथ) और टाटा न्यू के माध्यम से किए गए बिल भुगतानों पर 5% तक का कैशबैक मिलता है।

## निसान ने देशभर में ग्राहकों के लिए निशुल्क एसी चेकअप कैंप शुरू किया

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया ने ग्राहकों को केंद्र में रखने और सर्विस एक्सीलेंस को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती देते हुए देशभर में अपने ग्राहकों के लिए दो महीने तक चलने वाले निशुल्क एसी चेकअप कैंप की घोषणा की है। 15 अप्रैल से शुरू हुआ यह एसी चेकअप कैंप 15 जून, 2025 तक देशभर मेंनिसानकेसभी अधिकृत सर्विस वर्कशॉप में चलाया जाएगा। इस दौरान ग्राहकों को कई तरह की सर्विस और डिस्काउंट का लाभ मिलेगा। निसान के प्रशिक्षित सर्विस प्रोफेशनल्स निसान के जेनुइन स्पेयर पार्ट्स का प्रयोग करते हुए कैंप का संचालन करेंगे, जिससे उच्च गुणवत्ता एवं सुगम सर्विस एक्सपीरियंस सुनिश्चित होता है।

निसान के ग्राहक निसान वन एप या निसान मोटर इंडिया की वेबसाइट (www.nissan.in) से आसानी सर्विस अपॉइंटमेंट ले सकते हैं।यह पहल ग्राहकों के लिए परेशानी से मुक्त ऑनरशिप देने की निसान की प्रतिबद्धता को मजबूती देती है और ब्रांड में ग्राहकों के भरोसे की सराहना करती है।

सर्विसकैंप का आयोजन कंपनी के नेटवर्क के सभी 123 सर्विस वर्कशॉप पर किया जा रहा है, जो निसान के सभी वाहनों को सर्विस प्रदान करते हैं। कैंप में कॉम्प्लिमेंटरी टॉप कार वॉश के साथ 12-पॉइंट चेकअप किया जाएगा। ग्राहक लेबर चार्ज पर 10 प्रतिशत तक (डीलर पर निर्भर) और वैल्यू एडेड सर्विसेज (वीएएस) पर 15 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी ने निसान के सभी ग्राहकों से एक्सक्लूसिव ऑफर्स का लाभ लेने और वाहन की बेहतर परफॉर्मेंस एवं टिकाऊपन सुनिश्चित करने के लिए इस कैंप में आने की अपील की है।

## जेनसोल इंजीनियरिंग के स्वतंत्र निदेशक अरुण मेनन ने दिया इस्तीफा, सेबी की कार्रवाई के बाद लिया फैसला

**नई दिल्ली।**जेनसोल इंजीनियरिंग के स्वतंत्र निदेशक अरुण मेनन ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह कदम कंपनी पर सेबी की कार्रवाई के बाद बताया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। जेनसोल इंजीनियरिंग के स्वतंत्र निदेशक अरुण मेनन ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि अन्य कारोबारों के पूंजीगत व्यय के लिए बैलेंस शीट के इस्तेमाल और कंपनी की इतनी ऊंची ऋण लागत से सेवा की स्थिरता से जुड़ी चिंताएं बढ़ रही हैं।

मेनन का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले मंगलवार को सेबी ने फंड डायवर्जन और गवर्नेंस लैप्स मामले में जेनसोल इंजीनियरिंग और उसके प्रमोटरों - अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी- को अगले आदेश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था।

कंपनी के प्रवर्तकों में से एक अनमोल सिंह जग्गी को संबोधित अपने त्यागपत्र में मेनन ने कहा, अन्य व्यवसायों के पूंजीगत व्यय को वित्तपोषित करने के लिए जीईएल की बैलेंस शीट का लाभ उठाने तथा जीईएल द्वारा इतनी अधिक ऋण लागत की सेवा की स्थिरता पर चिंता बढ़ रही थी।÷

बाजार नियामक ने जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (जीईएल) को उसकी ओर से घोषित स्टॉक विभाजन पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। नियामक ने प्रमोटरों को किसी भी सूचीबद्ध कंपनी में निदेशक या मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक का पद धारण करने से भी रोक दिया है।

# टीटीके प्रेस्टीज को लगातार चौथी बार मिला ग्रेट प्लेस टू वर्क का सम्मान

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख किचन और होम अप्लायंस ब्रांड टीटीके प्रेस्टीज को साल 2022 से लगातार चौथी बार ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया द्वारा प्रमाणित किया गया। यह सम्मान टीटीके प्रेस्टीज को मध्यम आकार की कंपनियों की श्रेणी में रखता है और दिखाता है कि यह एक पसंदीदा नियोक्ता है। यह प्रमाणन दिखाता है कि टीटीके प्रेस्टीज एक ऐसी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देती है जो सभी को साथ लेकर चलती है, सहयोगी है और बेहतर प्रदर्शन करती है। कंपनी कर्मचारियों की भलाई, विविधता और कॅरियर की तरक्की पर ध्यान देकर उद्योग में नए मानक स्थापित कर रही है। आधुनिक नीतियों और नए विचारों के जरिए टीटीके प्रेस्टीज एक सकारात्मक और प्रेरणादायक काम का माहौल बनाती है, जहां कर्मचारी तरक्की करते हैं। टीटीके प्रेस्टीज के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री वेंकटेश विजयराघवन ने कहा- ''लगातार चौथे साल ग्रेट प्लेस टू वर्क का सम्मान पाना यह साबित करता है कि हम कर्मचारियों को सबसे ज्यादा अहमियत देते हैं। यह हमारी शानदार कार्य संस्कृति को भी दर्शाता है। टीटीके प्रेस्टीज में हम मानते हैं कि हमारे कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं। यह प्रमाणन उस भरोसे, सहयोग और नए विचारों को दिखाता है जो हमारी कंपनी को खास बनाते हैं। इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए, हम ऐसा माहौल बनाने का वादा करते हैं जहां हर व्यक्ति को सम्मान मिले, वह मजबूत महसूस करे और आगे बढ़ने की प्रेरणा पाए।''ग्रेट प्लेस टू वर्क0 कार्यस्थल की संस्कृति का वैश्विक प्राधिकरण है, जो 1992 से शोध कर रहा है। यह दुनियाभर में 100 मिलियन से ज्यादा कर्मचारियों का सर्वे करते हुए बता रहा है कि एक बेहतरीन कार्यस्थल भरोसे से ही बन सकता है। यह देशों 60+ में परिचालन कर रहा है और भारत में 20+ उद्योगों से आने वाली 1,800+ संस्थाओं के साथ उसकी भागीदारी है।

# 'है जुनून - ड्रीम, डेयर, डोमिनेट' - संगीत, टकराव और सपनों की उड़ान

**मुंबई।** जियोहॉटस्टार मुंबई के मशहूर एंडरसन्स कॉलेज की पृष्ठभूमि पर आधारित एक जोश से भरा और युवा म्यूजिकल ड्रामा 'है जुनून ड्रीम, डेयर, डोमिनेट' लेकर आया है। यह सीरीज महत्वाकांक्षा, प्रतियोगिता और आत्म-खोज की कहानी है, जो संगीत और डांस की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें सच्चा जुनून और शानदार प्रतिभा का रोमांचक मुकाबला देखने को मिलता है। भारत के सबसे प्रसिद्ध कॉलेज म्यूजिक क्लब्स में से एक की कहानी में स्टूडेंट्स अपनी रचनात्मकता की सीमाओं को तोड़ते हैं। वे दिखाना चाहते हैं कि कामयाबी सिर्फ टैलेंट से नहीं, बल्कि अपने अंदर की आग और जुनून से मिलती है।

अभिषेक शर्मा द्वारा निर्देशित 'है जुनून - ड्रीम, डेयर, डोमिनेट' में कई बेहतरीन कलाकार नजर आयेंगे। इनमें पर्ल के किरदार में जैकलीन फर्नांडीज और गगन के किरदार में नील नितिन मुकेश की मुख्य भूमिकाएं हैं। उनका साथ देंगे सुमेध मुदगलकर, सिद्धार्थ निगम,




युक्ति थरेजा, आर्यन कटोच, प्रियांक शर्मा, कुंवर अमर, मोहन पांडे, एलिशा मेयर, संचित कुंद्रा, सनातना रोच, देवांगशी सेन, अनुषा मणि, भाविन भानुशाली, और अर्नव मागू।

इस मुकाबले को जोरदार बना रहे द मिस्फिट्स की मेंटर बनीं जैकलीन फर्नांडीज ने कहा, ÷है जुनून - ड्रीम, डेयर, डोमिनेट सिर्फ म्युजिक और डांस की कहानी नहीं है, इसमें लगन है, दुश्मनी है और उम्मीदों से भरी दुनिया में अपनी जगह बनाने की जद्दोजहद है। पर्ल का किरदार निभाना मेरे लिये बड़ा निजी अनुभव था। वह उलझी हुई है, उत्साही है और उसकी अपनी कमजोरियाँ भी हैं। ऐसी सीरीज का हिस्सा बनकर मैं रोमांचित हूँ, जो म्यूजिक और यूथ कल्चर को एक नई ताजगी देती है। मैं इंतजार कर रही हूँ कि दर्शक संगीत के इस सफर में हमारे साथ जुड़े।÷

सुपरसोनिक्स के मेंटर गगन आहूजा का किरदार निभा रहे नील नितिन मुकेश ने बताया कि ÷गगन आहूजा की भूमिका में चुनौती और रोमांच था। गगन एक शानदार और अनुशासित संगीत गुरु है, और सुपरसोनिक्स की विरासत उसके दिल के बेहद करीब है। 'है जुनून - ड्रीम, डेयर, डोमिनेट' में उसका सफर एक कलाकार की जिन्दगी के संघर्ष को दिखाता है। इसमें जुनून और सपनों को अक्सर घमंड या आत्ममुग्धता समझ लिया जाता है, लेकिन असल में यह खुद को खोजने और अपने मकसद को पाने की कहानी है।

मेरे किरदार के पास संगीत की विरासत है, इसलिये संगीत उसके दिल में एक खास जगह रखता है। कलाकारों के जोश और टैलेंट ने इस प्रोजेक्ट को सचमुच यादगार बना दिया। मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इस शो के लिये हमारी तरह रोमांचित और उत्साहित होंगे।

# ब्लू स्टार ने 150 मॉडलों की व्यापक रेंज के रूम एसी लॉन्च किए

स्मार्ट वाई-फाई और हैवी ड्यूटी एसी सेगमेंट में अपनी स्थिति को और मजबूत करने की योजना



**लखनऊ।** ब्लू स्टार लिमिटेड ने आगामी गर्मी के मौसम के लिए आज रूम एसी के 150 मॉडलों की एक नई व्यापक रेंज को पेश किया, जिसमें फ्लैगशिप प्रीमियम रेंज भी शामिल है। इस लाइनअप में इनवर्टर, फिक्स्ड स्पीड और विंडो एसी शामिल हैं, जो सभी मूल्य बिंदुओं पर हर उपभोक्ता वर्ग की जरूरतों को पूरा करते हैं।

देश के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी और भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की आय में वृद्धि के कारण रूम एसी की मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके अलावा, टियर 3, 4 और 5 बाजारों में बढ़ती मांग, पुराने के स्थान पर नया एसी लेने वाले खरीदारों और अतिरिक्त कमरों के लिए एसी खरीदने वाले ग्राहकों से भी इस वृद्धि को बल मिल रहा है। अनुमानों के अनुसार, भारत का एसी उद्योग वित्त वर्ष 2030 तक दोगुना हो जाएगा।

बाजारों में बढ़ती मांग को देखते हुए ब्लू स्टार ने अपनी मैन्युफैक्चरिंग, अनुसंधान एवं विकास और नवाचार क्षमताओं का लाभ उठाकर नए और उत्कृष्ट एसी लॉन्च किए हैं।

2025 के लिए नए एयर कंडीशनर की रेंज

कंपनी ने 3-स्टार और 5-स्टार श्रेणियों में उच्च कूलिंग प्रदर्शन वाले कई मॉडल लॉन्च किए हैं। ये मॉडल 0.8 टन से 4 टन तक की कूलिंग क्षमता में उपलब्ध हैं, जिनकी आकर्षक कीमत 28,990 से शुरू होती है।

इस रेंज में लगभग 40 स्मार्ट वाई-फाई एसी मॉडल शामिल हैं, जो %कस्टमाइज्ड स्लीप% जैसी स्मार्ट सुविधाओं से लैस हैं। ग्राहक 12 घंटे के लिए तापमान, फैन स्पीड और मोड को पहले से सेट कर सकते हैं। अँग्रेजी या हिन्दी में वॉयस कमांड तकनीक के साथ, ग्राहक एलेक्सा या गूगल होम के माध्यम से एसी का संचालन कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, ऊर्जा प्रबंधन सुविधा एसी की ऊर्जा खपत पर पूर्ण नियंत्रण प्रदान करती है, जिससे एसी के उपयोग को ट्रैक करने, नियंत्रित करने और सीमित करने की सुविधा मिलती है, जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक ऊर्जा की खपत नहीं होती है।

## औरिका ग्रुप करेगा 220 करोड़ का निवेश, अयोध्या-बरेली में शुरू करेगा नए रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के टियर-2 शहरों में रियल एस्टेट सेक्टर को नई रफ्तार देने के मकसद से औरिका ग्रुप ने 220 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। ग्रुप ने अयोध्या में एक बड़ा हॉस्पिटैलिटी प्रोजेक्ट शुरू किया है, जबकि बरेली में लग्जरी विला की गेटेड कम्युनिटी बनाने की योजना है। अयोध्या में बनने वाला यह प्रोजेक्ट बेस्ट वेस्टर्न होटल्स के साथ साझेदारी में तैयार किया जा रहा है। 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित यह प्रोजेक्ट धार्मिक पर्यटन को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यहां 150 प्रीमियम सर्विस्ड सुइट्स, रूफटॉप डाइनिंग, वेलनेस फैसिलिटी और धार्मिक अनुभवों से जुड़ी खास सेवाएं मिलेंगी। बरेली में औरिका ग्रुप 5.50 एकड़ में लग्जरी विला प्रोजेक्ट शुरू कर रहा है, जो एक गेटेड कम्युनिटी के रूप में तैयार होगा। यह प्रोजेक्ट कम घनत्व वाला होगा, जिसमें शांति, अच्छी कनेक्टिविटी और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली पर जोर रहेगा। ग्रुप को बरेली में दो प्रोजेक्ट और अयोध्या में एक प्रोजेक्ट के लिए रेरा की मंजूरी भी मिल चुकी है। ग्रुप के मुताबिक, बरेली में अब तक द रेजिडेंस नाम का एक प्रोजेक्ट पूरी तरह बिक चुका है, जबकि औरिका एवेन्यू नामक मिक्स्ड यूज प्रोजेक्ट बड़ा बायपास पर निर्माणाधीन है। अब नए विला प्रोजेक्ट के साथ ग्रुप की मौजूदगी और मजबूत होगी। इन सभी प्रोजेक्ट्स से ग्रुप को करीब 350 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व मिलने का अनुमान है।

# एक राजकुमार, एक आम कुमारी और एक अनपेक्षित प्रेम कहानी- 'द रॉयल्स' 9 मई से नेटफ्लिक्स पर

प्रियंका घोष और नुपुर अस्थाना द्वारा निर्देशित, नेहा वीणा शर्मा द्वारा लिखित और प्रीतिश नंदी कम्युनिकेशंस के बैनर तले निर्मित 'द रॉयल्स' की कल्पना रंगिता और इशिता प्रीतिश नंदी की है, जिन्हें पॉप-कल्चर से भरपूर, तेज़ और प्रभावशाली कहानी कहने के लिए जाना जाता है। 'द रॉयल्स' 9 मई को केवल नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होगा।नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज़ हेड तान्या बामी ने कहा, ÷ हम चाहते हैं कि हर कहानी जो हम सुनाते हैं, वह हमारे दर्शकों की कल्पना को इतना छू जाए कि वे उस शो को पसंद करें, प्यार करें और अपने दोस्तों, परिवार के साथ साझा करें। रोम कॉम कहानियों का एक खास आकर्षण होता है - ये हमें हँसाती हैं, प्यार पर विश्वास करना सिखाती हैं और उस खूबसूरत उथल-पुथल को अपनाना सिखाती हैं जो प्यार के साथ आती है। 'इस सीरीज़ में जबरदस्त कलाकारों की कास्ट है, जिसमें देखने मिलेगी एक शानदार नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी - भूमि पेडनेकर और इशान खट्टर की।




भूमि पेडनेकर, वर्क पोटैटो की महत्वाकांक्षी और निडर सीईओ सोफिया शेखर का किरदार निभा रही हैं, और इशान खट्टर, एक चार्मिंग पार्टी प्रिंस अविराज सिंह की भूमिका में नज़र आएंगे।इसके साथ ज़ीनत अमान, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, डिनो मोरया, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे, विहान समत, काव्या त्रेहान, सुमुखी सुरेश, उदित अरोड़ा, लीज़ा मिश्रा और ल्यूक केनी दिलचस्प भूमिकाओं में हैं। निर्माता रंगिता प्रीतिश नंदी और इशिता प्रीतिश नंदी ने कहा, 'द रॉयल्स' के साथ हमने एक ऐसी प्रेम कहानी रची है जो महलों और भारतीय रॉयल्टी के पुराने आकर्षण को आज की आधुनिक सच्चाई से जोड़ती है—जहां प्यार आसान नहीं है। यह कहानी दो बिलकुल अलग-अलग दुनिया से आए लोगों की है, जो अपनी-अपनी लड़ाइयाँ लड़ रहे हैं, हमेशा एक-दूसरे से टकरा रहे हैं, फिर भी किसी अनजानी ताक़त से एक-दूसरे की ओर खिंचे चले आते हैं—जैसे हम अक्सर अच्छे इंसान से नहीं, बल्कि उसी से प्यार कर बैठते हैं जिससे मुसीबत पक्की होती है। यही है 'द रॉयल्स'। जैसे-जैसे वे एक-दूसरे से भिड़ते हैं, चुनौती देते हैं, गुस्से से भर उठते हैं—उन्हें यह भी जानना होगा कि क्या उनका प्यार इस तूफान में टिक पाएगा। इसमें मिलेगा ड्रामा, ह्यूमर और ज़बरदस्त केमिस्ट्री! यह हमारा नेटफ्लिक्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है और 'द रॉयल्स' को हम दुनियाभर के दर्शकों तक ले जा जाते हुए हम रोमांचित हैं।

## केएफसी इंडिया ने लॉन्च किया सॉसी पॉपकॉर्न




**लखनऊ।** केएफसी इंडिया ने यूट्यूबर कैरीमिनाटी के साथ मिलकर एक नया मेन्यू आइटम तैयार किया है। पहली बार, एक जेन ज़ी आइकन केएफसी की किचन में शामिल हुआ है। 67 मिलियन फॉलोअर्स वाले कैरीमिनाटी ने सिर्फ अपना नाम नहीं दिया, बल्कि अपनी खास मस्त स्टाइल और अपना पसंदीदा स्वाद (लिटरली) केएफसी की किचन में लेकर आए हैं। मज़ेदार सॉसी, क्रंची, आसान और बिल्कुल जबरदस्त, केएफसी एक्स कैरीमिनाटी सॉसी पॉपकॉर्न, चिकन पसंद करने वालों के फेवरेट बाइट-साइज़ चिकन पॉपकॉर्न और कैरी की मज़ेदार पर्सनैलिटी को एक साथ लाता है, वो भी सबसे ज़बरदस्त अंदाज़ में। चिकन पॉपकॉर्न के आइकोनिक स्वाद को कैरी फॉरवर्ड किया गया है।

ब्रांड के लिए पहली बार, सॉसी पॉपकॉर्न एक लिमिटेड एडिशन पैकेजिंग में आया है, जिस पर यूट्यूबर कैरीमिनाटी को फीचर किया गया है। इस अनोखे लॉन्च में केएफसी इंडिया ने यूट्यूबर कैरीमिनाटी साथ मिलकर बेहद टेस्टी और फिंगर लिकइन गुड सॉसी पॉपकॉर्न पेश किया।

केएफसी एक्स कैरीमिनाटी सॉसी पॉपकॉर्न भारत भर में उपलब्ध है, वो भी सिर्फ लिमिटेड टाइम के लिए। चिकन पसंद करने वाले, कैरीमिनाटी के फैंस, सॉसी लवर्स, और स्नैक पसंद करने वाले - अब इसे सिर्फ 199 रुपये में पाएं।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई स्कोडा कोडिएक को पेश किया

स्कोडा ऑटो इंडिया ने काइलैक रेंज के सफल लॉन्च के बाद अब अपनी लग्ज़री 4×4 एसयूवी कोडिएक की नई जनरेशन लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कोडिएक की दूसरी जनरेशन है, जो भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पेश की जा रही है। भारत में यह कार लग्ज़री लुक, बेहतर आराम, ऑफ-रोड चलने की ताकत, शानदार रोड परफॉर्मेंस और सात सीटों की सुविधा के साथ आ रही है। पेट्र जैनेबा, ब्रांड डायरेक्टर, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कहा, ''मार्च में, काइलैक की लॉन्चिंग और कुशाक व स्लाविया के सपोर्ट से हमने भारत में अपनी सबसे बड़ी मासिक बिक्री हासिल की। यह इस साल हमारे कई नए रिकॉर्ड्स में से एक है। हमारी प्रोडक्ट रणनीति के तहत, नई कोडिएक का लॉन्च हमारे प्रोडक्ट रेंज के दूसरे पहलू को दिखाता है, जिसमें स्कोडा की लग्ज़री और टेक्नोलॉजी की ताकत झलकती है। कोडिएक अब हमारे लिए ऑक्टैविया और सुपर्ब की तरह एक खास और महत्वपूर्ण नाम बन गया है। यह एसयूवी शहर की सड़कों पर शानदार लग्ज़री और बेहतरीन



ड्राइविंग अनुभव देती है, और इसमें हर तरह के रास्तों पर चलने की शानदार क्षमता भी है।'' कोडिएक की नई पीढ़ी अपनी पिछली पीढ़ी की तुलना में 59 एमएम लंबी है। इसकी लंबाई 4,758 एमएम और ऊंचाई 1,679 एमएम है। यह 1,864 एमएम चौड़ी है और इसका व्हीलबेस 2,791 एमएम है। पूरी तरह लोड होने पर, नई कोडिएक जमीन से 155 एमएम ऊंची रहती है। तीन-पंक्ति वाली इस लग्ज़री 4×4 में पहले की तरह अपने वर्सेटाइल इंटीरियर में काफी सामान रखने की क्षमता है। सभी तीन सीटों को ऊपर करने पर, कोडिएक में 281 लीटर का लगेज स्पेस मिलता है। तीसरी पंक्ति की सीटों को फोल्ड करने पर, यह लग्ज़री एसयूवी 786 लीटर सामान ले जा सकती है, और पीछे की दोनों पंक्तियों को फोल्ड करने पर, कोडिएक में सामान रखने के लिए 1,976 लीटर की क्षमता मिलती है। नई स्कोडा कोडियाक ने सर्वोच्च विलासिता की अपनी परंपरा को जारी रखा है, जिसमें दो अलग-अलग आंतरिक थीम हैं- स्पोर्टलाइन वेरिएंट के लिए ऑल-ब्लैक स्पोर्टी डेकोर और सेलेक्ट एलएंडके ट्रिम में प्रीमियम कोनिक लेदर अपहोल्स्ट्री। केबिन की तकनीक और सुविधा को बढ़ाते हुए, इसमें अब 32.77 सेमी इंफोटेनमेंट सिस्टम है, साथ ही मल्टी-फंक्शन स्मार्ट डायल हैं जो स्पर्शनीय रोटरी नॉब और स्क्रीन के साथ आते हैं, जो HVAC, सीट वेंटिलेशन, ऑडियो सेटिंग और ड्राइव मोड पर सहज नियंत्रण प्रदान करते हैं। एर्गोनोमिक सुधारों में स्टीयरिंग व्हील के पीछे एक नया गियर-चयनकर्ता शामिल है, जो बेहतर पहुंच प्रदान करता है, और पीछे की सीट के यात्रियों के लिए एक टैबलेट होल्डर है, जो उनकी सुविधा को बढ़ाता है। विलासिता को जोड़ने के लिए, एर्गो फ्रंट सीटों में एक उन्नत न्यूमेटिक मसाज फ़ंक्शन है जो बेहतर आराम और बैकबोन सपोर्ट प्रदान करता है। ध्वनिक पैकेज और ध्वनिक फ्रंट-साइड विंडो बाहरी शोर को कम करती हैं, जिससे एक शांत और प्रीमियम ड्राइविंग अनुभव मिलता है। सुरक्षा और आराम सुविधाओं में 9 एयरबैग, स्लाइडिंग पैनोरमिक सनरूफ और 13 स्पीकर और सबवूफर के साथ 725W कैंटन साउंड सिस्टम शामिल हैं जो बेहतरीन ऑडियो अनुभव प्रदान करते

## सैमसंग ने लॉन्च किया एआई-पावर्ड होम अप्लायंसेज रिमोट मैनेजमेंट (एचआरएम) टूल

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एक नई सुविधा शुरू की है - होम अप्लायंसेज रिमोट मैनेजमेंट टूल। यह एक स्मार्ट तकनीक है जो आपके घर के सैमसंग उपकरणों की परेशानी को दूर बैठे पहचानने और ठीक करने में मदद करती है। इससे सर्विस का इंतजार कम होता है और ग्राहकों को तेज़ और बेहतर सुविधा मिलती है। अब सैमसंग के टेक्नीशियन एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से प्रॉब्लम को जल्दी समझकर हल कर सकते हैं। इससे ज़रूरी नहीं कि हर बार टेक्नीशियन आपके घर आए। यह नई तकनीक तेज़ समाधान देती है, जिससे ग्राहकों को कम परेशानी होती है और उन्हें बेहतर अनुभव मिलता है। सैमसंग की यह सुविधा कस्टमर सर्विस का तरीका बदल रही है और स्मार्ट होम डिवाइसेज़ से जुड़ाव को और आसान बना रही है। सुनील कुटिन्हा, वाइस प्रेसिडेंट, कस्टमर सैटिस्फैक्शन, सैमसंग इंडिया ने कहा, ÷सैमसंग सर्विस घरेलू उपकरणों की समस्याएं पहचानने में सबसे आगे है। हमारी स्मार्ट डायग्नोस्टिक्स सर्विस से ग्राहकों की दिक्कतें जल्दी हल हो जाती हैं और ज़्यादातर मामलों में टेक्नीशियन को घर बुलाने की ज़रूरत भी नहीं पड़ती। यह तकनीक न सिर्फ समय बचाती है, बल्कि तेज़ समाधान देती है और आपके डिवाइस की सही देखभाल कैसे करें, इसकी भी पूरी जानकारी देती है - जिससे ग्राहकों को एक आसान और बेहतर अनुभव मिलता है। एचआरएम (होम अप्लायंसेज रिमोट मैनेजमेंट) सैमसंग के स्मार्ट उपकरणों के लिए स्मार्टथिंग्स ऐप पर तुरंत समाधान देता है। यह ऐप ग्राहकों को अपने उपकरण चलाने और समझने में मदद करता है। इस तकनीक से सैमसंग के स्मार्ट उपकरणों की देखभाल आसान और बिना झंझट वाली हो गई है। जब कोई ग्राहक अपनी समस्या सैमसंग टीम को बताता है, तो एचआरएम सिस्टम खुद ही सीआरएम से उस डिवाइस का मॉडल और सीरियल नंबर खोज लेता है।

# नवीन नामांकन के मामले में सरकार की दोहरी नीति पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने उठाए सवाल

## निजी विद्यालयों में भी आयु सीमा 5+ की जगह 6 वर्ष करने की मांग




### पत्र की प्रमुख मांगे-एक नजर

सभी प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में बाल वाटिका संचालित की जाये। निजी स्कूलों में भी नामांकन की उम्र 5+की बजाय 6वर्ष की जाये। निजी विद्यालय यू डाईस भरने का काम जानबूझकर पूरा नहीं कर रहे हैं, इसे पूरा कराया जाये। परिषदीय विद्यालयों के सेवित क्षेत्र के पांच किलोमीटर परिधि में निजी स्कूलों को मान्यता न प्रदान की जाये, जो निजी स्कूल संचालित है, उनकी समीक्षा करके बंद कराया जाये। सभी स्कूलों में प्रधानाध्यापक नियुक्त किए जाये। शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए। नवीन नामांकन के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता समाप्त की जाये। अन्य विकल्पों पर विचार किया जाये।

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नवीन शैक्षिक सत्र में परिषदीय विद्यालयों में नये नामांकनों के क्रम में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने शिक्षा निदेशक को एक छ सूत्रीय पत्र दिया है।

पत्र में निजी विद्यालयों में नामांकन के लिए आयु सीमा 6वर्ष निर्धारित करने और परिषदीय विद्यालयों के सेवित क्षेत्र के पांच किलोमीटर परिधि में निजी विद्यालयों को मान्यता न देने की मांग की है। उत्तर प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में बाल वाटिका संचालित नहीं है। निजी स्कूल 5+उम्र के बच्चों का नामांकन कर रहे हैं, जबकि शासन की ओर से परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक में नामांकन के लिए आयु सीमा 6 वर्ष निर्धारित की गई है। निजी स्कूल मंहगी फीस के साथ छः वर्ष से कम आयु के बच्चों का नामांकन कर रहे हैं, परिषदीय विद्यालयों में छः वर्ष आयु की बाध्यता के चलते नये प्रवेश के लिए बच्चे नहीं मिल रहे हैं। गेंहू की कटाई और महुआ बीनने के चक्कर में बड़ी संख्या में गरीब परिवार बच्चों को स्कूल भेजने और नामांकन कराने के प्रति गंभीर नहीं है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद और महामंत्री रमाकांत मौर्य ने बताया कि सरकार की दोहरी नीति के चलते नवीन नामांकन का लक्ष्य हासिल करने में कठिनाई हो रही है। सरकार एक तरफ 6 से 14 वर्ष के बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन की बात करती है, दूसरी तरफ निजी विद्यालयों को 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नामांकन की छूट दे रखी है। संगठन की ओर से प्रांतीय नेतृत्व ने शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा को पत्र भेजा है।

### विश्व हीमोफीलिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**कुशीनगर।** विश्व हीमोफीलिया दिवस के अवसर पर कुशीनगर चैरिटेबल ब्लड बैंक में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हीमोफीलिया जैसी दुर्लभ रक्त विकार के प्रति जनजागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई। ब्लड बैंक के संचालक राजीव तिवारी ने बताया कि हर वर्ष 17 अप्रैल को यह दिवस विश्व हीमोफीलिया महासंघ के संस्थापक फ्रैंक श्नेबेल के जन्मदिवस की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य हीमोफीलिया और अन्य रक्तस्राव विकारों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है, जिससे समय पर निदान और प्रभावी इलाज संभव हो सके। इस मौके पर रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि हीमोफीलिया एक गंभीर वंशानुगत रक्त विकार है, जिसमें रक्त के थक्के बनने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिससे मामूली चोट पर भी अत्यधिक रक्तस्राव हो सकता है। यह रोग सही जानकारी और समय पर इलाज से नियंत्रित किया जा सकता है।

# पीडीआई अंतर्गत ग्राम प्रधानों, सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत का प्रशिक्षण सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया के संस्कृति मैरेज हाउस मे राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत पंचायत विकास सूचकांक एवं स्थानीय सतत विकास लक्ष्य विषयक ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी पं की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विकास खण्ड भटनी, देवरिया सदर, भाटपाररानी, बनकटा एवं देसही देवरिया के प्रतिभागियो ने प्रतिभाग किया।

जिला पंचायत राज अधिकारी देवरिया रतन कुमार ने कहा कि पीडीआई पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायतो का आकलन किया जा सकता है तथा जिन क्षेत्रो मे ग्राम पंचायते पीछे रह गयी है उनमे सुधार किया जा सकता है। ग्राम सभा की बैठकों के माध्यम से ग्राम पंचायते पीडीआई के विभिन्न मानको को सुगमता से क्रियान्वयन किया जा सकता है। प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए डीपीआरसी प्रबंधक ब्रजेश नाथ तिवारी ने कहा कि गाँवो के सतत विकास लक्ष्य पूरा करना है। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाना, विकास कार्यो का प्रभावी मूल्यांकन करना और सतत विकास लक्ष्यों को स्थानीय जरूरतों के अनुसार लागू करना है। और साथ ही प्रशिक्षण में स्वास्थ्य,शिक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और ऊर्जा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है। मुख्य प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने प्रशिक्षण में पीडीआई और एलएसडीजी के अंतर्गत सुशासन एवं आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाले गांव बनाने पर विस्तृत जानकारी दी ।उन्होंने गांवों के विकास के लिए आवश्यक कदम और योजनाओं के बारे में बताया। प्रशिक्षक आशुतोष दूबे ने स्वच्छ एवं हरित गांव बनाने के संदर्भ मे जानकारी दी। प्रशिक्षक आलोक तिवारी, अजय दूबे, विभा पाण्डेय, प्रदीप मणि,अजय कुमार,विनय कुमार ने सतत विकास के 9 लक्ष्यों पर चर्चा की। उक्त अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत विंध्याचल सिंह, रविंद्र कुमार और अनवारुल हक के अलावा ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# पखवाड़े के कार्यक्रम जारी, डॉ अम्बेडकर प्रतिमा का सौंदर्यीकरण करा रही नगर पंचायत

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ की जयंती के अवसर पर पखवाड़े के अन्तर्गत कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। पखवाड़े के अन्तर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि की ओर से 11 लाख रू के बजट से नगर स्थित डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है।

राजेश अग्रहरि ने कहा है कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को दुनिया में फैलाया। आज की दलित जातियां कभी इस देश की राजा थीं। सबके अपने अपने राजवंश थे। मुगलों और चंगेजो से लड़ाई लड़ते लड़ते इनका सब कुछ चला गया और ये जातियां दलित हों गई। जो छुआछूत मानते हैं वे कसाई होते हैं। अम्बेडकर सेवा समिति की ओर से रामलीला मैदान में आयोजित जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए राजेश अग्रहरि ने महापुरुषों के जीवन दर्शन और बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के जीवन संघर्षो पर खुलकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर को सामाजिक और शैक्षिक जीवन में तमाम अपमान सहने पड़े। उन्होंने अपने पूरे अनुभव के साथ समता , स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय की भावना को भारतीय संविधान में समाहित करते हुए भारत को दुनिया का सबसे अच्छा संविधान दिया। भारत आज विकसित राष्ट्र के श्रेणी में खड़ा है, इसमें भारतीय संविधान और डॉ अम्बेडकर का महान योगदान है। आर पी जी कालेज के प्रोफेसर डॉ धनंजय सिंह ने कहा कि 1977 का जे पी आंदोलन और 1989मे वी पी सिंह सरकार की ओर से डॉ अम्बेडकर को भारत रत्न ऐसी दो बड़ी घटनाएं हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक परिवर्तन में बहुत बड़ा कारण है। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर एक समानता शिक्षा प्रणाली और शैक्षिक समानता चाहते थे,आज की सरकार शिक्षा के माध्यम से असमानता पैदा कर रही है। सशक्त भारत के निर्माण और सामाजिक परिवर्तन के लिए शैक्षिक और आर्थिक असमानता दूर होना जरूरी है।

### आसमान में छाये बादलों ने बढ़ाई किसानों की चिंता

**अमेठी।** मौसम का रंग अचानक बदलने से किसानों के चेहरे उतर गए हैं। रबी की मुख्य फसल गेहूं को निपटाने के लिए दिन रात खेतों में जुटे हुए हैं। इस समय कंबाइन मशीन भी लोगों को नहीं मिल पा रही है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि भारी बरसात हो सकती है। मौसम विभाग की ओर से बरसात की संभावना की भविष्यवाणी लोगों को और परेशान कर रही है। गुरुवार को किसान खड़ी दोपहरी में गेंहू की मड़ाई करते देखे गए। कम्बाइन मशीनों से मड़ाई करके गेंहू की फसल को जल्दी घर पहुंचाने की कोशिश में लगे हुए हैं। कटरा निवासी शिव प्रसाद शुक्ल ने बताया कि अगर बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई तो किसानों का भारी नुकसान होगा। मौसम विभाग के अनुसार अलर्ट जारी किया गया है भारी बरसात की आशंका जताई गई है। संजय कुमार मौर्य ने बताया कि इस समय आधे से अधिक किसान अभी तक अपने घर एक भी दाना नहीं पहुंच पाए हैं। मौसम का रंग हर हफ्ते बदल रहा है।

# नि:शुल्क कॉक्लियर इम्प्लांट सुविधा का उठाए लाभ : डीएम

## 0-5 आयु वर्ग के श्रवण बाधित बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बना कॉक्लियर इम्प्लांट

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया मूक-बधिर बच्चों के सशक्तीकरण हेतु जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के माध्यम से ऐसे मूक-बधिर बच्चों, जो जन्म से बोल और सुन नहीं सकते हैं, को सुनने एवं बोलने योग्य बनाने के लिए निःशुल्क कॉक्लियर इम्प्लांट (सर्जरी) की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह सुविधा 0 से 5 वर्ष तक की आयु के उन बच्चों के लिए है, जिनके अभिभावक निर्धन और असहाय हैं। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि योजना का उद्देश्य ऐसे बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना है, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 15 बच्चों का कॉक्लियर इम्प्लांट सफलतापूर्वक कराया जा चुका है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। इस योजना का लाभ लेने के इच्छुक अभिभावकों की वार्षिक आय 60000 से कम हो, निवास और जाति प्रमाण पत्र (तहसील से निर्गत), बच्चे का दिव्यांग प्रमाण पत्र (मुख्य चिकित्साधिकारी से निर्गत), बच्चे एवं माता-पिता का आधार कार्ड तथा बच्चे के दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, विकास भवन देवरिया के कक्ष संख्या 17 में संपर्क करना होगा। जिलाधिकारी ने अपील की है कि जिन भी अभिभावकों के बच्चे इस श्रेणी में आते हैं, वे आगे आकर योजना का लाभ उठाएं। यह प्रयास समाज के ऐसे बच्चों को एक नई दिशा देने का माध्यम है।

### सिद्धदोष बंदियों के विधिक अधिकारों का ना हो हनन

**रायबरेली।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज/सचिव द्वारा कारागार में निरूद्ध सिद्धदोष बंदियों के प्रकरण के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। सचिव द्वारा चिह्नित सिद्धदोष बंदी की अपील माननीय सर्वोच्च न्यायालय में योजित करने व्यक्तिगत बन्दी से मुलाकात की गयी। अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य द्वारा जिला कारागार में महिला बैरकों, पाकशाला का निरीक्षण कर निरंतर स्वच्छता बनायें रखने पर जोर दिया गया। सचिव द्वारा कारागार पराविधिक स्वंय सेवक को विचाराधीन व सिद्धदोष बंदियों के अधिकारों के पैरवी करने हेतु सम्बन्धित से समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### डीएम ने प्रा. विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विकासखंड डलमऊ के प्राथमिक विद्यालय मधुकरपुर का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनुपस्थित पाये जाने पर उन्होंने बीएसए को एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये तथा दिव्यांग शौचालय में गंदगी मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की, इसके पश्चात एमडीएम में बने भोजन को जिलाधिकारी द्वारा चखकर गुणवत्ता देखी गई, गुणवत्ता अच्छी पायी गयी। जिलाधिकारी ने विद्यालय में कक्षा 01 से 05 तक के बच्चों से हिंदी व गणित के प्रश्न पूछे और किताबों को बच्चों से पढ़वाया गया। बच्चों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि समय से विद्यालय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुवे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

### निर्माणाधीन उपरिगामी सेतु का किया निरीक्षण



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा जनपद के निर्माणाधीन लालगंज उपरगामी सेतु के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि सेतु के निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, कुछ कार्य अवशेष हैं जिन्हें त्वरित गति से पूर्ण किया जा रहा है, मई के अंत तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, जिससे आगामी जून माह में सेतु सुगम यातायात हेतु जनमानस के लिए खोल दिया जाए और जनसामान्य का यातायात सुगम हो सके।

### सलोन कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक को एंटी करप्शन ने 10 हजार की घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** सलोन कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक को एंटी करप्शन ने दस हजार रुपये की घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। एंटी करप्शन द्वारा दारोगा को पकड़ने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। विवेचना के नाम पर पैसा लेने वादी के गांव पहुंचे दारोगा को लखनऊ जोन की एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर लिया है सलोन कोतवाली क्षेत्र के ख्वाजापुर गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वादी के घर दस हजार रुपये की घूस लेने पहुंचे दारोगा बाबू खां को एंटी करप्शन टीम ने दबोच लिया। सूत्रों के मुताबिक दारोगा द्वारा किसी मारपीट के मामले की विवेचना की जा रही थी। जिसमें बीती 20 मार्च को फाइनल रिपोर्ट भी लग चुकी है। लेकिन उसके बाद भी बृहस्पतिवार की दोपहर दारोगा घूस लेने वादी के गांव पहुंच गया। तभी घात लगाए बैठी एंटी करप्शन टीम ने दारोगा को दस हजार की घूस लेते हुए पकड़ लिया। एंटी करप्शन टीम द्वारा दारोगा को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप का माहौल मच गया है। क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया एंटी करप्शन टीम द्वारा घूस लेते हुए दारोगा को गिरफ्तार किया गया है।

# कम्पोजिट विद्यालय मंगलपुर के वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत हुए छात्र



**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड मोतीचक कम्पोजिट विद्यालय मंगलपुर के वार्षिकोत्सव में सर्वोच्च अंक पाने वाले एवं नवीन सत्र के प्रवेशित छात्रों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया तो उनके चेहरे खिल उठे। गुरुवार को वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक मोहन वर्मा, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामबचन सिंह, संजय सिंह मुन्ना आदि ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ किया। इस दौरान गणेश वंदना एवं मां सरस्वती की झांकी के साथ प्रस्तुति काफी आकर्षक रही। छात्र छात्राओं ने सामाजिक कुरीतियों पर, कन्या भ्रूण हत्या, शिक्षा की आवश्यकता, पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति, सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव सहित विभिन्न संगीत नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षाओं में अव्वल रहने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजक मोलई प्रसाद प्रजापति ने विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक वर्मा ने कहा कि विद्यालय द्वारा दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से छात्रों का चतुर्दिक विकास होगा। बेटियों की शिक्षा पर उन्होंने जोर दिया कहा कि बेटियां दो घरों की रोशनी होती हैं, उन्हें जरूर पढ़ाए। सरकार शिक्षा को बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है।

### जनपद की ग्राम पंचायतों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत चलाया जा रहा वृहद स्वच्छता अभियान

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील



सिंह ने बताया है कि शासन व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त 980 ग्राम पंचायतों में 01 अप्रैल, 2025 से 30 अप्रैल, 2025 तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें रोस्टर लगाकर सफाई कर्मचारियों के माध्यम से झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एंटी लार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है, जिसमें राज्य स्तर पर जनपद की प्रगति प्रतिशत सराहनीय है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि 16 अप्रैल 2025 को जिला सलाहकार प्रेरित कटियार द्वारा विकासखंड-अमावां की ग्राम पंचायत मंचितपुर, अमावां, आदमपुर, बीबीपुर तालुके हसना तथा विकास खंड-सतांव की ग्राम पंचायत जैतीपुर एवं अटौरा खुर्द का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें रोस्टर के अनुसार लगाये गये सफाई कर्मियों में से विकास खण्ड अमावां की ग्राम पंचायत मंचितपुर में देशराज, ग्राम पंचायत आदमपुर में सुनीता तथा विकास खण्ड सतांव की ग्राम पंचायत जैतीपुर में राजवती एवं ग्राम पंचायत अटौराखुर्द में लक्ष्मीदेवी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पायी गयी। जिस पर सम्बन्धित सफाई कर्मचारियों के उक्त तिथि का वेतन बाधित करते हुए बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये जाने के सम्बन्ध में कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए स्पष्टीकरण चाहा गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने यह भी बताया कि साफ-सफाई हेतु रोस्टर के अनुसार लगाए गए कर्मचारियों के क्रॉस वेरिफिकेशन हेतु अन्य विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारी (पं0) को नामित किया गया है।

### मनोन्याय- मानसिक रोगियों के लिए जनपद में गठित इकाई द्वारा मानसिक रोगी को उपलब्ध करायी गयी सहायता

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में गठित इकाई लीगल सर्विस यूनिट फॉर पर्सन मेन्टल इलनेस एण्ड पर्सन्स विद इन्टेलेक्च्यूयेल डिसीबिलीटीस (मनोन्याय) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के अधीन इकाई के सदस्य, जय सिंह यादव डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, रायबरेली के द्वारा 05 अप्रैल 2025 को मानसिक रुप से पीड़ित एक व्यक्ति को डिग्री कालेज चौराहे के समीप देखा गया था जो कि निर्वस्त्र अवस्था में सड़क पर घूम रहा था। इस सम्बन्ध में सदस्य द्वारा समिति के अध्यक्ष अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को लिखित में सूचना दी गयी। तद्परांत मानसिक रुप से पीड़ित व्यक्ति के बारे मे कोतवाली सदर को भी अवगत कराया गया। कोतवाली पुलिस के सहयोग से अज्ञात पीड़ित व्यक्ति को पहनने के लिए कपड़े उपलब्ध कराये गये तथा परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय, रायबरेली ले जाया गया। उक्त लिखित प्रार्थनापत्र पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विस्तृत आदेश उक्त इकाई मनोन्याय के अन्तर्गत मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के प्रकाश में अज्ञात मानसिक रुप पीड़ित व्यक्ति की देखभाल एवं मानसिक परीक्षण हेतु थानाध्यक्ष कोतवाली को आदेशित किया गया। उक्त आदेश के प्रकाश में थानाध्यक्ष द्वारा पीड़ित व्यक्ति की उचित देख-रेख एवं इलाज हेतु मानसिक चिकित्सालय वाराणसी भेजने के संदर्भ में समस्त जाँच एवं परामर्श आख्याये जिला चिकित्सालय, रायबरेली से प्राप्त करने के उपरांत उचित प्रार्थनापत्र को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायबरेली के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### हज यात्रियों का टीकाकरण 19 अप्रैल को

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने हज 2025 पर जाने वाले जनपद रायबरेली के चयनित 70 हज यात्रियों से कहा है कि चयनित हज यात्रियों का टीकाकरण कार्यक्रम 19 अप्रैल 2025 को स्थान मदरसा जामिया उम्मुल मोमिनीन आयशा अल इस्लामियां लिल बनात बड़ा कुआं रायबरेली में पूर्वाह्न 10 बजे से सायं 5 बजे तक नोडल अधिकारी जिला संक्रामक कक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली की देखरेख में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व अन्य कार्मिकों द्वारा किया जायेगा तथा जिला हज ट्रेनर द्वारा हज के अरकान सम्बन्धी प्रशिक्षण/जानकारी दी जायेगी। उन्होंने हज 2025 पर जाने वाले चयनित हज यात्रियों से कहा है कि उक्त स्थान पर ससमय उपस्थित होकर टीका लगवाने/ प्रशिक्षण प्राप्त करें।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14307-SLR-F1-PYGS-BE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.05.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14307-SLR-R1-PYGS-BE-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.05.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14241-SLR-F1-PYGS-SRE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.05.2025 at 12:50 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1129/25

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14210-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14210-SLR-F2-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14229-SLR-R1-PYGS-YNRK-22-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14210-SLR-R1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14216-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14216-SLR-R1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2025 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14307-SLR-F2-PYGS-BE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.05.2025 at 13:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1132/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य–उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14229-SLR-F1-PYGS-YNRK-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 01.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.05.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20402-SLR-F1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 01.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.05.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 01.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.05.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20401-SLR-F2-BSB-LKO-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 01.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.05.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20413-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 01.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.05.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 01.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.05.2025 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14013-SLR-F2-SLN-ANVT-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 01.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.05.2025 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 01.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.05.2025 at 13:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1131/2025

अवधनामा

लखनऊ, शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025



# सिरसागंज पुलिस टीम ने किया गैंगस्टर गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**




**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना का 24 घंटे में सफल अनावरण करते हुए गैंगस्टर/लुटेरा अभियुक्त राहुल उर्फ तालिम को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध गैंगस्टर, चोरी, लूट, मारपीट, जानलेवा हमला एवं अवैध असलहा सम्बन्धी गम्भीर धाराओं में करीब 02 दर्जन अभियोग जनपद फिरोजाबाद व जनपद मैनपुरी एवं आगरा के विभिन्न थानों में पंजीकृत किया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल, 01 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस एवं 01 जिंदा कारतूस व 01 मोबाइल बरामद किया गया। उक्त घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में 13-04-2025 को थाना सिरसागंज पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना सिरसागंज का मु.अ.सं. 193/2025 धारा 309 (4) बीएनएस में वांछित अभियुक्त किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा सराय शेख, अस्वाई चौराहे पर चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मोटर साइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति नगला राधे गाँव की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल सवार उक्त संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर मोटर साइकिल को वापस मोड़कर भागने लगा, लेकिन हड़बड़ाहट में भागते समय उसकी मोटर साइकिल फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आते हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में उक्त संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान गैंगस्टर लुटेरा अभियुक्त राहुल उर्फतालिम पुत्र संजय उर्फ कालीचरन निवासी विष्णुपुरा बाह थाना बाह जनपद आगरा हाल निवासी गिहार कॉलोनी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। अभियुक्त राहुल उर्फ तालिम के कब्जे से 01 मोटरसाइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस एवं 02 खोखा कारतूस व लूटा गया मोबाइल बरामद हुए है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह, उप निरीक्षक अशोक कुमार, उप निरीक्षक राज नारायण, उप निरीक्षक भैया लाल, हे.का. शिव शंकर, हे.का. पवन चौधरी, कां. अमित सिंह, कां. अजीत सिंह, कां. अर्जुन पौनिया, कां. विकास सिद्धू, कां. अजय दुबे थाना सिरसागंज फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## पॉक्सो में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैकिंग एवं



तलाश वांछित वारण्टी अभियान के दौरान पॉक्सो एक्ट थाना टूण्डला से संबंधित वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र केशवदेव उर्फ बोबा निवासी लतुर्रा थाना टूण्डला फिरोजाबाद को चण्डिका मोड थाना टूण्डला से गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने गिरफ्तारशुदा अभियुक्त राहुल के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

# अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बच्चे को किया माता-पिता के सुपुर्द

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन मुस्कान के तहत थाना रामगढ़ पुलिस टीम ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बच्चे को 24 घन्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर माता पिता के सुपुर्द किया गया। पुलिस महानिदेशक लऊनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन मुस्कान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ पुलिस टीम को फरजाना पत्नी शमशाद निवासी हसमत नगर पानी की टंकी के पास थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद निवासी हसमत नगर पानी की टंकी के पास शमशाद अपने पुत्र इमरान उम्र 8 वर्ष के घर से कही चले जाने व वापस घर न आने के सम्बन्ध में थाना रामगढ़ पर तहरीर दी गयी थी। उक्त सूचना पर रामगढ पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटना पर पहुंचकर मौका मुआयना किया गया। क्षेत्राधिकारी नगर व रामगढ पुलिस टीम द्वारा गुम हुए बच्चे को बरामद करने हेतु टीम गठित की गयी। गठित टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए गुमशुदा इमरान को सीसीटीवी की सहायता से सकुशल बरामद कर उसके माता पिता के सुपुर्द किया गया। बरामद करने वाले पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे, उ.नि. दिवेश कुमार, उ.नि. अजय कुमार, हे.का. अब्दुल मन्नान थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

## डा. अम्बेडकर के जन्मदिन पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

**टूंडला।** अम्बेडकर पार्क टूंडली में बोधिसत्व डा. भीमराव अम्बेडकर की 134वें जन्मदिन पर प्रबुद्ध विकास समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बबली गौतम ने अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। तथा दीप प्रज्ज्वलित अवदेश राना ने किया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिससे सभी का मन मोह लिया। इस दौरान कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों का सम्मान साफा पहनाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन पवन कपूर ने किया। इस मौके पर शान्ति प्रकाश, एमपी सिंह, अवदेश राना, पवन कपूर, विजेन्द्र सिंह, ब्रजवीर सिंह, यशपाल सिंह, विकास कुमार, ब्रजेश कुमार, राजेंद्र सिंह, राजकुमार, दिनेश चन्द्र, अशोक सिंह, रोकी, मंजू देवी, संजू सिंह, मिथलेश देवी, शशी देवी, रूचि देवी, प्रीति सुमन, राजेश, विंकल कर्दम आदि के अलावा बड़ी संख्या में अम्बेडकर समाज के लोग मौजूद रहे।

# जिला प्रबन्धन मिशन इकाई की बैठक संपन्न

- विकास अभियान योजना 4 अक्टूबर को

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में डी.पी.एम.यू. (जिला प्रबन्धन मिशन इकाई) की बैठक आयोजित की गयी, बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया जिसमें कुल 160 आवेदकों के आवेदन पत्र पोर्टल पर प्राप्त हुए, जिनकी समीक्षा व परीक्षण उपरान्त कुल 84 आवेदन पत्रों में दस्तावेज पूर्ण पाये गये तथा 76 प्रार्थनापत्रों में कुछ आपत्तियां पायी गयी, तथा कुछ आवेदन पत्रों में पार्षद सर्टीफिकेट के स्थान पर निवास प्रमाण पत्र संलग्न है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निवास प्रमाण पत्र संलग्न आवेदन पत्रों को पैसे आवेदन पत्रों को बैंकों में भेजने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही निर्देश दिये गये कि जो भी आवेदन पत्र बैंकों में प्रेषण किए जाये, उनके साथ यू.आर.सी. एवं कुटेशन भी भेजे जायें। उपायुक्त उद्योग संध्या ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री उ.प्र. सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना 04 अक्टूबर 2024 को प्रारम्भ की गयी है, इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जनपद को 2200 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना हेतु पात्रता में उन्होने बताया कि कौशल प्रशिक्षण प्राप्त 21 से 40 वर्ष के युवाओं को उत्पाद/सेवा सम्बन्धी उद्यम स्थापित कराकर स्वरोजगार से जोड़ना, आठवीं पास होना आवश्यक है, योजनान्तर्गत आवेदक पद पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकता है।

योजना के लाभ के बारे में बताया कि 04 वर्ष के लिये व्याज मुक्त ऋण सुविधा कोलेटरल मुक्त, 10 प्रतिशत अनुदान की सुविधा, 04 वर्षो तक सी.जी.टी.एम.एस.ई. प्रतिपूर्ति, सामान्य वर्ग को 15 प्रतिशत, ओ.बी.सी., वर्ग को 12.50 प्रतिशत एवं अनु.जा. व जन जाति व दिव्यांग को 10 प्रतिशत अंशदान जमा करना होगा। बैंठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) संगीता गौतम, अग्रणी जिला प्रबन्धक सुरेश करीरा, भारतीय स्टेट बैंक, उपस्थित रहे।

## 2 दिवसीय 17वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

**फिरोजाबाद।** पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा 17वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस कुश्ती, बॉडी बिल्डिंग, आर्म्स रेसलिंग एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिता वर्ष 2025 के शुभारम्भ की घोषणा की गयी। पुलिस लाइन फिरोजाबाद में 17वीं अन्तर्जनपदीय प्रतियोगित वर्ष 2025 17-04-2025 से 19-04-2025 तक आयोजित की जाएगी जिसमें कुल 06 टीम जनपद मथुरा, जनपद फिरोजाबाद, जनपद एटा, जनपद अलीगढ़, जनपद आगरा के खिलाडियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के खिलाडी कुश्ती, बॉडी बिल्डिंग, आर्म्स रेसलिंग एवं बॉक्सिंग में अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।' वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा समस्त खिलाडियों, कोचिंग स्टॉफ एवं निर्णायकों से परिचय पूछते हुए हाथ मिलाया गया एवं उनको प्रतियोगिता में खेल भावना से उच्च प्रदर्शन करने की शुभकामनाएँ दी गयीं। कुल 06 जनपदों के खिलाडियों द्वारा प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया है। समस्त खिलाडियों द्वारा परेड़ ग्राउड़ में मार्च करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय को सलामी दी गयी। फिरोजाबाद की टीम के कप्तान अशोक अत्री द्वारा समस्त खिलाडियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई गयी। प्रतियोगिता के शुभारम्भ के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, पीआरओ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या

नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश

स्वच्छ गोशाईगंज, सुन्दर गोशाईगंज — Email-npgoshainganj@gmail.com

पत्रांक- 24/न0पं0गो0-अयोध्या/निविदा/2025-26 — दिनांक- 17.04.2025

### "अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना"

सर्व साधारण/फर्मों/ठेकेदारों/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि अस्थायी गौशाला धारूपुर में गौवंश/पशुओं के चारे इत्यादि की व्यवस्था किये जाने हेतु निम्नांकित सामग्रियों की आपूर्ति/क्रय किया जाना है, जिसकी आपूर्ति/क्रय आवश्यकतानुसार समय-समय पर न्यूनतम निविदादाता से आपूर्ति लिया जायेगा। पशु आहार/चारे की आपूर्ति वर्ष-2025-26 (अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक) के लिए दर अनुबन्ध हेतु सीलबन्द निविदाएं दिनांक-28.04.2025 को सायं 03.00 बजे तक सीलबन्द निविदा बाक्स में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन सायं 03.30 बजे फर्मो/ठेकेदारों के उपस्थिति/अनुपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक-22.04.2025 से 27.04.2025 तक सुबह 10.00 बजे से सायं 03.00 बजे तक तक रू0. 1300- नगद मूल्य पर कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त तिथियों में अवकाश की दशा में निविदा की विक्री एवं प्राप्ति अगले कार्य दिवस में की जायेगी। सामग्री विवरण निम्नवत् है-

| क्र.सं. | पशु चारों का विवरण |
|---|---|
| 1 | भूसा |
| 2 | हरा चारा |
| 3 | रेडिमेंड पशु आहार (प्रतिष्ठित कम्पनी का) |
| 4 | चूनी-चोकर |

**मुख्य शर्तें:-** 1. निविदा के साथ निर्धारित प्रारूप पर आयकर व जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति लेबर रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। 2. निविदा के साथ जमानत धनराशि के रूप में रू0 10,000.00 की डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गोशाईगंज अयोध्या के नाम से बंधक हो को संलग्न करना अनिवार्य होगा। 3. निविदा स्वीकृत के उपरान्त 100 रू0 के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध कराने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। 4. निविदा बिना कारण बताये निरस्त/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। 5. उक्त सामग्रियों की आपूर्ति नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या के अन्तर्गत अस्थायी गौशाला, ग्रामसभा-धारूपुर में करना अनिवार्य है, इस हेतु किसी अन्य प्रकार का भाड़ा, लदाई उतराई इत्यादि देय नही होगा। 6. सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक होने एवं सम्बन्धित कार्य हेतु धनराशि की उपलब्धता होने पर ही बिल भुगतान किया जायेगा। 7. अन्य शर्तो व प्राक्कलन सम्बन्धित जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में की जा सकती है।

**(सीमा राय)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गोशाईगंज**
**अयोध्या**

**(श्री धर्मेन्द्र कुमार वर्मा)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत गोशाईगंज**
**अयोध्या**


# बहराइच से हज यात्रा पर जाएंगे 199 लोग

- डीएमओ संजय मिश्र ने की टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जनपद में जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशन में हज 2025 के प्रशिक्षण एवं टीकाकरण के लिए ज़िले में तीन केंद्रों का निर्धारण किया गया है जिसके तहत आज मदरसा दारुल उलूम मसऊदिया मिसबाहियां सलारगंज में टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत ज़िला अल्पसंख्यक अधिकारी संजय मिश्र द्वारा की गई।इसी क्रम में कैसरगंज के मदरसा नूरिया ऐनी में 19 को और मदरसा उस्मानिया इस्लामिक स्कूल कैसरगंज में 21 को टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि इस वर्ष बहराइच से 199 लोग हज यात्रा पर जा रहे हैं हज यात्रा पर जाने वालों को मेनिनजाइटिस का टीका लगेगा और पोलियो ड्राप पिलाई जाएगी।इस वर्ष 65 साल से अधिक उम्र के 23 बुजुर्ग भी हज यात्रा पर जा रहे हैं जिससे इन सभी को इन्फ्लूएंजा का भी टीका दिया जाएगा इसके अलावा प्रशिक्षण एव टीकाकरण के लिए आने वाले हज यात्रियों को मेडिकल फिटनेस की कॉपी पासपोर्ट की फोटो कॉपी दो अद्यतन फोटोग्राफ ब्लड ग्रुप की रिपोर्ट और कोविड प्रमाण पत्र को भी साथ लाना है होगा।इस दौरान प्रधानाचार्य मदरसा दारुल उलूम मसऊदिया मिसबाहियां मोहम्मद आरिफ हाजी इमलाक खान ज़फ़रउल्लाह बंटी सहित सभी मदरसे के लोगों के साथ साथ हज यात्रा पर जाने वाले लोग मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिये कि स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों पर क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने वाले वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। डीएम ने कहा कि स्कूली बच्चों के वाहनों के साथ-साथ सभी प्रकार के वाहनों विशेष कर थ्री व्हीलर पर क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाने वाले वाहनों, ओवर लोड ट्रकों, ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहनों व बाइकर्स के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि एन एच-27 के साथ-साथ दूसरे सभी प्रमुख मार्गो के ब्लैक स्पाट व दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों का चिन्हांकन वहां पर सोलर लाईटें, रोड के दोनों ओर पटरी का चौड़ीकरण, साइनेज बोर्ड व सुदृढ़ीकरण के साथ ही सड़क की दोनों पटरियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्यवाही भी की जाये। डीएम ने परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटनाओं में बेशकीमती इंसानी मौतों में कमी लाये जाने हेतु प्रतिदिन प्रभावी ढंग से प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए प्रतिदिन की प्रगति से भी अवगत करायें। अज्ञात वाहनों द्वारा हिट एण्ड रन से सम्बन्धित मामलों में मृतक के हिताधिकारियों को समय से सहायता न मिल पाने पर जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कड़ी नाराज़गी जताते हुए यथा स्थिति से शासन को अवगत कराये जाने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि इस स्थिति में सुधार न होने पर एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन को जिले से हटाये जाने के लिए शासन को संस्तुति पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि जिले में नो-हेल्मेट नो-पेट्रोल के नियम को कड़ाई के साथ अनुपालन कराया जाय। सम्बन्धित अधिकारी रैण्डमली निरीक्षण कर अनुपालन न करने वाले पेट्रोल पम्पों के विरूद्ध कार्यवाही करें।डीएम ने कहा कि रोड के किनारे जमीन पर दुकान लगाने वालों को दूसरे उपयुक्त स्थानों पर शिफ्ट किया जाय और सर्वाधिक अतिक्रमण वाले स्थानों पर भोर से ही पुलिस को तैनात कर दें ताकि लोग सड़क पर दुकानें न लगा सकें। डीएम ने निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र में संचालित ई-रिक्शों का सत्यापन तथा ई-रिक्शों के संचालन हेतु मार्गो का निर्धारण करें ताकि सड़कों पर अनावश्यक जाम न लगने पाये। डीएम मोनिका रानी ने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी शासन की मंशानुरूप् सड़क हादसों में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने हेतु फुलप्रूफ कार्ययोजना तैयार कर उसे धरातल पर क्रियान्वित भी कराएं। बैठक का संचालन जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव/अधि.अभि. लो.नि. वि. प्रदीप कुमार ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह, ईओ प्रमिता सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत- साड़ी कला वि.खं. मिठवल, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 — दिनांक 17.04.2025

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत साड़ी कला विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 28-04-025 को 01:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत साड़ी कला के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत साड़ी कला के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत साड़ी कला कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत साड़ी कला के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान- अनीता देवी**
**ग्रा.पं. साड़ी कला**
**वि.खं. मिठवल**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-दीनानाथ पाण्डे**
**ग्रा.पं. साड़ी कला**
**वि.खं. मिठवल**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सीधा, वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 — दिनांक : 17/04/2025

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 18-04-2025 से 24-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 25-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**सुफियान अहमद**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. सीधा वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

**राकेश कुमार सिंह**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. सीधा वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

# नवागंतुक जिलाधिकारी इटावा शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सम्भाला चार्ज





**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** नवागंतुक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में पहुँचकर डबल लॉक का चार्ज संभाला। नवागंतुक जिलाधिकारी 1997 बैच के पी0सी0 एस0ऑफिसर एवं 2013 बैच के आई0ए0इस0ऑफिसर हैं। श्री शुक्ल ने चित्रकूट में जिलाधिकारी के पद पर कार्य किया उक्त के पश्चात कन्नौज में जिलाधिकारी के रूप में कार्य किया। चार्ज लेने के बाद जिलाधिकारी श्री शुक्ल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार कार्य किया जाएगा एवं सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमों का पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों का समय से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुँचाने पर जोर दिया जायेगा।

### पर्यावरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा- डीएम

**इटावा।** प्रेसवार्ता में नवागंतुक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि शासकीय कार्यों का समय से निस्तारण करना एवं जन समस्या को सुनना एवं उसका समय से निस्तारण करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप कार्य किया जाएगा। पर्यावरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा थर्मोकोल/प्लास्टिक के प्रयोग को कम किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## बिजली के निजीकरण के खिलाफ भाकपा कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन

**सोनभद्र।** वृहस्पतिवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यव्यापी आवाहन पर जिला कौंसिल सोनभद्र के कार्यकर्ताओं ने बिजली के निजीकरण के खिलाफ जुलूस निकाल कर जिला मुख्यालय पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने, सांकेतिक हड़ताल के दौरान हटाये गए संविदा कर्मियों को बहाल करने, उत्पीड़न की कार्यवाही पर रोक लगाने आदि छ मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जहां पार्टी नेताओं ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यव्यापी आवाहन पर जिला कौंसिल सोनभद्र ,पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के खिलाफ इस धरना / प्रदर्शन के माध्यम से कहना चाहते हैं कि - पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय व्यापक जनहित में एवं बिजली उपभोक्ताओं तथा बिजली कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए वापस लिया जाये।

# लक्ष्मण सिंह कुशवाहा का हुआ विदाई समारोह



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत यूपीएस पीहरपुर जसवंतनगर से सेवानिवृत्त हुए लक्ष्मण सिंह कुशवाहा का गुरुवार को कम्पोजिट विद्यालय जैनपुर नागर में भव्य विदाई/सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय परिवार की तरफ से किया गया। उन्होंने 8 सितम्बर 1986 को बेसिक शिक्षा परिषद में वर्तमान में उत्तराखंड में प्रथम नियुक्ति प्राप्त की 31 अगस्त 1995 को उत्तर प्रदेश में अपने गृह जनपद इटावा में आ गए थे। श्री लक्ष्मण का हँसमुख स्वभाव और बेहद गूढ़ रहस्यों हर विषय पर अच्छी पकड़ उन्हें सबसे अलग बनाती है कभी उन्होंने हर कार्य को बड़ी सरलता से किया। राजेश जादौन ब्लाक व्यायाम शिक्षक ने कहा कि आपका सानिध्य हमारी अमूल्य धरोहर है आज इस अवसर पर भावनाओं की प्रबलता लिए हमारा हृदय हर्ष मिश्रित वेदना से मन गद गद है और वाणी मूक सी हो गई है। सभी ने उनके दीर्घायु जीवन स्वस्थ्य रहें मस्त रहें निरोगी रहे यही ईश्वर से कामना की। कार्यक्रम में नीरज यादव, पुष्पा यादव, अखिलेश कुमार, अफीफ़ा सुल्तान, ज्योति भारद्वाज, भारती वर्मा, उमा सविता, अंशु कुशवाहा, रोहित कुशवाहा आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### समीक्षा बैठक में पार्टी की आगामी नीतियों पर हुई चर्चा



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** सर्वजन सुखाय पार्टी के मानिकपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव के निर्देशन में समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में पार्टी की आगामी नीतियों पर चर्चा हुई और कंचनपुर नाकऊ में हुई घटना को लेकर धरना प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की गई एवं होली मिलन समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को ब्लॉक स्तर पर साइकिल रैली निकालने एवं मैनपुरी में एक विशाल रैली के आयोजन करने के लिए प्रेरित किया और कहा हमारी सर्वजन सुखाय पार्टी गरीबों, किसानों, बेरोजगारों हक वंचित एवं सभी वर्गों के लोगों के लिए कार्य करती है अगर आप सबको सम्मान स्वाभिमान से रहना है तो अपनी पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करें और पार्टी को मजबूत करें। इस अवसर पर सर्वजन सुखाय पार्टी के सभी सम्मानित राष्ट्रीय पदाधिकारीगण, प्रदेश के पदाधिकारीगण, मंडल के पदाधिकारीगण एवं सभी जिलों के जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### एस एस पी ने महिला थाना का किया निरीक्षण



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने गुरुवार को महिला थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला थाना प्रभारी कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं महिला थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण के लिए निर्देशित किया।

### एसएमजीआई के बीएससी नर्सिंग में अनुप्रिया बनी टॉपर




**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अन्तर्गत संचालित सर मदनलाल इन्स्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडीकल (संबद्ध अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ) में अध्ययन बीएससी नर्सिंग के तृतीय सेमस्टर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर से अपनी मेधा साबित की है। डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा ने बताया कि इस वर्ष अटल बिहारी बाजपेयी यूनिवर्सिटी लखनऊ द्वारा घोषित बीएससी नर्सिंग के तृतीय सेमस्टर का परीक्षा परिणाम हमेशा की तरह ही शत-प्रतिशत रहा है। तृतीया सेमेस्टर बीएससी नर्सिंग में अनुप्रिया ने प्रथम स्थान, चारु यादव ने द्वितीय, तृप्ति शाक्य ने तृतीय एवम भूमि एवं पल्लवी ने चतुर्थ स्थान, आकांक्षा पाल ने पंचम स्थान प्राप्त किया है। सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डा. विवेक यादव ने छात्रों के लगातार उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम देने के लिए डायरेक्टर डा उमाशंकर शर्मा सहित इन्स्टीट्यूट के समस्त शैक्षणिक स्टाफ को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जिलाधिकारी नें की जनसुनवाई



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 75 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# 8 किलो 50 ग्राम गांजे के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिवांर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। आज दिनांक 17 अप्रैल 2025 को पुलिस ने इमिलिया बिवांर मार्ग पर नहर पुलिया के पास से दो अभियुक्तों, जितेंद्र उर्फ जीतू (24 वर्ष) और वीरपाल उर्फ धीरु (22 वर्ष), को 8 किलो 50 ग्राम नाजायज गांजे और एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्त सिकंदरपुरा नई बस्ती, चरखरी रोड, कस्बा व थाना राठ, जनपद हमीरपुर के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ थाना बिवांर में मुकदमा संख्या 58/2025, धारा 8/20 NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें माननीय न्यायालय भेज दिया। अभियुक्तों का आपराधिक इतिहासजितेंद्र उर्फ जीतू का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है, जिसमें कुल 10 मामले दर्ज हैं। इनमें गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, लूट, चोरी और NDPS एक्ट जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। वीरपाल उर्फ धीरु के खिलाफ भी दो मामले दर्ज हैं, जिनमें एक लखनऊ के चिन्हट थाने में और दूसरा वर्तमान NDPS एक्ट का मामला शामिल है।

**बरामद सामग्री**

8 किलो 50 ग्राम नाजायज गांजा

एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार, उपनिरीक्षक जगतनारायण, कांस्टेबल राजेश कुमार यादव, राजकमल यादव, रवींद्र प्रताप मौर्य और हरिनंदन सिंह शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी।

## दहेज़ की मांग पूरी न होने पर विवाहित महिला को घर से निकाला

**हमीरपुर।** राठ कस्बे में एक महिला को उसके पति और ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर घर से निकाल दिया। पीड़िता आरती कुशवाहा ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। आरती का विवाह 6 वर्ष पहले राठ कस्बे के बुधौलियाना इलाके के देवेंद्र कुशवाहा से हुआ था। शादी के बाद से ही उसके पति देवेंद्र, सास पार्वती और ससुर कढोरी लाल उसे प्रताड़ित करते आ रहे थे। ये लोग लगातार रुपयों की मांग करते और मांग पूरी न होने पर मारपीट करते थे। हमीरपुर के राठ कस्बे में एक महिला को उसके पति और ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर घर से निकाल दिया। पीड़िता आरती कुशवाहा ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। आरती का विवाह 6 वर्ष पहले राठ कस्बे के बुधौलियाना इलाके के देवेंद्र कुशवाहा से हुआ था। शादी के बाद से ही उसके पति देवेंद्र, सास पार्वती और ससुर कढोरी लाल उसे प्रताड़ित करते आ रहे थे। ये लोग लगातार रुपयों की मांग करते और मांग पूरी न होने पर मारपीट करते थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग व व्यापार बंधु की मासिक समीक्षा बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मुख्य विकास अधिकारी चंद्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में उद्योग बंधु और व्यापार बंधुओं की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण स्वीकृति व वितरण की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि इन योजनाओं के आवेदनों को लंबित न रखा जाए और नियमानुसार समय पर स्वीकृत कर वितरित किया जाए। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने, निवेश और निर्यात गतिविधियों को बढ़ाने, तथा बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृति में अनावश्यक देरी या आवेदन निरस्त करने से बचने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक निवेश से जनपद में रोजगार और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, इसलिए उद्यमियों की हरसंभव मदद की जाए।

व्यापार बंधु बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने बाजारों में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने, वेंडिंग जोन स्थापित करने, और एसडीएम, ईओ व पुलिस विभाग के संयुक्त अभियान से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बैंकों के शाखा प्रबंधकों और संबंधित विभागों को लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करने को कहा। उद्यमियों ने कई समस्याएं उठाईं, जिनके समाधान के लिए जिलाधिकारी ने अगली बैठक तक सभी प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), अपर पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त उद्योग, अधिशासी अभियंता विद्युत, उपायुक्त वाणिज्यकर, अन्य अधिकारी, और उद्यमी उपस्थित रहे।

हमीरपुर में औद्योगिक यह बैठक जिले में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने, समस्याओं के त्वरित समाधान, और रोजगार सृजन के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## पहली बार स्वामी ब्रह्मानंद जी की समाधि के पास धरना स्थल पर मनाया जन्मदिन

**अवधनामा संवाददाता**

**राठ।** हमीरपुर में स्वामी जी धरना स्थल पर बच्चे का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया अंकित सिंह 14 वर्ष के होने की खुशी में स्वामी जी के महाविद्यालय को राजकीय विश्वविद्यालय बनाने के लिए चल रहे अनिश्चित कालीन धरने के 434 में दिन धरना स्थल पर केक काटकर बच्चे ने अपना जन्मदिन मनाया जिसमें पूरन सिंह का बच्चा अंकित सिंह के जन्मदिन में काफी संख्या में लोग मौजूद रहे सभी ने बच्चे को आशीर्वाद दिया और केक खिलाकर लंबी उम्र की दुआएं दी जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे सदर के नेताजी जनसेवक मलखान सिंह निषाद ने बच्चे को केक खिलाकर अच्छा भविष्य व लंबी उम्र की दुआएं दी और सभी लोगों ने स्वामी जी की समाधि में जाकर आशीर्वाद लिया ।। स्वामी ब्रह्मानंद जी के प्रपौत्र केशव प्रसाद लोधी ने को बच्चे की आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर मौजूद रहे।

# कम्हरिया बंधी आग से जली सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल का सांसद ने किया मुआयना

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जनपद के कम्हरिया बंधी गांव में हुए भीषण अग्निकांड ने किसानों की आजीविका को गहरे संकट में डाल दिया है। खेतों में खड़ी गेहूं की सैकड़ों बीघा फसल जलकर खाक हो गई। आज क्षेत्रीय सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत ने प्रभावित क्षेत्र का मुआयना किया और पीड़ित किसानों को त्वरित सहायता का आश्वासन दिया। सांसद ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शीघ्र मुआवजे की मांग करने की घोषणा की। इस बीच, एक महिला द्वारा मौदहा के उप-जिलाधिकारी पर अभद्रता का आरोप लगाने के बाद सांसद ने कड़ी नाराजगी जताई और ऐसे अधिकारी की बर्खास्तगी की मांग की।

**सांसद का दौरा और किसानों से संवाद-** सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत गुरुवार के दिन कम्हरिया बंधी पहुंचकर जले हुए खेतों का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित किसानों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। किसानों ने बताया कि आग की लपटें इतनी तेज थीं कि फसल को बचाने का कोई मौका नहीं मिला। कई किसानों ने कर्ज लेकर खेती की थी, और अब उनकी आजीविका खतरे में है। सांसद ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी हरसंभव मदद की जाएगी और नुकसान की भरपाई के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

**एसडीएम मौदहा से संपर्क में बाधा-** मुआयने के दौरान सांसद ने मौदहा के एसडीएम को फोन किया, लेकिन उनका फोन नेटवर्क कवरेज से बाहर बता रहा जिस से संपर्क नहीं हो सका।हालाँकि उन्होंने कहा कि वह जिलाधिकारी नें मिल कर आयें इसलिए ऐसडीएम से सम्पर्क न होना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन इस पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त की और उन्होंने कहा कि ऐसी लापरवाही अस्वीकार्य है और राहत कार्यों में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**महिला के साथ एसडीएम द्वारा अभद्रता पर सवाल-** मुआयने के दौरान एक स्थानीय महिला ने आरोप लगाया कि मौदहा के एसडीएम ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, जब उन्होंने अग्निकांड से हुए नुकसान की शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की। इस मुद्दे को जब मीडिया ने सांसद के सामने उठाया, तो उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा, ऐसे अधिकारी को तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए, जो पीड़ितों के साथ अभद्रता करते हैं। यह बेहद शर्मनाक है। मैं इस संबंध में उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग करूंगा। सांसद के इस बयान ने प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पत्रकार पत्नी पर जानलेवा हमला, एफआईआर दर्ज

- धारा 115 (2), 352, 333 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज
- घर में घुसकर हमला, जान माल की धमकी

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में मकान का मुकदमा विचाराधीन होने के बावजूद हौसला बुलंद अपराधियों द्वारा घर में घुसकर पत्रकार पत्नी प्रतिभा देवी पर जानलेवा हमला कर दुकान का तहस-नहस करके लाखों रुपए की क्षति पहुंचाकर महिला को घायल कर दिया। स्थानिक पुलिस द्वारा घायल महिला का मेडिकल मुआयना कराकर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना दिनांक 9 अप्रैल की रात 8:00 की है वरिष्ठ पत्रकार दीपक कुमार केसरवानी की पत्नी दुकान/कार्यालय पर बैठी हुई थी कुछ देर पूर्व वरिष्ठ पत्रकार को सड़क पर जान-माल की धमकी, गाली- गलौज करके प्रार्थिनी के देवर ओमकार केसरी पुत्र गुलाब प्रसाद केसरी, अनुराधा केसरी पत्नी ओमकार केसरी निवासी उत्तर मोहाल रॉबर्ट्सगंज घर के पिछले हिस्से का दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए और गाली गलौज देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया और दुकान तहस-नहस कर लाखों रुपए की क्षति पहुंचाया। कोर्ट में विचाराधीन मुकदमे की तारीख 16 अप्रैल के पूर्व विपक्षी गणों द्वारा पुनः 12 अप्रैल को शाम 4:00 बजे पूर्व घायल महिला के घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए हमला कर घायल कर दिया, जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घायल अवस्था में ही प्रार्थिनी ने एसपी सोनभद्र को घटना की सूचना मोबाइल के माध्यम से दिया, पुलिस की सहायता से घायल महिला का उपचार मेडिकल कॉलेज सोनभद्र में कराया गया। तत्पश्चात हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया।

# जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

- निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत कराया जाये पूर्ण : जिलाधिकारी



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, समीक्षा के दौरान एल0डी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत जिन कृषक बन्धुओं ने फसल बीमा योजना में पंजीकरण कराया है, उनके फसल की क्षतिपूर्ति का भुगतान सभी बैंकर्स निर्धारित समय अवधि में करना सुनिश्चित करें, भुगतान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित बैंकर्स के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक के दौरान जिला उद्यान अधिकारी व अधिशासी अभियन्ता जल निगम शहरी अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें, इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शासन की शीर्ष प्राथमिकता का कार्य है, सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्राथमिता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिन ग्रामों में पाइप लाईन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, वहां पर निर्धारित समय अवधि में पेयजल आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित की जाये, उन ग्राम सभाओं में टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति करने की आवश्यकता न पड़ें, नहरों के माध्यम से तालाबों व जलाशय, पोखरा में पानी भरने की कार्यवाही ससमय कर ली जाये।

# जिलाधिकारी ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने आज ग्राम इमिलिया में निर्माणाधीन 50 बेड के क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए सैंपल लैब भेजने और तकनीकी परीक्षण के लिए उपजिलाधिकारी मौदहा की अध्यक्षता में एक जांच टीम गठित करने के निर्देश दिए। इस टीम में लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अभियंता शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इमिलिया का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए उपजिलाधिकारी मौदहा को निर्देश दिए गए। उन्होंने कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहने, मरीजों को बेहतर इलाज और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ सीएचसी में आवश्यक दवाओं का स्टॉक बनाए रखने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मौदहा राजकुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आपदा प्रबंधन पर दिखाई गई शानदार तैयारी

- एनटीपीसी विन्ध्याचल में क्लोरीन गैस रिसाव पर राज्य-स्तरीय मॉक ड्रिल



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विन्ध्याचल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए वह हर मोर्चे पर तैयार है। दिनांक 17.04.2025 को संयंत्र परिसर में एक राज्य-स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें क्लोरीन गैस रिसाव की स्थिति को दर्शाते हुए राहत और बचाव कार्य का अभ्यास किया गया। इस बड़े पैमाने पर आयोजित मॉक ड्रिल का उद्देश्य था आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की जांच, विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और औद्योगिक आपदाओं से निपटने के लिए रणनीति को और मजबूत करना।इस मॉक ड्रिल में कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे, जिनमें प्रमुख रूप से ई. सत्य फणि कुमार (कार्यकारी निदेशक, विन्ध्याचल), संजीब कुमार साहा (महाप्रबंधक-प्रचालन एवं अनुरक्षण), पी. के. सेन गुप्ता (एडीएम), अभिषेक रंजन (एडिशनल एसपी) और सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट सदाराम यादव शामिल रहे। आयोजन की पूरी कमान सीआईएसएफ के फायर इंस्पेक्टर गगन सैनी के हाथों में थी। इस मॉक ड्रिल में सीआईएसएफ, एनटीपीसी विन्ध्याचल एवं सिंगरौली की मेडिकल और सेफ्टी टीमें, एनसीएल की फायर यूनिट, रिलायंस शासन, ट्रॉमा सेंटर हॉस्पिटल, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और डिजास्टर मित्र जैसे कई संगठनों ने मिलकर हिस्सा लिया। ड्रिल के दौरान तेजी से एम्बुलेंस की तैनाती, भीड़ का नियंत्रण, घायलों को प्राथमिक उपचार और एजेंसियों के बीच समन्वय को प्रमुखता से परखा गया।एडीएम सेन गुप्ता ने आपसी समन्वय और तुरंत की गई व्यवस्थाओं की सराहना की, वहीं एडिशनल एसपी रंजन ने कहा कि ऐसे अभ्यास तत्काल आपात स्थितियों में हमारी ताकत बनते हैं। कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई. सत्य फणी कुमार ने कहा, ÷इस तरह के मॉक ड्रिल न केवल जान बचाते हैं, बल्कि सभी विभागों को एकजुट कर एक मजबूत टीम के रूप में काम करने की प्रेरणा भी देते हैं।÷ वहीं, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा ने टीम की एकजुटता और तत्परता की प्रशंसा की। सीआईएसएफ पर्यवेक्षकों ने भी सभी टीमों की प्रोफेशनल अप्रोच और तेज प्रतिक्रिया को सराहा। यह मॉक ड्रिल न केवल एनटीपीसी विंध्याचल के भीतर बल्कि पड़ोसी औद्योगिक इकाइयों जैसे रिलायंस सासन और एनसीएल के साथ सहयोग और साझा जिम्मेदारी की भावना को भी दर्शाता है। नियमित मॉक ड्रिल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल देते हुए अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की तैयारियां भविष्य में किसी भी आपदा से निपटने में अत्यंत सहायक होंगी।

# मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी

अवधनामा ब्यूरो



मुख्यमंत्री ने जनता को उनकी शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री ने जनता को उनकी शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जनता दर्शन कार्यक्रम में अध्यक्ष राजस्व परिषद, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक तथा प्रमुख सचिव गृह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके पीछे मुख्यमंत्री की मंशा थी कि शीर्ष अधिकारी स्वयं जनता की समस्याओं से मुखातिब हों और यह सुनिश्चित करायें कि उनके प्रकरणों का संतुष्टिपरक निस्तारण तय समयसीमा के भीतर होना सुनिश्चित हो।जनता दर्शन में एक प्रार्थी दिव्यांग पेंशन योजना प्राप्त करने का आकांक्षी था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इनकी तत्काल के0वाई0सी0 करवा दी गई। उन्हें कल तक दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ प्राप्त हो जाएगा। जनता दर्शन में 02 दिव्यांगजन को मुख्यमंत्री ने मौके पर ही इलेक्ट्रॉनिक सेंसर युक्त स्टिक प्रदान की और उन्हें इसका प्रयोग करने के बारे में जानकारी भी दी। ज्ञातव्य है कि जनता दर्शन में विभिन्न जनपदों से कुल 112 नागरिकों का आगमन हुआ और 88 आवेदन प्राप्त हुए। जनता दर्शन में आये आवेदनों में शादी अनुदान के लिए अनुरोध, आवास, शौचालय एवं बिजली कनेक्शन दिलाने के प्रार्थना पत्र सम्मिलित थे। एक प्रकरण, बिजली बिल अधिक आने का था तथा एक अन्य प्रकरण गृहकर से सम्बन्धित था। मुख्यमंत्री ने उक्त दोनों प्रकरणों का युक्तिसंगत समाधान कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री द्वारा वरासत, अवैध कब्जा, पैमाइश आदि से सम्बन्धित 23 आवेदन राजस्व परिषद के अध्यक्ष को सौंपे गये। पुलिस से जुड़े 23 प्रकरणों को पुलिस महानिदेशक को सौंपा गया। विवेकाधीन कोष व शादी अनुदान आदि से सम्बन्धित 17 आवेदन अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री को सौंपे गये। इसी प्रकार, विभिन्न प्रकरणों के 25 मामले मुख्य सचिव को दिए गए।

## दिव्यांग बच्चों ने सीखे ‘अल्पना’ कला के गुर

**लखनऊ।** अयोध्या में आयोजित ‘अल्पना’ चित्रण कार्यशाला के कल पहले दिन दिव्यांग बच्चों ने अपनी कला से सभी को चकित कर दिया। इस कार्यशाला का आयोजन उत्तर प्रदेश लोक कला एवं जनजाति संस्कृति संस्थान (संस्कृति विभाग) एवं वाणी विकलांग सेवा संस्थान श्रृंगारहाट, अयोध्या द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला में बच्चों ने ‘अल्पना’ कला के बारे में सीखा, जो भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा और लोककला की प्रतीक मानी जाती है।

बच्चों को प्रशिक्षण दे रहीं समाजसेविका वाणी शुक्ला ने बताया कि अल्पना रंगोली को आधुनिक तरीके से सिखाया जा रहा है और इस तरह की कार्यशाला अयोध्या में पहली बार आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेविका श्रीमती नीलम श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यशाला के बारे में मुख्य अतिथि ने बच्चों को अपनी आशीष देते हुए कहा कि मुझे बहुत हर्ष की अनुभूति हो रही है कि अयोध्या में इस तरह का आयोजन हुआ है। प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन कार्यशालाओं का उद्देश्य समाज के विशेष बच्चों को आगे बढ़ाना एवं उन्हें रोजगार परक बनाना है।

# राज्य में रोजगार और अर्थव्यवस्था का द्वार खोलेगी ऐतिहासिक धरोहरें

अवधनामा ब्यूरो



विरासत संपत्तियों के संरक्षण व संवर्धन के साथ-साथ कल्चर, कुजीन, हस्तशिल्प को दिया जाएगा बढ़ावा : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने राज्य की ऐतिहासिक विरासतों को नया जीवन देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। विभाग अब 11 और विरासत संपत्तियों को एडाप्टिव रियूज के तहत विकसित करने जा रहा है। निजी निवेशकर्ताओं की सहभागिता के लिए गुरुवार को निविदा जारी की गई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन ऐतिहासिक किलों, महलों और हवेलियों के संरक्षण व पुनः उपयोग की इस योजना का उद्देश्य न केवल इन धरोहरों को सहेजना है, बल्कि राज्य की संस्कृति, स्थानीय व्यंजन और हस्तशिल्प को भी बढ़ावा देना है। विरासत संपत्तियों के नजदीक स्थित एक-एक गांव को गोद लेकर वहां का विकास किया जाएगा। विभाग के इस पहल से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उत्तर प्रदेश की संस्कृति एवं हस्तशिल्प को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में सहायता मिलेगी। उ0प्र0 पर्यटन विभाग की इस योजना से प्रदेश के पर्यटन को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार राज्य की ऐतिहासिक धरोहरों को पर्यटन से जोड़ने की दिशा में सक्रिय पहल कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अनेक किले, महल और हवेलियां मौजूद हैं, जिन्हें विरासत के साथ विकास मिशन के तहत और अधिक आकर्षक तथा उपयोगी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा, सरकार की पर्यटन नीतियां सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर आधारित हैं। इसके तहत इन धरोहर स्थलों को हेरिटेज होटल, सार्वजनिक संग्रहालय (पब्लिक म्यूज़ियम), कॉन्फ्रेंस व आयोजन केंद्र (डब्ल्यू सेंटर) आदि के रूप में पुनर्विकसित किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य इन ऐतिहासिक स्थलों को न केवल संरक्षित करना है, बल्कि उन्हें आज के दौर की जरूरतों के अनुसार उपयोगी भी बनाना है।

जयवीर सिंह ने बताया कि सरकार ने राज्य की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित और विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। गुरुवार को 11 हेरिटेज प्रॉपर्टीज के विकास के लिए निविदा जारी की गई है। इन स्थलों में 1857 की क्रांति से जुड़ा टहरौली किला (झांसी) प्रमुख है।

## अध्यक्ष राजेश वर्मा ने उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग में की जनसुनवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा द्वारा गुरुवार को इन्दिरा भवन, लखनऊ स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त कुल 28 शिकायतों और पत्रावलियों पर जनसुनवाई की गई। आयोग द्वारा इन मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। कुँवर सुधाकर सिंह बनाम पुलिस अधीक्षक बाराबंकी एवं बन्दोबस्त अधिकारी बाराबंकी से संबंधित प्रकरण में यह मामला सामने आया कि भूमि विवाद में फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से फर्जी सुलहनामा तैयार किया गया था। पीड़ित द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने के उपरांत आयोग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित हस्ताक्षरों की फोरेंसिक जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एक अन्य प्रकरण में रूचि देवी बनाम पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी की शिकायत पर सुनवाई की गई, जिसमें संबंधित अधिकारी की अनुपस्थिति पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए जाँच अधिकारी को बदलने तथा पुनः जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

## मोफा प्रोसेसिंग व वीजा जारी होने की अन्तिम तिथि 18 अप्रैल

**लखनऊ।** सऊदी सरकार ने मोफा प्रोसेसिंग व वीजा जारी होने की अन्तिम तिथि 18 अप्रैल, 2025 रखी है। उक्त क्रम में प्रत्येक हज यात्री का मूल अर्न्तराष्ट्रीय पासपोर्ट जमा होना आवश्यक है। पासपोर्ट न जमा होने की स्थिति में हज यात्रा निरस्त की जा सकती है।

यह जानकारी देते हुए सचिव हज कमेटी एसपी तिवारी ने बताया कि सऊदी सरकार ने इस वर्ष हज यात्रियों हेतु आवास, परिवहन व यात्रा संचालन के क्रियान्वयन का कार्य हज यात्रियों की सुविधार्थ उड़ानों के साथ लिंक कर दिया गया है। जिसके कारण उडान निर्धारित हो जाने के बाद उड़ान तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन सम्भव नहीं होगा। उन्होंने सभी यात्रियों से आग्रह किया कि वे अपनी निर्धारित उड़ान तिथि के अनुसार ही यात्रा करें, निर्धारित उड़ान किसी कारण से छूट जाने पर उनकी यात्रा निरस्त हो सकती है, क्योंकि बदली हुई तिथि में उनके लिए कोई मैपिंग व्यवस्था किया जाना सम्भव नहीं होगा।

प्लान्टों (टेक होम राशन प्लान्ट) से महिलाओं के जीवन में आ रही खुशहाली

# अनौराकला, चिनहट के टीएचआर प्लान्टों का किया जायेगा विस्तार: केशव प्रसाद मौर्य

- बैंकों से टाइअप कर समूहों की की जाय भरपूर मदद
- आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डबल इन्जन सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ के अनौराकला, चिनहट में स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा संचालित टीएचआर प्लान्ट का सघन निरीक्षण किया।

टीएचआर प्लान्ट से तैयार किये जा रहे पुष्टाहार की बारीकियों व गुणवत्ता आदि के बारे में जानकारी हासिल की व महिलाओं से वार्ता करते हुए उनकी होने वाली आमदनी आदि के बारे में फीड बैक लिया। महिलाओं ने टीएचआर प्लान्ट से होने वाली आमदनी व अन्य विवरण की जानकारी देते हुए बताया कि इससे उनकी आमदनी बढ़ी है और उनके परिवार में खुशहाली आयी है। आपको बताते चलें कि टीएचआर प्लान्टों से महिलाओं की आमदनी बढ़े और अनवरत रूप से प्लान्ट चलते रहे व बिजली का व्यय भार भी कम हो, इसलिए उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर टीएचआर प्लान्टों को सोलर एनर्जी (सोलर प्लांट) से जोड़ा जा रहा है। इस प्लान्ट को भी सोलर एनर्जी से जोड़ा गया है। फूड प्रोसेसिंग इकाइयों में सोलर प्लांट लगाने में महिलाओं को 90 प्रतिशत अनुदान की व्यवस्था खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति में की गयी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि टीएचआर प्लान्टों के संचालन से महिलाओं के जीवन में खुशहाली आ रही है, प्रदेश में 204 टीएचआर प्लान्ट स्थापित हैं जहां पर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के लिए पुष्टाहार का उत्पादन स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा किये जाने की व्यवस्था की गयी है। बड़ी संख्या में यह प्लान्ट सोलर एनर्जी से जोड़े गये हैं। उप मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान महिलाओं द्वारा बताया गया है पहले उनका बिजली का बिल लगभग सवा लाख आता था, सोलर प्लांट लगाने के बाद बिल लगभग 35 हजार आ रहा है। उप मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्लान्ट का विस्तार किया जाय, यहां पर बेसन, आटा, मशाला, तेल आदि की यूनिट लगाने का प्लान एक माह के अन्दर तैयार किया जाय और बैंकों से टाइअप कर समूहों की पूरी मदद की जाय।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाये: गिरीश चन्द्र

- व्यायामशालाओं में आवश्यक उपकरण आदि की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में ग्रामीण स्टेडियम व ओपन जिम के निर्माण हेतु 12700 लाख रुपये के बजट का प्राविधान किया गया है। जिसमें 04 अधूरे ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण, 06 ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम का निर्माण (नये कार्य) तथा 08 ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम का निर्माण (चालू कार्य) शामिल हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाये। कार्य में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये। खेल मंत्री आज अपने कार्यालय कक्ष में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्तीय वर्ष के बजट में युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन राशि उलपब्ध कराये जाने हेतु 20 करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण स्टेडियमों के संचालन, अनुरक्षण एवं खेल उपकरणों के खरीद के लिए 9 करोड़ रुपये प्राविधान किया गया है। इसके साथ ही युवा केन्द्रों एवं शहरी व्यायामशालाओं के रख-रखाव हेतु एक करोड़ रुपये की व्यवस्था है। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी स्टेडियम एवं व्यायामशालाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। व्यायाम के लिए आवयक उपकरण आदि की उपलब्ध हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए। ताकि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। खेल मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत 29 तथा खेलो इण्डिया के तहत 04 ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपेन जिम का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के अनुरूप सभी निर्माण कार्य निर्धारित अवधि के अंदर पूर्ण करा लिये जायें। कार्य में शिथिलिता अथवा लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में स्टेडियम नहीं है एवं भूमि के अंतरण संबंधी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। वहां विभागीय अधिकारी भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराये और खेल के मैदान अथवा स्टेडियम के निर्माण का प्रस्ताव यथाशीघ्र प्रस्तुत करें।

# ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए तैनात होंगे विशिष्ट शोधकर्ता, 30 हजार मिलेगा मानदेय

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण योजना शुरू करने जा रही है। इसके तहत उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड (यूपीईटीडीबी) द्वारा 18 ईको टूरिज्म विशिष्ट शोधकर्ता (फेलो) और एक कार्यक्रम समन्वयक तैनात किए जाएंगे। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ईको पर्यटन को बढ़ावा देना है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सामने हाल ही में इसकी विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की गई है। शासन की हरी झंडी मिलने के बाद इसे लागू किया जाएगा। चयनित फेलो को प्रतिमाह 30 हजार रुपये मानदेय और 10 हजार रुपये यात्रा भत्ता दिया जाएगा। इस योजना पर सालाना 91.20 लाख रुपये खर्च होंगे। फेलो एक साल के लिए चुने जाएंगे। इसे आवश्यकता के आधार पर एक और साल के लिए बढ़ाया जा सकेगा। 18 फेलो की नियुक्ति पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव और वन विभाग के प्रमुख सचिव की आपसी सहमति से तय किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत चयनित फेलो और समन्वयक ईको टूरिज्म से संबंधित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराने, स्थानीय समुदायों और हितधारकों को प्रशिक्षण और जागरूक करेंगे। साथ ही ईको टूरिज्म स्थलों के प्रचार-प्रसार, सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के साथ तालमेल बनाने, पर्यटन से संबंधित डेटा को सुव्यवस्थित करने, चल रही परियोजनाओं की निगरानी आदि से जुड़े काम भी करेंगे। इसके लिए उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता न्यूनतम 60 फीसदी अंक के साथ पर्यावरण विज्ञान, वन्यजीव विज्ञान, वानिकी, पारिस्थितिकी या संबंधित क्षेत्र में मास्टर डिग्री। इसके साथ ही एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल और एमएस पावरपॉइंट की जानकारी, हिंदी व अंग्रेजी भाषा में प्रवीणता। उम्मीदवारों की आयु न्यूनतम 23 साल और अधिकतम 40 साल होनी चाहिए। चयन की पूरी प्रक्रिया उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा आयोजित की जाएगी। इसके लिए एक चयन समिति बनाई जाएगी।

# एंटी करप्शन टीम ने घूस लेते दरोगा को रंगे हाथ पकड़ा

- गुंडा एक्ट की कार्रवाई का भय दिखाकर मांगी थी रकम

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ/रायबरेली।** यूपी के रायबरेली में बृहस्पतिवार को किसान से 10 हजार रुपये घूस मांगने वाले सलोन कोतवाली के दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ पकड़ा। मामले में डीह थाने में केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तार करने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम दरोगा को अपने साथ लखनऊ ले गई। मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के पकसरावा गांव का है। गांव निवासी किसान मिशाल अहमद के खिलाफ छह मार्च 2025 को सलोन कोतवाली में मारपीट का केस दर्ज हुआ था। मामले की विवेचना दरोगा बाबू खां को सौंपी गई थी। विवेचक ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी । इसके बाद दरोगा किसान को धमकी देने लगा कि मामला गंभीर है। घर की कुर्की होने के साथ ही गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी होगी। गुंडा एक्ट की कार्रवाई से बचाने के लिए दरोगा ने किसान से 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। इस पर पीड़ित किसान ने दरोगा के घूस मांगने की शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन, लखनऊ से की। टीम ने किसान से मिलकर दरोगा को रंगे हाथ घूस लेते पकड़ने की योजना बनाई। मामले की जानकारी डीएम और एसपी को भी दी योजना के तहत किसान मिशाल ने गुरुवार दोपहर दरोगा को ख्वाजापुर तिराहा पैसा लेने के लिए बुलाया। वहां पहले से मौजूद एंटी करप्शन के निरीक्षक नूरुल हुदा खान ने टीम के साथ दरोगा को घूस लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। टीम के सदस्यों ने इस प्रकरण की जानकारी डीएम और एसपी को भी दी। इसके बाद दरोगा को डीह थाने ले जाया गया। सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि एंटी करप्शन की टीम ने दरोगा बाबू खान को घूस लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मिशाल अहमद की तहरीर पर दरोगा के विरुद्ध डीह थाने में रिश्वत लेने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### 36 हजार रुपये पहले ले चुका दरोगा

पीड़ित किसान ने बताया कि उन्हें भय सता रहा था कि कहीं उनके घर की कुर्की न हो जाए। गुंडा एक्ट की कार्रवाई न हो जाए। इससे बचने के लिए दरोगा को पहले ही 36 हजार रुपये दे चुका है। इसके बाद भी दरोगा 10 हजार रुपये और मांग रहा था। परेशान होकर एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि एंटी करप्शन टीम ने सलोन कोतवाली में तैनात दरोगा बाबू खां को घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा है। मामले में केस दर्ज करा दिया गया है। दरोगा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी।

## सगे पोते की चलायी गयी गोली से हुई थी दुल्हन के ताऊ की मौत

**लखनऊ।** काकोरी के गहलवारा में विदाई समारोह में हुई ताबड़तोड़ हर्ष फायरिंग के दौरान दुल्हन के ताऊ शमशेर उर्फ शेरा (70) की मौत सगे पोते द्वारा चलाई गई गोली लगने से हुई थी। मृतक के बेटे नफीस ने अज्ञात लोगों पर हर्ष फायरिंग का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी थी। वहीं, पुलिस निकाह में हो रही वीडियोग्राफी की मदद से मामले की जांच कर रही है। ताकि मामले में अन्य आरोपियों पर कार्रवाई की जा सके। गहलवारा गांव में बुधवार को चांद बाबू की बेटी नाजली के विदाई समारोह में पारा के काकोरी मोड़ निवासी नौशाद के पक्ष से आये वर पक्ष के लोगों के द्वारा खाने पीने के बाद घर पर ताबड़तोड़ हर्ष फायरिंग करने लगे। इस दौरान मस्जिद से नमाज पढ़कर लौट रहे दुल्हन के ताऊ शमशेर के पेट में गोली लग गयी, जो पेट को चीरती हुई पीठ से बाहर निकल गयी।

# मंडी परिषद की आय में हुई 16.17 प्रतिशत की वृद्धि

- किसानों की भलाई हेतु विभागीय योजनाओं को धरातल पर उतारने के दिए निर्देश
- मण्डियों में पारदर्शिता सुनिश्चित कर किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले: मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद में विभागीय अधिकारियों के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 के गतिमान कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मण्डियों में किसानों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए हर सम्भव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान अन्नदाता हैं, राज्य सरकार उनकी आमदनी बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति को अधिक मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में मंडी परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में गत वर्ष की अपेक्षा कुल आय में उल्लेखनीय वृद्धि की गई। उन्होंने बताया कि मंडी शुल्क की दर में कमी करने के बावजूद भी पिछले वर्ष 2023-24 की अपेक्षा इस वर्ष 2024-25 में कुल आय लगभग 278 करोड़ रुपये अधिक हुई है, जो कि पिछले वर्ष से 16.17 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1994.50 करोड़ रुपये की कुल आय हुई है, जो कि गत वर्ष की आय 1716.87 करोड़ रुपये थी। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 मंडी परिषद में यह उपलब्धि ई-मण्डी पोर्टल, ई-लाइसेंस आदि के लागू करने से प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रसंस्करण क्षेत्र में व्यापारियों को मंडी शुल्क एवं विकास सेस में लगभग 265 करोड़ की छूट प्रदान की गई है।उद्यान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मण्डियों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि मण्डियों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय एवं लोडिंग-अनलोडिंग की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने ई-मण्डी प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने बिचौलियों पर निगरानी रखने और सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से समन्वय बनाकर किसानों की भलाई हेतु योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए।

## नैमिषारण्य में जल्द शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

**लखनऊ।** गोमती नदी के तट पर बसी 88 हजार ऋषि-मुनियों की पावन तपोभूमि नैमिषारण्य को वैदिक सिटी के रूप में विकसित करने के साथ जल्द ही हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू होगी। नैमिषारण्य तीर्थ परिषद के गठन के पीछे योगी सरकार की मंशा इस तीर्थ स्थल के नियोजित विकास की रही है। इसके तहत नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र में नए घाट का निर्माण होगा। यह घाट राजघाट और दशाश्वमेध घाट के बीच होगा। पुराने घाटों का भी जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण होना है। इनमें से कई काम हो चुके हैं और कुछ पर काम जारी है। मुख्यमंत्री का मानना है कि जैसे अयोध्या में पर्यटकों व श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे नैमिषारण्य का भी आकर्षण बढ़ेगा। नैमिषारण्य शीघ्र ही प्रदेश की राजधानी और अन्य प्रमुख धार्मिक शहरों, खासकर अयोध्या व वाराणसी से हेलीकॉप्टर सेवा से जुड़ जाएगा। ठाकुरनगर रुद्रावर्त धाम मार्ग के किनारे नौ करोड़ रुपये की लागत से हेलीपोर्ट बनकर तैयार है।

# पुलिस के ‘बाज’ रखेंगे अपराधियों पर नजर, तैयार करेंगे डोजियर

- पुलिस कमिश्नर ने 51 ईगल मोबाइल का किया गठन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कमिश्नरेट में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने ‘ईगल मोबाइल’ का गठन किया है। नया दस्ता अपराधियों पर निगरानी रखेगा और साथ ही उनका डोजियर तैयार करेगा। ताकि पुलिस कमिश्नर को अपराधियों के हर दिन की हरकतों के बारे में जानकारी हो सके।

टीम डोजियर भरकर थाना प्रभारी के माध्यम से डीसीपी और पुलिस कमिश्नर तक रिपोर्ट भेजेगी। पुलिस कमिश्नर ने राजधानी में 51 ईगल दस्ते का गठन किया है। ईगल मोबाइल के पर्यवेक्षण के लिए डीसीपी अपराध को नोडल अधिकारी और सहायक पुलिस आयुक्त अपराध को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। जो लगातार दस्ते की रिपोर्ट तैयार कर प्रतिदिन पुलिस कमिश्नर को भेजेंगे।

पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने सोमवार को हर थाने के मुख्य आरक्षी व आरक्षी के नामों की सूची जारी की। जिनसे ‘ईगल मोबाइल’ आपराधिक सर्विलांस एंड मॉनिटरिंग टीम नाम दिया है। इस टीम के सदस्यों को थाने द्वारा दो पहिया वाहन उपलब्ध कराये जाएंगे। साथ में थानावार अपराधियों की सूची दी जाएगी। जिसमें हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय अपराधी, गिरोह, 10 साला अपराधी, जेल से छूटे अपराधियों के नाम शामिल होंगे।

पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी आदेश में साफ निर्देश है कि प्रत्येक टीम कम से कम 10 अपराधियों का डोजियर तैयार करना होगा। निर्देश के मुताबिक पूरे कमिश्नरेट में प्रत्येक दिन 510 अपराधियों का डोजियर तैयार किया जाएगा। वहीं, 1020 अपराधियों पर निगरानी रखनी है। इसकी रिपोर्ट तैयार करनी होगी। ईगल मोबाइल के रोज के कार्यों की निगरानी के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जा रहा है। टीम रोज अपने कार्य की डिटेल इसी पर पोस्ट करेगी।